आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* देवशयनी ग्यारस व्रत
* चातुर्मास प्रारंभ ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 190 | उज्जैन, शनिवार 25 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सऊदी से परमाणु समझौता करके 24 घंटे में पलटे ट्रम्प, नई शर्त जोड़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और सऊदी अरब के बीच करीब दो दशक से अटके परमाणु समझौते पर बुधवार को हस्ताक्षर हुए, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही यह डील अटक गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौते में नई शर्त जोड़ दी है। उन्होंने कहा कि डील तभी आगे बढ़ेगी, जब सऊदी अरब अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल होकर इजराइल से राजनयिक रिश्ते सामान्य करेगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि सऊदी अरब को यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) की अनुमति नहीं मिलेगी। वॉशिंगटन में हुए हस्ताक्षर समारोह में अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट शामिल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प इस बात से नाराज थे कि राइट ने उनकी मंजूरी के बिना समझौते की घोषणा कर दी। इसके बाद फॉक्स न्यूज और वॉल स्ट्रीट जर्नल में हुई आलोचना से उनकी नाराजगी और बढ़ गई।


### शेयर बाजार में आया भूचाल, मिनटों में स्वाहा हुए निवेशकों के 4 लाख करोड़

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार की सुबह भारी तबाही लेकर आई, जहां बिकवाली के जबर्दस्त तूफान ने दलाल स्ट्रीट को पूरी तरह हिलाकर रख दिया। लाल निशान के साथ खुले बाजार में निवेशकों के बीच हड़कंप मच गया और देखते ही देखते चंद मिनटों में निवेशकों के अरबों रुपये डूब गए। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बिकवाली का यह दबाव केवल बड़ी कंपनियों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी हाहाकार देखने को मिला। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 800 अंक से अधिक यानी लगभग 1 फीसदी टूटकर 75,535 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया।

### चांदी 2,924 रुपये सस्ती 2.19 लाख किग्रा पर आई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 24 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 2,924 रुपए घटकर 2.19 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,848 रुपए गिरकर 1.42 लाख रुपए पर आ गया है। एक दिन पहले चांदी 2.22 लाख रुपए और सोना 1.44 लाख रुपए पर था। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 34,000 रुपए सस्ता हो चुका है।

### खेसारी लाल यादव पर भड़कीं मलाइका अरोड़ा



**मुंबई।** एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हाल ही में भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव पर भड़क गई हैं। इतना ही नहीं एक्ट्रेस उन्हें पहचान भी नहीं सकीं और उनके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए। दरअसल, हाल ही में खेसारी लाल यादव एक इवेंट का हिस्सा बने थे। जैसे ही वो पोज देने के लिए कैमरामैन के सामने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि जिस जगह बैकग्राउंड बैनर लगा है, ठीक उसी जगह एक आवारा कुत्ता बैठा है। खेसारी लाल यादव ने खुद तो कुत्ते को छुआ तक नहीं, लेकिन वहां मौजूद टीम ने उस कुत्ते को बेरहमी से घसीटते हुए वहां से अलग कर दिया। खेसारी लाल यादव शांत खड़े देखते रहे और कुत्ते को हटाए जाने के बाद उन्होंने वहां पोज दिए। इवेंट का वीडियो सामने आने के बाद मलाइका भड़क गईं। मलाइका ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से खेसारी लाल यादव का वो वीडियो शेयर कर भड़कते हुए लिखा है, ये लोग हैं कौन और ये आदमी कौन है, जो खड़ा होकर पोज दे रहा है। वाहियात। इतना ही नहीं ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से वीडियो री-शेयर करने के अलावा मलाइका अरोड़ा ने शेयर किए गए वीडियो पर भी दो कमेंट किए। पहले कमेंट में मलाइका ने लिखा, वाहियात और दूसरे कमेंट में उन्होंने लिखा, ह्ये बेवकूफ कौन है, क्या इसके लिए पोज देना इतना जरूरी था।

### झटपट खबरें

- **संसद में 'वंदे मातरम्' विधेयक पेश-** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में 'वंदे मातरम्' से जुड़ा विधेयक पेश किया। विपक्ष ने इस पर चर्चा की मांग की।
- **दिल्ली के कई मेट्रो स्टेशन एहतियातन बंद-** प्रदर्शन के मद्देनजर सुरक्षा कारणों से कुछ मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश और इंटरचेंज सेवाएं अस्थायी रूप से प्रभावित रहीं।
- **कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारियां तेज-** केंद्र और संबंधित एजेंसियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारियों की समीक्षा की।
- **मानसून सक्रिय, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट-** मौसम विभाग ने उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के कई राज्यों में अगले 24 घंटे के लिए भारी वर्षा की चेतावनी जारी की।
- **झारखंड में पुलिस और गैंग के बीच मुठभेड़-** झारखंड में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़ हुई। एक बदमाश घायल हुआ और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
- **देशभर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर-** प्रमुख शहरों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

पेपर लीक संशोधन बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

## 10 साल की सजा, 10 करोड़ जुर्माना

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

नीट पेपर लीक के प्रदर्शन के बीच कैबिनेट बैठक ने पेपर लीक संशोधन बिल को मंजूरी दे दी। कैबिनेट बैठक में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 को और सख्त बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी गई। सरकार अगले सप्ताह में मानसून सत्र के दौरान इस संशोधित विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी में है। इस बिल में पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कड़े प्रावधान होंगे। बिल में पेपर लीक के मामलों में 10 की सजा और 10 करोड़ के जुर्माना का प्रावधान होगा।

पेपर लीक विवाद और प्रदर्शन के बीच पीएम मोदी ने गुरुवार आधी रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश जारी किया था। पीएम मोदी ने 2.56 मिनट का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया।

पीएम ने कहा, पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। यह लाखों छात्रों और उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसलिए पेपर लीक रोकने के लिए



पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए हैं। गुनहगारों को पकड़ा है, वे जेल में हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी थी कि छात्रों का साल बर्बाद न हो। इसलिए कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई को रिजल्ट भी आ गया।

वहीं यह भी एलान किया था कि पेपर लीक रोकने के लिए अगले हफ्ते संसद में नया बिल पेश किया जाएगा। इसे जल्द से जल्द पास कराने की कोशिश की जाएगी। साथ ही उन्होंने इससे पहले एलान किया था कि पेपर लीक केस के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे।

### सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 27वें दिन खत्म, नड्डा ने जूस पिलाया

नीट पेपर लीक के खिलाफ 27 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक ने गुरुवार देर रात अपना अनशन खत्म कर दिया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचे, जहां नड्डा ने वांगचुक को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। वांगचुक ने शुक्रवार सुबह जारी वीडियो संदेश में कहा कि पिछले दो दिन से सरकार के साथ उनकी लगातार बातचीत चल रही थी। इस दौरान उनकी तीन प्रमुख मांगों पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से इन मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद उन्होंने भूख हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया।



शिक्षा मंत्री की वजह से हजारों लोग सड़क पर

## धर्मेंद्र प्रधान क्रिमिनल शिक्षा मंत्री

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने आवास 10 जनपथ पर छात्रों के प्रदर्शन में घायल एक स्टूडेंट के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा, धर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। वे हमारे एजुकेशन सिस्टम के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग सड़कों पर हैं। उन्होंने छात्र के हाथ, पीठ और छाती में लगे घाव को दिखाया। राहुल ने कहा, 'मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था।

20 जुलाई को नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी ने संसद मार्च निकाला था। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़प में 100 से ज्यादा छात्र और पुलिसकर्मी घायल हुए थे। साहिल इनमें से एक है।



### साहिल की रोशनी लौटने की सिर्फ 1% संभावना

- राहुल ने जिस छात्र की चोट दिखाई। उसका नाम साहिल लोचाब है। वह 19 साल का है और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ का रहने वाला है। 20 जुलाई को जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस की पैलेट गन से इनकी दाहिनी आंख की रोशनी चली गई थी। एम्स के जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सर्जरी हुई है।
- परिवार के मुताबिक, डॉक्टरों ने बताया है कि घायल आंख की रोशनी लौटने की सिर्फ 1% संभावना है, क्योंकि आंख की पुतली को गंभीर नुकसान पहुंचा है।
- साहिल दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के छात्र हैं। उनकी मां ज्योति ने बताया, वह पहले भी सीजेपी के प्रदर्शन में गया था। सोमवार को भी यह कहकर गया कि यह उसके लिए जरूरी है और उसकी पढ़ाई से जुड़ा मुद्दा है। वह हमेशा पुलिस अधिकारी बनना चाहता था।

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बड़ा सड़क हादसा

## पहाड़ी गिरने से टैक्सी दबी, 13 लोगों की मौत

**एजेंसी ▸▸ पांगी**

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। उदयपुर-किलाड़ सड़क मार्ग पर कडू नाला के पास अचानक पहाड़ी दरकने से कुल्लू से पांगी जा रही एक टैक्सी टाटा सूमो मलबे में दब गई। हादसे में कुल 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक लाहौल स्पीति शिवानी मेहला ने इसकी पुष्टि की है। हादसे की सूचना मिलते ही तिंदी पुलिस, स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मौके के लिए रवाना हो गए। राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।



**सड़क खुलते ही रवाना हुए थे यात्री-** जानकारी के अनुसार उदयपुर-किलाड़ सड़क मार्ग एक दिन पहले भूस्खलन के कारण बंद था। इसी वजह से टैक्सी में सवार सभी यात्री तिंदी में रुके हुए थे। शुक्रवार को सड़क बहाल होने के बाद वाहन पांगी की ओर रवाना हुआ, लेकिन कडू नाला के पास अचानक पहाड़ी का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और टैक्सी उसकी चपेट में आ गई।

- **एक घायल को निकाला गया, बाकी की तलाश जारी-** बचाव दल ने मलबे से एक व्यक्ति को घायल अवस्था में बाहर निकाला। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन ने फिलहाल घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही यात्रियों की संख्या और हताहतों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाएगी।
- **सीएम सुक्खू ने हादसे पर जताया शोक-** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति जिला के कडूनाला में एक सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए।

भारी बारिश से मुंबई रेल मार्ग प्रभावित

## रतलाम रेल मंडल ने कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम**

मुंबई रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले घोलवड़-उमरगाम रोड रेलखंड में भारी बारिश की वजह से जल भराव की स्थिति बनी हुई है। इस वजह से रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। रेल परिचालन में आई इस बाधा का असर रतलाम रेल मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों पर देखने को मिल रहा है।

रतलाम रेल मंडल की ओर से कुछ ट्रेनों को प्रारंभिक स्टेशनों से रद्द कर दिया गया है जबकि कुछ ऐसी है जिन्हें शॉर्ट टर्मिनेटर और शॉर्ट ओरिजिनेट कर दिया गया है। अगर आप भी इस रास्ते से यात्रा की योजना बना रहे हैं तो जान लीजिए कि किन ट्रेनों को रद्द किया गया है। मंडल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक घोलवड़-उमरगाम रिफंड के बीच स्थित ब्रिज नंबर 203 पर जरा स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इसी के चलते सुरक्षा कारण को देखते हुए इस क्षेत्र पर रेल परिचालन अस्थाई रूप से प्रभावित हुआ है। इससे दिल्ली मुंबई रेल मार्ग की कई ट्रेन प्रभावित हुई है।

यूपी में सीजेपी के समर्थन में वकील-छात्र सड़क पर उतरे

### सपा नेताओं की पुलिस से झड़प, दरोगा ने पिस्टल निकाली

**एजेंसी ▸▸ प्रयागराज**

नीट पेपर लीक और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ की मांग को लेकर शुक्रवार को यूपी में जगह-जगह प्रदर्शन हुए। प्रयागराज में वकीलों ने जुलूस निकाला। उन्होंने कहा, जिन पर लाठियां बरसाई गईं, वे हमारे बच्चे हैं। अब लड़ाई सड़कों पर होगी। अलीगढ़ में कलेक्ट्रेट के बाहर जमकर हंगामा हुआ। सपा नेता कलेक्ट्रेट के बाहर पीएम मोदी का पुतला फूंकने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। तभी सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक सतवीर सिंह ने पिस्टल निकाल ली। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर सरकारी काम में बाधा, पुलिस से अभद्रता और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल अभी लगभग दो साल बाकी थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों में उनके इस्तीफे की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया था। मीडिया की खबरों और स्वतंत्र खुलासों ने कैबिनेट सचिव नसीमुल गनी का नाम शीर्ष पद के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में सामने आ रहा है।

### पानी में बहीं गाड़ियां, असम में बाढ़ से 47 की मौत

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

देश के कई हिस्सें में भारी बारिश हो रही है। कई जगह बारिश के पानी में गाड़ियां बह गई है। असम के कई हिस्से बाढ़ के कारण अभी भी जलमग्न हैं। अधिकारियों ने बताया कि 11 जिले बाढ़ की चपेट में आए हैं। इससे 7.21 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, मरने वालों की संख्या 47 हो गई है।



#### बाढ़ का सबसे ज्यादा असर शिवसागर जिले में

अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ का सबसे गंभीर असर शिवसागर जिले में देखा गया है, जहां 3,75,682 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद चराइदेव में 1,86,351 और जोरहाट में 1,15,764 लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पुष्टि की कि अब तक बाढ़ के कारण 47 लोगों की मौत हुई है। शिवसागर में 4, जबकि चराइदेव जिले में दो लोग बाढ़ की चपेट में आए। बाढ़ की ताजा रिपोर्ट में किसी के लापता होने की सूचना नहीं है।

### जगन्नाथ रथ हाईटेंशन लाइन से टकराया, एक युवक की मौत

**एजेंसी ▸▸ मेरठ**

मेरठ में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान करंट लगने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई। हादसे में 11 लोग झुलस गए। बारिश के बीच निकाली जा रही यात्रा में रथ ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। परीक्षितगढ़ में ये रथयात्रा हर साल की तरह इस बार भी निकाली जा रही थी। करीब 2 हजार श्रद्धालु थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर चीख-पुकार मच गई। भगदड़ जैसे हालात बन गए।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से शव के चीथड़े उड़े

**एजेंसी ▸▸ सहारनपुर**

सहारनपुर में शुक्रवार शाम एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लापता हैं। एक युवक की लाश फैक्ट्री से करीब 500 मीटर दूर खेत किनारे मिली। उसके चीथड़े उड़ गए थे। सिर, एक हाथ और दोनों पैर गायब मिले। मौतों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गईं।

आंदोलन के लिए कैसी अनुमति, सरकार हमारे खाने-रुकने का इंतजाम करे

## योगी के पास एक लाख गाय लेकर पहुंचेंगे शंकराचार्य

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने शुक्रवार को लखनऊ में गो-संरक्षण आंदोलन के अगले चरण का ऐलान किया। उन्होंने गौ गर्जना अक्षौहिणी संकल्प सभा में कहा कि देश के गांव-गांव तक गोमाता के लिए आंदोलन चलेगा। यूपी के एक लाख सात हजार गांवों से गोमाता लखनऊ लाएंगे। उन्हें सीएम योगी से मिलाएंगे।

इस बार आंदोलन के लिए सरकार से अनुमति नहीं मांगेंगे। 17 अगस्त से आंदोलन शुरू होगा। 17 नवंबर को बड़ी संख्या में लोग लखनऊ में जुटेंगे। यहां 11 दिन रहेंगे। उसके बाद दिल्ली कूच करेंगे। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- हमारे आंदोलन के लिए सरकार को मैदान और भोजन की व्यवस्था करनी चाहिए।



बीते 11 मार्च को लखनऊ में आयोजित 'शंखनाद सभा' के दौरान 24 जुलाई को बड़े कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। आयोजन समिति का कहना है कि औपचारिकताएं 3 जुलाई को पूरी कर ली गई थीं। जब 36 घंटे पहले तक अनुमति नहीं मिली तो समर्थकों से गौ गर्जना अक्षौहिणी संकल्प सभा को विधानसक्षा क्षेत्र स्तर पर करने के लिए कहा गया।

### छत्तीसगढ़ में सम्मेलन और प्रशिक्षण शिविर लगेगा

अविमुक्तेश्वरानंद ने बताया कि 14 से 17 अगस्त (श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया से पंचमी) तक छत्तीसगढ़ में प्रतिनिधियों का सम्मेलन और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 17 अगस्त से प्रदेश और देशभर में 'एक नोट अभियान' शुरू किया जाएगा। इसके तहत हर व्यक्ति से आंदोलन के लिए एक नोट का सहयोग देने की अपील की जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 'गो माता के नाम कांवड़ यात्रा' निकालने का अभियान भी शुरू किया जाएगा, ताकि गो-संरक्षण के प्रति लोगों को जोड़ा जा सके। शंकराचार्य ने कहा कि शारदीय नवरात्र के दौरान काशी में 11 दिवसीय गौ प्रतिष्ठा यज्ञ आयोजित होगा। इसमें लाखों लोगों के शामिल होने का दावा किया गया।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

## आखिर खुदाई से मुक्ति कब मिलेगी

पिछले करीब 8 वर्षों से शहर में गंदे पानी की निकासी के लिए व्यवस्था की जा रही है। गली से लेकर मुख्य मार्ग तक खोद दिए गए हैं और बराबर खोदे जा रहे हैं। हालत यह है कि खुदाई का काम खत्म ही नहीं हो रहा है। कई स्थानों पर तो एक की बजाय दो-दो बार खुदाई की जा रही है। पूर्व में हुई खुदाई के बाद फिर एक रिपेयरिंग सड़क पर की जा रही है। रहवासी क्षेत्रों में जहां सालों पहले खुदाई की गई वहां अब भी पूरा गंदा पानी नालियों में बह रहा है। अब तक लाईन से उन्हें जोड़ने की स्थिति ही स्पष्ट नहीं हो सकी है। अधिकांश क्षेत्र के यही हाल हैं और काम अंतिम चरण में बताया जा रहा है। शहर के प्रमुख क्षेत्रों में ही वर्तमान में खुदाई की जा रही है जहां के बगैर लाईन सिवरेज स्थल के लिए ले जाना है। काम को अंतिम चरण में पिछले 3 सालों से बताया जा रहा है लेकिन काम है कि पूरा ही नहीं हो पा रहा है। अभी भी कहा जा रहा है कि मात्र कुछ फीसदी काम शेष है ऐसे में यह काम है कि पूरा ही नहीं हो रहा है। शहर की गली से लेकर मुख्य सडकों तक में थेगले लगाए गए हैं। अच्छी खासी बनी सड़कों पर रिपेयरिंग का थेगला मखमल में टाटा के पेबंद की तरह से नजर आ रहा है। जिस सडक पर जाओं बीच में रिपेयरिंग सांप की तरह से दिखाई देती है। अगर उस रिपेयरिंग के सांप पर राहगीर एवं वाहन चालक जरा सी भी असावधानी बरते तो कब और कहां गड्ढा आ जाएगा कोई नहीं बता सकता है। कहां रिपेयरिंग सड़क के धरातल से अंदर धंस गई है इसे भी पुख्ता तौर पर नहीं कहा जा सकता है। कहां पर चेंबर ऊंचा है और सड़क नीची और कहां पर चेंबर नीचा और सडक उंची कहा नहीं जा सकता है। आधी सड़कों की हालत तो इसी कारण से खराब पड़ी है। यहां तक की रिपेयरिंग में बराबर मटेरियल की भरपाई भी नहीं की जा रही है और न ही मटेरियल को पर्याप्त तौर पर दबाया भी नहीं जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि पिछले 8 सालों से लगातार काम के बावजूद शहर के मुख्य क्षेत्रों में अब जाकर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। असल में कंपनी ने पेटी कांटेक्ट में जो काम दिया था उसमें ठेकेदारों से जितना काम हुआ किया और माल लेकर निकल लिए। कंपनी भरोसे में रही काम बाकी रहे। धीरे-धीरे अब समस्याओं की स्थिति सामने आ रही है जब लाइनों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। पिछले वर्षों में कंपनी के भी कई यंत्री फुर्र हो गए इससे समस्या और बढ़ गई। अभी भी कई सारी स्थितियों को लेकर समस्या ही समस्या है। कंपनी के चेंबर की सफाई के दौरान ही हाल ही में एक हादसा हुआ है। जब इतनी कम समयावधि में ही इस लाईन के ये हाल हो गए हैं जिसमें तो अभी पुरा शहर जुड़ा ही नहीं है। पूरा शहर जब जुड़ेगा तो क्या होगा और उस स्थिति में कैसे हाल होंगे। वैसे अभी तो आमजन में यही खुसूर-फुसूर है कि आखिर खुदाई का यह काम कब और किस मुहूर्त में पूर्ण होगा और आखिर इसे किस नखेतरी मुहूर्त में शुरु किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

- नया उदासीन अखाड़े के मकान पर कब्जा, मंगलदास के खिलाफ उज्जैन कलेक्टर से होगी शिकायत।
- छात्रों के आंदोलन पर राजनीतिक रोटियां सेंक रहा समूचा विपक्ष, भाजपा विक्रमादित्य मंडल उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने कांग्रेस और सपा पर साधा निशाना
- माधव साइंस कॉलेज में 30 जुलाई को होंगी आठ प्रतियोगिताएं, युवाओं के पास राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का मौका, 27 तक करें ऑनलाइन आवेदन
- 28 जुलाई से चातुर्मास आराधना, 27 को साध्वी वृंद का होगा मंगल प्रवेश, महाराष्ट्र समाज धर्मशाला से निकलेगा सामैया, रंगमहल धर्मशाला में होगी धर्मसभा
- दत्त अखाड़े में पीर महंत राम गिरि जी की पुण्यतिथि पर पूजन व संत भंडारा, वार्षिक पूजन, आरती एवं संत भंडारे का आयोजन किया गया।
- 25 जुलाई से शुरू होगा एआरओआई का दो दिवसीय सम्मेलन, 200 से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल

## ट्रेंडिंग

### इसी उंगली से बटन दबाया था




### उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक दो किलोमीटर का बनना है

# सालों बीते रोप-वे के गड्ढे भी भरने लगे

### निर्माण के लिए 209 करोड़ रुपये सरकार ने मंजूर किए हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



केन्द्र सरकार ने उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक ट्राम टाईप रोप-वे के लिए 209 करोड़ रूपए मंजूर किए थे। इसका ठेका भी हो चुका था। काम की शुरूआत में इसके लिए गड्ढे किए गए और बाद में पूरा काम डंप हो गया। अब हाल यह हैं कि रेलवे क्षेत्र में किए गए गड्ढे एक बार फिर से भरने लगे हैं और दुर्घटना का कारण भी बने हैं। हाल ही में एक मजदूर के बच्चे की इसके गड्ढे में गिरकर मौत हुई थी।

रोप-वे का निर्माण दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। खास यह कि रोप-वे से श्रद्धालु रेलवे स्टेशन से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक का पौने दो किमी का सफर 7 मिनट में तय करने की प्रारंभिक जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने साक्षा की थी। इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई जो चिटी की चाल पकडे हुए हैं। रोपवे स्टेशन में लोगों के लिए फूड जोन, वेटिंग एरिया, शौचालय के साथ-साथ बस और कार पार्किंग की भी सुविधा होगी।

### नोटिस के बाद काम चला फिर बंद हुआ

कुछ माह पूर्व काम को लेकर एक नोटिस आया था कि समय अवधि में आप काम कर नहीं पा रहे हो तो इस काम को कैंसिल कर दिया जाएगा और इसके बाद काम रुक गया था। जैसे-तैसे काम शुरू हुआ तो एक बार फिर से पिछले माहों से रूका पड़ा है।

### सिंहस्थ तक हो पायेगा पूरा या नहीं शंका में

रोप-वे का फायदा सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को मिल सके इसके चलते यह योजना लाई गई थी। यह योजना अभी तो शंका कुशंकाओं में घिरी हुई है कि आने वाले डेढ़ साल में रोप-वे शुरू भी हो सकेगा या नहीं। अभी तो रोप-वे के प्रारंभिक निर्माण में ही बाधा बनी हुई है।

### कर्मचारी संघों के साथ बैठक में विभिन्न मांगों पर बनी सहमति

# डाईंग केडर के पदों पर भी पदोन्नति की कार्यवाही की जावे - आयुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मेला कार्यालय स्थित स्मार्ट सिटी बैठक कक्ष में कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के साथ आयुक्त ने बैठक लेकर कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मांगों पर सहमति बनी और संबंधित अधिकारियों को मांगों का निराकरण किये जाने के निर्देश भी दिये।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कर्मचारियों से संबंधित बिन्दुओं का मांग-पत्र आयुक्त अभिलाष मिश्रा को प्रेषित किया। कोरट ने कहा कि पदोन्नति से संबंधित कार्यवाही में श्रमिकों को पदोन्नत नहीं किया गया है जबकि अन्य नगर निगमों में श्रमिकों को पदोन्नत करने की कार्यवाही की गई है इसके अतिरिक्त सहायक उपयंत्री, सर्वेयर, सहायक वायरमेन सहित अन्य पदों पर भी कर्मचारियों को पदोन्नत नहीं किया गया। इस पर आयुक्त मिश्रा ने स्थापना अधिकारियों को निर्देशित किया कि डाईंग केडर के पदों पर भी पदोन्नति की कार्यवाही की जावे। जिन कर्मचारियों को पदोन्नति के लाभ से वंचित रखा गया है उन पर भी पदोन्नति समिति में विचार किया जावे। अन्य बिन्दुओं में आयुक्त ने निर्देशित किया कि कर्मचारियों के जांच के प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण किया जावे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की 10 प्रतिशत राशि रोकी जाती है लेकिन 4-5 वर्ष बीत जाने के बाद भी पेंशन विभाग द्वारा फाइलों का निराकरण नहीं कराया जाता है। इस पर आयुक्त ने निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की 10 प्रतिशत राशि की फाइलों का निराकरण सेवानिवृत्ति के पश्चात 6 माह में ही कर दिया जावे और जिन फाइलों को 4-5 वर्ष हो चुके हैं, उन्हें तुरंत निराकृत किया जावे। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों से अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जावे। सफाई कर्मचारियों की बस्ती में स्थित मांगलिक भवनों के मरम्मत, रख-रखाव अन्य सुविधाओं के लिये झोन स्तर पर कर्मचारी नियुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये।



बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ ही तीनों कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सर्वश्री डॉ. पवन व्यास, चंदगीराम टांकले, रमेशचंद्र निगम, रमेशचंद्र रघुवंशी, अजयप्रकाश मेहता, मनसुख मेहरवाल, संदीप कलोसिया, शैलेष नागर, संतोष शर्मा, सुरेन्द्र सारवान, कमलेश चावरे उपस्थित रहे।

### सुविधाओं की नई सौगात के साथ

## 47 करोड़ की लागत से निर्मित प्रतिकल्पा सपनों का आशियाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा पहली बार शहर के मध्य में नानाखेड़ा बसस्टैंड के सामने एक सर्वसुविधायुक्त वाणिज्यिक एवं आवासीय कॉम्पलेक्स प्रतिकल्पा का निर्माण कार्य किया गया है यह काम्पलेक्स शापिंग मॉल की तर्ज पर निर्मित किया गया है।

काम्पलेक्स का कुल निर्मित क्षेत्रफल 150000 वर्गफीट है, जिसके भूतल पर 9 बड़ी व्यावसायिक दुकानें, प्रथम तल पर 11 दुकानें निर्मित की गई जो पूर्ण रूप से वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध रहेगी साथ ही द्वितीय तल से सातवें तल तक 29 (3बीएचके) एवं 24 (2बीएचके) निर्मित किये गये साथ ही कॉम्पलेक्स में कुल 6 सर्वसुविधायुक्त लिफ्ट भी लगाई है एवं 2 लोअर बेसमेंट भी निर्मित किये गये है जिसमें लगभग 80 कार पार्किंग की व्यवस्था है । इस कार्य की लागत रू. 47.00 करोड़ है। कॉम्पलेक्स का मुख्य आकर्षण 3 साल तक कोई संधारण चार्ज



नही होना साथ ही पूर्णतः वातानुकूलित परिसर तथा लोअर बेसमेंट एवं ग्रांउड फ्लोअर पर विशाल पार्किंग एवं 6 हाईस्पीट लिफ्ट और आवासीय एवं वाणिज्यिक परिसर हेतु 3 अलग अलग सीढ़ियों की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही पुरूषों, महिलओं एवं दिव्यांगों हेतु अलग अलग आधुनिक शौचालयों का निर्माण भी किया गया है। उक्त परिसर में 68 विभिन्न आकार वर्ग एवं श्रेणी की आवासीय एवं वाणिज्यिक सम्पत्तियों की ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है क्रय व्यक्ति करने के लिए इच्छुक वेबसाइट पर जाकर आवेदन फार्म भर सकते हैं। आनलाईन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 08 अगस्त है।

## श्री बांके बिहारी मंदिर में देवशयनी एकादशी पर होंगे कीर्तन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को देवशयनी एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन से भगवान श्री हरि अगले चार माह के लिए योग निद्रा में प्रवेश करेंगे।

मंगलनाथ मार्ग अंकपात स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर पर एकादशी पर शनिवार सुबह भगवान का विशेष श्रृंगार होगा। व्यवस्थापक पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर भगवान शालिगराम के पूजन का विशेष फल बताया गया है। पूजन-अभिषेक और आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। दिन में भजनों का आयोजन होगा।

## सावन में रविवार को खुलेंगे स्कूल सोमवार को रहेगी छुट्टी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान महाकाल की सावन सवारी के दौरान शहर में उमड़ने वाली भारी भीड़ और यातायात जाम को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के संचालन में बदलाव करने का निर्णय लिया है। 3 अगस्त से 31 अगस्त तक उज्जैन शहर के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में सोमवार को अवकाश रहेगा, जबकि उसकी भरपाई के लिए रविवार को नियमित कक्षाएं लगेंगी। सावन माह की शुरूआत 30 जुलाई से हो रही है। इस वर्ष भगवान महाकाल की कुल छह सवारियां निकाली जाएंगी। इनमें सावन माह में चार सवारियां 3, 10, 17 और 24 अगस्त को निकलेंगी। इसके बाद भादौ माह में 31 अगस्त को पांचवीं सवारी और 7 सितंबर को राजसी (शाही) सवारी निकाली जाएगी।

### भगवान महाकाल की शरण में पहुंचे पूर्व क्रिकेटर

## अनुरीत सिंह ने जूना महाकाल में किया अभिषेक-पूजन

### युवा खिलाड़ियों के बारे में बोले— मेहनत करते रहिए, सफलता का मार्ग जरूर खुलेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी अनुरीत सिंह ने शुक्रवार को परिवार सहित उज्जैन पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। दर्शन के पश्चात वे जूना महाकाल मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से अनुष्ठान एवं अभिषेक किया। जूना महाकाल में पंडित आकाश रावल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनकी पूजा-अर्चना संपन्न कराई।

महाकाल दर्शन के बाद दैनिक अवंतिका से विशेष बातचीत में अनुरीत सिंह ने कहा कि उज्जैन आकर उन्हें आध्यात्मिक शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने बताया कि भगवान महाकाल के दर्शन उनके लिए अत्यंत सुखद और अविस्मरणीय रहे। तथा परिवार के साथ यह धार्मिक यात्रा उनके लिए विशेष महत्व रखती है। अनुरीत सिंह ने युवा खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने कहा, सभी खिलाड़ी लगातार मेहनत करते रहें। चाहे क्रिकेट हो या कोई अन्य खेल, समर्पण और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को जीवन में एक बार बाबा महाकाल के दर्शन अवश्य करने चाहिए। उनके अनुसार, महाकाल का आशीर्वाद मिलने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।



गौरतलब है कि अनुरीत सिंह वर्ष 2014 में आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब हिस्सा रहे हैं। इसके बाद वर्ष 2018 में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स की ओर से भी आईपीएल में खेला। उज्जैन प्रवास के दौरान उनका धार्मिक आस्था के प्रति समर्पण भी देखने को मिला।


### पालनकर्ता भगवान विष्णु 4 महीनों के लिए क्षीरसागर में योग निद्रा में

# किसी भी तरह के मांगलिक कार्य नहीं होंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

25 जुलाई 2026 के आखिरी सप्ताह में चातुर्मास की शुरूआत होने जा रही है, इसके बाद आगे आने वाले 4 महीने की लंबी अवधि के दौरान किसी भी तरह के मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि जगत के पालनकर्ता भगवान विष्णु 4 महीनों के लिए क्षीरसागर में योग निद्रा में चले जाते हैं। इस दौरान पृथ्वी का संपूर्ण कार्यभार महादेव संभालते हैं।

एस्ट्रोपत्री के ज्योतिषी चंद्रेश शर्मा के अनुसार, शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी इस साल 25 जुलाई, 2026 शनिवार के दिन है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी तक भगवान विष्णु आने वाले 4 महीने के लिए क्षीर सागर में योग निद्रा के लिए चले जाते हैं।



### वैज्ञानिक नजरिए से भी क्यों खास है देवशयनी एकादशी?

धार्मिक कथाओं के साथ-साथ इस समय का एक बहुत बड़ा मौसमी महत्व भी बताया गया है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह वर्षा ऋतु का समय होता है, जब वातावरण में नमी बढ़ने के कारण कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं। इस मौसम में शरीर की पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए इन चार महीनों में व्रत रखने और बेहद संयमित जीवन जीने की सलाह दी जाती है ताकि स्वास्थ्य ठीक रहे।

- देवशयनी एकादशी केवल भगवान के सोने का दिन नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और मनुष्य को विश्राम और आत्ममंथन का संदेश देती है। जब जगत के स्वामी ठहरते हैं, तो हमें भी अपनी भागदौड़ रोककर भक्ति में लीन होना चाहिए।
- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस विशेष तिथि का संबंध भगवान विष्णु के एक महान युद्ध और उसके बाद विश्राम की कथा से भी जुड़ा है। माना जाता है कि, भगवान विष्णु शंखासुर नामक दैत्य का वध करने के बाद थककर चार महीने के लिए क्षीरसागर में सो जाते हैं।
- भगवान के इस शयन काल को ही देवशयनी एकादशी कहा जाता है, जिसके बाद से पूरे चार महीनों के लिए सृष्टि के संचालन की गति बदल जाती है और सांसारिक कार्यों पर विराम लग जाता है।

## आज रखा जाएगा देवशयनी एकादशी व्रत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एकादशी तिथि को भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए शुभ मानी जाती है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विधिपूर्वक व्रत भी किया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर देवशयनी एकादशी मनाई जाती है।

वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 24 जुलाई को सुबह 9.12 मिनट पर हो गई है। वहीं, इस तिथि का समापन 25 जुलाई को सुबह 11.34 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, इस बार देवशयनी एकादशी 25 जुलाई को मनाई जाएगी। एकादशी व्रत का पारण द्वादशी तिथि पर किया जाता है। देवशयनी एकादशी व्रत का पारण 26 जुलाई को किया जाएगा।

### देवशयनी एकादशी पूजा विधि

देवशयनी एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। पीले वस्त्र धारण कर सूर्य को अर्घ्य दें। इसके बाद मंदिर की सफाई करें और गंगाजल का छिड़काव कर शुद्ध करें। चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की प्रतिमा को विराजमान करें। पीले फूल अर्पित करें। देसी घी का दीपक जलाकर आरती करें। सच्चे मन से व्रत कथा का पाठ करें। विष्णु चालीसा और मंत्रों का जप करें। फल और मिठाई का भोग लगाएं। आखिरी में लोगों में प्रसाद बाटें।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 25 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### भरत पटवारी को पुलिस का समन, पूछताछ के लिए किया तलब

**इंदौर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई भरत पटवारी को राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। ड्रग्स नेटवर्क की जांच के दौरान सामने आए वित्तीय और कारोबारी संबंधों की कड़ियां खंगाली जा रही हैं। इसी सिलसिले में भरत पटवारी से पूछताछ की जाएगी। जांच एजेंसियों के मुताबिक, पहले जीतू पटवारी के दूसरे भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी से भी पूछताछ की जा चुकी है। अब पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ड्रग्स प्रकरण से जुड़े लोगों और रियल एस्टेट कारोबार के बीच किसी प्रकार का वित्तीय या व्यावसायिक संबंध था या नहीं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भरत पटवारी को आरोपी नहीं बनाया गया है।

### सर्वश्रेष्ठ पुलिस बनाने के संकल्प की दिशा में उठाए गए ठोस कदम

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीन दिवस पहले पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए थे कि रिक्त पदों की पूर्ति का कार्य अविलंब किया जाए। उन्होंने हाल ही में राज्य सरकार के पदोन्नति के अभियान में सर्वाधिक लगभग 25 हजार पदों पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए थे कि आगामी महीनों में भी रिक्त पदों की पूर्ति और पदोन्नति की प्रक्रिया जारी रखी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशों के तारतम्य में गृह विभाग ने विभिन्न श्रेणी के 9 हजार 662 पदों की स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नति की प्रक्रिया भविष्य में भी निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदोन्नति से शेष अधिकारियों, कर्मचारियों को चक्रीय क्रम में पदोन्नत करने के आदेश भी सितंबर माह में जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### चंद्रशेखर उद्यान से निकाली आजाद प्रेरणा मशाल यात्रा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली, आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर पहुंचे। उन्होंने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर उनकी पावन जन्मजयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का त्याग, अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्श नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, आत्मसम्मान और देशभक्ति का संदेश देते रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चंद्रशेखर उद्यान से 'आजाद प्रेरणा मशाल यात्रा' का शुभारंभ किया। मशाल यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ड्रग तस्करी एवं मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इंदौर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने लगभग 70 करोड़ रुपये मूल्य के मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग तस्करी एवं मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में वेद प्रकाश व्यास, दिनेश अग्रवाल और अक्षय अग्रवाल शामिल हैं। ईडी ने इन्हें विगत 21 जुलाई 2026 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच के दौरान गिरफ्तार किया। जांच अपराध शाखा इंदौर द्वारा नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई। मामला लगभग 70 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) के अवैध कब्जे और तस्करी से संबंधित है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 70 करोड़ रुपये बताई गई है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने मादक पदार्थों की अवैध तस्करी से अर्जित धन को कई व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक बैंक खातों के माध्यम से विभिन्न वित्तीय लेनदेन में उपयोग किया। वित्तीय जांच में बड़े पैमाने पर नकद लेनदेन, धन के प्लेसमेंट, लेयरिंग तथा अपराध से अर्जित आय को छिपाने के संकेत मिले हैं। जांच के दौरान दर्ज बयानों से आरोपियों की नियमित व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ मादक पदार्थों की आपूर्ति और तस्करी में संलिप्तता के भी संकेत मिले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

- केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में आंदोलन खत्म हो गया है, अमित भटनागर ने 18 दिन बाद आमरण अनशन समाप्त किया।
- श्योपुर, रतलाम समेत 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी हुआ है और करीब 50 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।
- दतिया उपचुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है, कांग्रेस और भाजपा दोनों ने तैयारियां बढ़ा दी हैं।
- इंदौर में एक चर्चित हत्या मामले में पुलिस जांच तेज कर दी गई है। ट्विशा शर्मा मौत मामले में सीबीआई कोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई।
- उज्जैन में सावन मास के चलते महाकाल मंदिर में दर्शन व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खास इंतजाम किए गए हैं।
- भोपाल में दो पुलिसकर्मियों पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगा है और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।
- प्रदेश में बारिश का दौर भी जारी रहने की संभावना है, जिससे जलभराव और ट्रैफिक पर नजर रखने के निर्देश हैं।

स्व. श्री गोवर्धनलाल जी मेहता को 111 वीं जयंती पर कल 'रक्तांजलि', वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार संस्था का मेगा रक्तदान शिविर


# रक्तदान से हार्टअटैक, ब्रेनहेमरेज व कैंसर जैसी बीमारी से होता है बचाव

## कासमास माल में रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे होगा स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक अवंतिका अपने पितृपुरुष परमश्रद्धेय 'दा साब' पं. गोवर्धनलाल मेहता की 111वीं जयंती के पावन अवसर पर 'रक्तांजलि' का आयोजन किया जा रहा है। कासमास माल में 26 जुलाई (रविवार) प्रातः 11 बजे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ एवं उज्जयिनी रक्त संचार संस्था जनसेवा का मानवसेवा का यह अनूठा आयोजन करने जा रहा है।

दैनिक अवंतिका के संपादक संदीप मेहता ने बताया कि वर्तमान समय में बढती दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, थैलेसीमिया तथा अन्य आपात परिस्थितियों में समय में रक्त की आवश्यकता पडना सामान्य बात हो चली है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता को लेकर अक्सर लोगों को परेशान होते देखा गया है। इन सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए रक्तदान के प्रति आमजन को अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य को साथ लेकर रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



### रक्तदान से बहुत सी बिमारियों में लाभ-

नियमित रूप से रक्तदान करने से हृदय संबंधी जोखिम कारकों को कम किया जा सकता है। नियमित रक्तदान से रक्त की चिपचिपाहट कम होती है, जिससे रक्त के थक्के जमने, दिल का दौरा पड़ने या स्ट्रोक होने की संभावना कम हो जाती है।उज्जयिनी रक्त संचार समिति की और से बताया गया कि रक्त दान से हार्टअटैक, ब्रेन हेमरेज, एवं कैंसर जैसी घातक बिमारी से भी बचाव होता है। रक्तदाता का एचबी संतुलित रहता है। लीवर पर अतिरिक्त आयरन जमा नहीं होता है। रक्तदाता की रक्त नलिकाओं में थक्का जमने की संभावना नगण्य हो जाती है। दुर्घटना की स्थिति में नियमित रक्तदाता का सामान्य व्यक्ति की तुलना में रक्तस्त्राव कम दबाव से होता है ।

### इन्होंने की रक्तदान की अपील

उज्जयिनी रक्त संचार समिति की ओर से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा एवं रितेश बोरिया तथा वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की ओर से अभिलाष नागर, चैतन्य चौधरी, नरेंद्र सहगल, शेख जमील, अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, मुश्ताक खान एवं जी.आर. जरिया ने शहर के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सभी जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनकर मानव सेवा के इस महायज्ञ को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए' प्रेरित करने का आग्रह किया।

### दान बेकार नहीं जाता, आगे आएं

आयोजकों के अनुसार रक्तदान महादान जीवनदान है। इसमें आगे आकर दान देने से दान बेकार नहीं जाता है। सनातन धर्म में दान करने वाले को हमेशा कई गुना बढकर फल के रूप में मिलता है। रक्तदान तो महादान और जीवनदान जैसा ही है। ऐसे में यह एक यज्ञ के समान संपूर्ण मानव समाज के कल्याणार्थ दिए गए दान जैसा है। इसे दान को युवाओं को मुक्त और स्वच्छंदता से देना चाहिए जिससे उनमें त्याग एवं समर्पण की भावना की वृद्धि हो सके।

### रक्तदान कर नायक बनें



हर तीन में से एक व्यक्ति को जीवन में कभी न कभी रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ेगी। यह किसी दुर्घटना, सर्जरी या कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्या के कारण हो सकता है। दानदाताओं जैसे दयालु सामुदायिक नायकों के बिना, रक्त की आवश्यकता वाले कुछ लोगों की मृत्यु हो सकती है। मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसीलिए जो भी सक्षम है, उसके लिए रक्तदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। तो, आज ही रक्तदान करके एक नायक बनें!दूसरों की मदद करना वाकई सुकून देता है। यह जानकर कि आपने ऐसा किया है, आपके मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली पर बहुत अच्छा असर पड़ता है, जिससे अवसाद का खतरा कम होता है और संभवतः आपकी उम्र भी बढ़ती है। रक्तदान के बाद हम आपको मुफ्त में नाश्ता और पेय पदार्थ भी देंगे ताकि आपका शरीर दान किए गए रक्त की भरपाई जल्दी कर सके!

नागदा के दो शासकीय कॉलेजों के छात्रों ने दी चेतावनी

# शून्य अंक देख भड़के विद्यार्थी! बीकॉम परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के नागदा के दो शासकीय कॉलेजों के 47 से अधिक बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को एक ही विषय में शून्य अंक और सप्लीमेंट्री दिए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि परीक्षा केंद्र पर निजी कॉलेजों के विद्यार्थियों को नकल और विशेष सुविधा दी गई, जबकि शासकीय कॉलेज के नियमित छात्रों के साथ भेदभाव कर मनमाने तरीके से फेल किया गया। आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने विक्रम विश्वविद्यालय पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया और कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

### यह है पूरा मामला

विद्यार्थियों के अनुसार, छह मई 2025 को आयोजित बिजनेस स्टेटिस्टिक्स की परीक्षा में नागदा के रूपेटा स्थित शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज के 44 छात्रों में से 30 को सप्लीमेंट्री दे दी गई। इनमें से कई को शून्य अंक मिले। इसी तरह शासकीय गर्ल्स डिग्री कॉलेज की 17 छात्राओं को भी 0 से 3 अंक तक ही दिए गए। विद्यार्थियों का कहना है कि सभी नियमित थे और उन्होंने पूरी तैयारी के साथ परीक्षा दी थी। इसके बावजूद इतने कम अंक मिलना संदेह पैदा करता है।

### मिलीभगत के गंभीर आरोप

प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि परीक्षा केंद्र स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में शेषशायी कॉलेज और वर्धमान कॉलेज, नागदा के निजी छात्रों की भी परीक्षा हुई थी। छात्रा खुशी ने बताया की निजी कॉलेजों के प्राध्यापकों की ड्यूटी उन्हीं कमरों में लगाई गई जहां उनके कॉलेज के छात्र थे। कुछ प्राध्यापकों ने दूसरे कमरों में जाकर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर भी बताए। कई छात्रों ने मोबाइल से नकल भी की।प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों का आरोप है कि शासकीय कॉलेज के प्राचार्य और निजी कॉलेज संचालकों की मिलीभगत से निजी छात्रों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

### निर्माण के दौरान रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन किया जाए

**उज्जैन।** संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरूवार को नियमित निरीक्षण के तहत सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत आगर रोड़ गाड़ी अड्डा से एमआर-4 और एसआर-1 नवीन मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने मार्ग निर्माण के दौरान रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। निर्माण स्थल पर इंजीनियरों द्वारा जानकारी दी गई कि मार्ग निर्माण के दौरान रिटनिंग वॉल, नाली निर्माण, पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग करने के निर्देश फिल्ड पर मौजूद रहने वाले इंजीनियरों को दिए।

# भर बारिश में भी शिविर में दिखा उत्साह, नहीं रुके कदम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन पर आज मल्हारगंज तहसील में आने वाले प्रकरणों के हाथों हाथ निपटान के साथ उनसे सम्बन्धित दस्तावेज देने की भी शुरूआत हुई। आज 2 वर्ष पहले से उलझे मृत्यु प्रमाण पत्र बनने में दिक्कत आ रही रही। इसी के मद्देनजर एसडीएम निधि वर्मा ने तत्काल मौके पर सभी जांच पूर्ण करते हुए परेशान महिला सबीना के पति मोहम्मद अली जिसने स्वयं को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।

शिविर में आई महिला की परेशानी का त्वरित निदान किया गया। इसमें समय और दिनांक को लेकर परेशानी थी। बांक पंचायत क्षेत्र में हो रहे है समाधान शिविर में राजस्व के समस्त प्रकरण से सम्बन्धित समस्याओं को सुना जा रहा है, जिसमें नामांतरण, सीमांकन , अभिलेख दुरुस्ती, फॉर्मर आईडी, सहित अन्य प्रकरणों सुनकर उसका मौके पर ही निराकरण करने की प्रकिया अपनी गई।

एसडीएम निधि वर्मा ने बताया कि यह शिविर कलेक्टर महोदय के निर्देशन यह राजस्व शिविर आयोजित किया गया है। इसमें आज एहर सर्टिफिकेट , जन्म - मृत्यु के साथ अन्य कई प्रकार के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को आम जन को सौंपा जा रहा है। अभी तक नामांतरण 10 एहर, 5 मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य का निराकरण किया गया। इस दौरान तहसीलदार शेखर चौधरी, लोकेश आहूजा , सहित अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

# 15 सितंबर को इंदौर से रवाना होगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) एक बार फिर भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। यह विशेष ट्रेन 15 सितंबर 2026 को इंदौर से पुरी, गंगासागर के साथ गया, वाराणसी एवं रामलला दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। इस यात्रा के माध्यम से उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों के यात्री एक ही पैकेज में देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे।

शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर के वरिष्ठ कार्यकारी राहुल होल्कर ने बताया कि 10 रात और 11 दिन की इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं को पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी तथा अयोध्या के प्रमुख धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन इंदौर से रवाना होकर उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और अनूपपुर स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इन सभी स्टेशनों से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे, जिससे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को यात्रा का लाभ मिलेगा।

### पैकेज में शामिल रहेंगी सभी प्रमुख सुविधाएं

आईआरसीटीसी के इस सर्वसमावेशी पैकेज में विशेष एलएचबी रेक से रेल यात्रा, यात्रा के दौरान भोजन, स्थानीय परिवहन के लिए गुणवत्तापूर्ण बसों की व्यवस्था, होटल में ठहरने की सुविधा, टूर एस्कॉर्ट, यात्रा बीमा, सुरक्षा व्यवस्था तथा हाउसकीपिंग जैसी सेवाएं शामिल रहेंगी। इससे यात्रियों को अलग-अलग व्यवस्थाएं करने की आवश्यकता नहीं होगी।

**ऑनलाइन और कार्यालयों से कर सकते हैं बुकिंग-** इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट तथा अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग करा सकते हैं। इसके अलावा इंदौर, भोपाल, जबलपुर और नागपुर स्थित आईआरसीटीसी कार्यालयों से भी यात्रा संबंधी जानकारी और बुकिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को संगठित और सुविधाजनक बनाना है। एक ही पैकेज में यात्रा, आवास, भोजन, स्थानीय परिवहन और सुरक्षा जैसी सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होने से यह योजना विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, परिवारों और समूह में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए लाभकारी है । उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के कई प्रमुख स्टेशनों से बोर्डिंग की सुविधा मिलने से इस यात्रा की पहुंच और भी व्यापक हो गई है।

# मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के जारी प्रभावी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रदेशव्यापी विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा आज राऊ क्षेत्र में डेयरी प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों से दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने संग्रहित किए गए तथा मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से मौके पर स्पॉट टेस्टिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

अपनों से घिरे भाजपा पार्षद! सड़क पर उतरा जनाक्रोश

# इंदौर के महावर नगर में जल संकट पर भाजपाइयों ने ही खोला मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 72 स्थित महावर नगर में पेयजल संकट और बदहाल सड़कों का मुद्दा अब राजनीतिक रूप से नया मोड़ ले चुका है। पहले कांग्रेस द्वारा उठाया गया यह मामला अब भाजपा के भीतर असंतोष का कारण बन गया है।

गुरुवार को भाजपा के ही कार्यकताओं और स्थानीय नेताओं ने अपनी पार्टी के पार्षद योगेश गेंदर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए वीरांगना झलकारी बाई चौराहे पर चक्काजाम किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ता एवं संगठन से जुड़े महेंद्र खंडेलवाल ने किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि वर्षों से पेयजल संकट बना हुआ है। नई पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कें खोद दी गईं, ड्रेनेज लाइन भी डाली गई, लेकिन न तो नियमित पानी मिल रहा है और न ही सड़कें पहले जैसी बनाई गईं।

बारिश के दौरान गड्ढों और कीचड़ के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है तथा आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि नल कनेक्शन के नाम पर प्रत्येक घर से एक-एक हजार रुपये लिए गए और दावा किया गया था कि नई पाइपलाइन के बाद तीसरी मंजिल तक पानी पहुंचेगा। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि कई घरों के सामने बनी होदियों तक भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप- पार्षद जनता के बीच आने से अभी तक बचते रहे

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बूथ अध्यक्ष महेंद्र खंडेलवाल ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय पार्षद मौके पर नहीं पहुंचे, क्योंकि उन्हें पता था कि जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्षद के साथ काम करने वाले कर्मचारी जनता से ऐसे व्यवहार करते हैं जैसे पूरा क्षेत्र उनकी निजी जागीर हो। खंडेलवाल ने तकनीकी सवाल भी उठाए। उनका कहना था कि नर्मदा की पाइपलाइन डेढ़ से दो फीट की कम गहराई पर डाली गई है, जिससे पर्याप्त जलदाब (प्रेशर) मिलना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सड़क मरम्मत में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है और गिट्टी-माल की जगह धूल-चूरी का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की जांच कर पार्षद और संबंधित इंजीनियरों की भूमिका की जांच कराने की मांग की।

### पार्षद बोले- टंकी पूरी नहीं भर रही, पाइपलाइन में नहीं है तकनीकी खामी

वहीं, क्षेत्रीय पार्षद योगेश गेंदर ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि समस्या पाइपलाइन की ऊंचाई या गहराई की नहीं, बल्कि पानी की टंकी पूरी क्षमता से नहीं भर पाने की है। उनके अनुसार टंकी लगभग 3.6 मीटर तक ही भर पा रही है, जिसके कारण अंतिम छोर तक पानी का दबाव नहीं पहुंच रहा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नई पेयजल पाइपलाइन और नई ड्रेनेज लाइन निगम द्वारा डाली गई है। पहले ड्रेनेज लाइन पीछे की ओर थी, जहां अतिक्रमण के कारण काम संभव नहीं था। इसलिए नई लाइन सामने की ओर डाली गई ताकि भविष्य में स्थायी समाधान हो सके।



### विधायक पुत्र ने सक्रिय होकर दिलाया समाधान का भरोसा

क्षेत्रीय विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ के पुत्र एकलव्य गौड़ को जैसे ही प्रदर्शन की जानकारी मिली उन्होंने एमआईसी सदस्य राकेश जैन को मौके पर भेजा। राकेश जैन ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर अधिकारियों से बात कर जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इधर, नगर निगम की जल समिति के प्रभारी अभिषेक 'बबलू' शर्मा ने कहा कि मामला आज सुबह ही उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने अधिकारियों को पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं और कहा कि एक-दो दिन में वास्तविक तकनीकी स्थिति स्पष्ट कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**राजनीतिक संदेश भी साफ-** महावर नगर में पहले कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन और अब भाजपा कार्यकताओं का अपनी ही पार्टी के पार्षद के खिलाफ सड़क पर उतरना यह संकेत देता है कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं अब राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जनाक्रोश का रूप ले चुकी हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह मुद्दा आने वाले समय में नगर निगम की राजनीति में बड़ा विवाद बन सकता है।

## न्यूज कालम



## ढोढर सवरियाजी में प्रश्नोत्तरी के साथ मनाया डेंगू-मलेरिया जागरूकता माह

**सुवासरा।** ग्राम ढोढर सवरिया जी में 24 जुलाई। को हायर सेकेंडरी स्कूल में डेंगू-मलेरिया जागरूकता माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मलेरिया निरीक्षक (एमआई) श्री बलिराम चौहान ने विद्यार्थियों को डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें इन बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी देते हुए रोगों की पहचान एवं रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री ईश्वरलाल मेहर , श्रीमती आशा सोनी, राजेश व्यास , हेमलता मालवीय सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को डेंगू रोकथाम संबंधी शपथ भी दिलाई गई।

## माडल स्कूल में एक पौधा मां के नाम पर हुआ पौधारोपण



**जावरा ।** मॉडल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "एक पौधा माँ के नाम" थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं व 12 वी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस मोके पर विद्यालय की प्राचार्य निर्मला बैरागी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी पूर्वक देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अलका पगारिया मनुदेव सिंह चंद्रावत,,डोंगर सिंह खन्ना, मनोज चतुवेर्दी, हेमंती रानी, मनोहर सिंह सिसोदिया, महेश कुमार नोटिया,राकेश राठौर, दीपक परमार,जितेंद्र पाटीदार, दिलीपसिंह सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता संपन्न, संभागीय स्तर के लिए 6 टीमों का चयन

**बड़वानी ।** जिला शिक्षा विभाग, बड़वानी के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का शुक्रवार को कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के 8 अशासकीय विद्यालयों के कुल 125 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। हॉकी कोच श्री मुकेश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. धीरज वर्मा एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री हरीश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग (बालक एवं बालिका दोनों वर्गों) में कुल 6 टीमों का चयन किया गया है। चयनित टीमें अब आगामी संभागीय स्तरीय हॉकी प्रतियोगिताओं में बड़वानी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस पूरी खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में श्री राकेश पाटीदार, रामजय चौहान, शुभम दुबे, सुमित सलूजा, और जगदीश वास्कले का विशेष योगदान रहा।

## जोशी की आँखों से मिलेंगी दो लोगो को रौशनी

**बड़वानी ।** जीवन के बाद भी अपने परिजन की आँखों से दो लोगो को रौशनी मिल सके ऐसे विचारों के साथ नगर के जोशी परिवार नें सुनील जोशी के निधन पर दुःखद परिस्थिति मे सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। सुनील जोशी के निधन पर भाई अनिल जोशी द्वारा स्व प्रेरणा से सामाजिक कार्यकर्त्ता अजित जैन एवं डॉक्टर पहाड़िया को नेत्रदान के लिए सुचना दी। सुचना मिलते ही अजित जैन नें नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर ललित मालव से संपर्क किया एवं रोटरी क्लब के ललित जैन, गिरीश जैन के साथ निवास पर पहुँच कर नेत्रदान संपन्न करवाया और कॉरनिया को सुरक्षित रूप से एम के इंटरनेशनल ऑइ बैंक इंदौर पहुंचाया. ललित जैन नें परिजनों से नेत्रदान हेतु आवश्यक सहमति पत्र भरवाया.दुखद समय मे भी नेत्रदान का निर्णय लेकर लोगो के अंधयारे जीवन मे रौशनी भरने वाले अनिल जोशी, रत्नेश जोशी, रविशंकर जोशी, कमल जोशी नित्यम जोशी का रोटरी क्लब बड़वानी नें आभार व्यक्त किया।

## नि:संतान दंपतियों के लिए सरकारी अस्पताल को मिली सौगात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



सिविल हॉस्पिटल में रीकेनलाईजेशन ऑपरेशन की सुविधा प्रारंभ हुई है ।इस सौगात से निःसन्तान दम्पतियों को लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के निरंतर प्रयासों से सिविल हॉस्पिटल में लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है ।बीते दिनों यहां कूल्हे का प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी प्रारंभ हुई। वर्तमान में सिविल हॉस्पिटल में रीकेनलाईजेशन सुविधा प्रारम्भ हुई है।

मीडिया प्रभारी शेलेन्द्र कुमार दवे ने जानकारी देते हुए बताया कि नसबंदी ऑपरेशन के बाद पुनः टयूब को फिर से जोड़ने का सफल आपरेशन सिविल हॉस्पिटल मे शुरू हो गए है।

रीकेनलाईजेशन (नसबंदी के बाद ट्यूब को फिर से जोड़ना ) का सफल ऑपरेशन सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया ने बुधवार को किया।

पेपा बाई पति राहुल प्रजापति ग्राम दूधिया ३० वर्ष की दो लड़किया एवं एक लड़का था, जिसका ८ महीने का हो कर निधन हो गया था।लड़का होने के बाद पेपा बाई ने महिला नसबंदी ऑपरेशन करवा लिया था,लेकिन किसी कारण वश लड़के की मृत्यु होने के बाद रीकेनलाईजैशन ऑपरेशन किया गया । महिलाओं में ट्यूब बंद होने पर उसे फिर से खोलने की प्रक्रिया या बंद नली को फिर से चालू करना ताकि महिलाएं पुनः गर्भवती होने लगे । सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ पालड़ीया ने अभी तक 17 महिलाओं के सिविल हॉस्पिटल में रीकेनलाईजैशन ऑपरेशन किए हैं ।निजी चिकित्सालय में रीकेनलाईजैशन ऑपरेशन का खर्चा एक से ढाई लाख रुपयों तक आता है, जबकि सिविल हॉस्पिटल में निशुल्क ऑपरेशन किए जा रहे हैं। रीकेनलाईजैशन ऑपरेशन टीम में डॉ अतुल मंडवारिया, डॉ दिनेश पाटीदार, नर्सिंग ऑफिसर शिरोमणि मसीह, सहायक अनिल बैरागी, रितुराज सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## किसानों के आने-जाने का कॉलोनाइजर द्वारा रास्ता रोकने को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**जावरा** ।ग्राम सेजावता में दशहरा मैदान के समीप कॉलोनी बन रही है



।यहीं से किसानों के आने जाने एवं कृषि उपकरण लाने ले जाने का परंपरागत वर्षों पुराना रास्ता है ।यही से बरखेड़ी एवं उपलाई की तरफ जाने का रास्ता था। वह भी कॉलोनाइजर ने दीवार बनाकर बंद कर दिया ।यहीं से वर्षा ऋतु का पानी भी निकलता था ।वह भी निकासी बंद कर दी गई । जबकि उक्त रास्ता खुलवाने के लिए किसानों ने करीब एक पखवाडा पूर्व भी आवेदन एसडीएम कार्यालय में दिया था ।लेकिन उस पर कोई कारगर कार्रवाई नहीं की गई। फिर बड़ी संख्या में किसानों ने जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़ एवं किसान नेता रमेश धाकड़ के नेतृत्व में गुरुवार को एसडीएम रचना शर्मा को एक ज्ञापन देकर उक्त समस्या से अवगत करवाया। एसडीएम ने मौके पर से ही तहसीलदार पंकज पवैया को निर्देश दिए ।इस मौके पर रमेश धाकड़ ,रामनिवास, मांगीलाल, घनश्याम ,हरीश, मुकेश नियमावली, प्रहलाद रामचंद्र आदि किसान उपस्थित थे।



## दुर्घटना संभावित स्थलों पर ब्रेकर, संकेतक बोर्ड लगाया जाये-कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में *जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर हर्ष सिंह ने की। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी भी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के मध्य स्थित व्यस्ततम कमल टॉकिज चौराहा अब *नो पार्किंग जोन* रहेगा। नागरिकों की सुविधा के लिए सिटी पैलेस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में *पेड पार्किंग* की व्यवस्था की गई है। यहां लगभग 1500 टू-व्हीलर और 300 फोर-व्हीलर वाहनों की पार्किंग क्षमता है। नो पार्किंग जोन लागू होने से यातायात सुगम होगा।

बैठक में प्रधानमंत्री राहत योजना, राहवीर योजना और हिट एंड रन योजना के अंतर्गत प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को इन योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता लाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने जिले में चिन्हित रेड स्पॉट और ब्लैक स्पॉट की स्थिति की जानकारी ली। दुर्घटनाओं के कारण, अब तक किए गए सुधारात्मक कार्य और आगामी कार्य योजना पर चर्चा करते हुए लोक निर्माण विभाग और संबंधित विभागों को चिन्हित स्थलों पर ब्रेकर बनाने और संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

## आईटीआई में रिक्त सिटों पर प्रवेश प्रारंभ

**बड़वानी।** शासकीय आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि जिले की शासकीय आईटीआई बडवानी, पाटी, निवाली, राजपुर एवं पानसेमल में सत्र 2026-27 की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए तृतीय एवं चतुर्थ चरण की ऑनलाइन प्रक्रिया 19 जुलाई से शुरू हो गई हैं, जिसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई तक हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल से या अपनी नजदीकी आईटीआई से नया पंजीयन और च्वाइस फिलिंगकर सकते हैं।छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आईटीआई में छात्राओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। इसके साथ ही छात्राओं के लिए प्रवेश शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट का लाभ भी दिया जा रहा हैं।जिले की समस्त शासकीय आईटी आईमें 8वी और 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए वेल्डर, इलेक्ट्री शियन, फिटर, टर्नर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, रेफ्रिजरेटर कास्मेटोलाजी, कोपा एवं स्टेनोग्राफर हिन्दी, में प्रवेश लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।



## दस्तक अभियान की समीक्षा, प्रगति में तेजी लाने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

कलेक्टर हर्ष सिंह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित *दस्तक अभियान* की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले से अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि दस्तक अभियान के तहत प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। इसके अंतर्गत बच्चों और गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कुपोषण की पहचान और मौसमी बीमारियों की रोकथाम संबंधी गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने अभियान के दौरान चिन्हित हितग्राहियों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी गतिविधियां पूर्ण की जाएं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा और सीएमएचओ डॉ. आर.के. वर्मा उपस्थित थे।

## सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ

**बड़वानी** । नगर पालिका परिषद, बड़वानी द्वारा शासन के निर्देशानुसार सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ जनजागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में निकाय की स्वच्छता आईईसी टीम द्वारा हरसुख दिगंबर जैन स्कूल, बड़वानी में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके माध्यम से उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाया गया तथा स्वच्छ शहर के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक चित्रों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देकर नागरिकों को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया। इस अवसर पर आईईसी टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने विद्यालय एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने, नियमित रूप से साबुन या हैंडवॉश से हाथ धोने तथा स्वच्छ आदतों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की आदत डाले।

## पाटी के छात्र मधुसूदन ने एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

शासकीय महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही दिशा में दिया गया मार्गदर्शन किसी भी छात्र के सपनों को नई उड़ान दे सकता है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय, पाटी के छात्र श्री मधुसूदन नागौर ने दिया है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित श्सहायक प्राध्यापक परीक्षा (इतिहास) के अंतिम परिणामों में श्री नागौर ने पूरे प्रदेश की चयन सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, महाविद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

प्राचार्य डॉ. परवेज मोहम्मद ने बताया कि महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा और करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा साक्षात्कार परामर्श और मॉक साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क मॉक साक्षात्कार और परामर्श प्रदान किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को ज्ञान, भाषा, व्यवहार और आत्म विश्वास जैसे साक्षात्कार के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है।

प्रशासनिक अधिकारी डॉ मंशाराम बघेल ने बताया कि मॉक साक्षात्कार कार्यक्रम के लिए इतिहास विषय में साक्षात्कार पैनल का गठन कर डॉ अनिल पाटीदार सहायक प्राध्यापक विषय विशेषज्ञ इतिहास विभाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी की अध्यक्षता में मॉक साक्षात्कार का आयोजन किया गया।

## खंडवा से भाबरा तक निकली विचार परिवर्तन क्रांति पदयात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

युवाओं में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय जागरण और सामाजिक चेतना का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से खंडवा से चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली भाबरा (चंद्रशेखर आजाद नगर) तक विचार परिवर्तन क्रांति पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का समापन २३ जुलाई को शहीद दिवस के अवसर पर किया गया। समाजसेवी गणेश भावसार ने बताया कि यह पदयात्रा १६ जुलाई से २३ जुलाई तक आयोजित की गई। यात्रा का नेतृत्व पंडित राकेश तिवारी ने किया। यात्रा का शुभारंभ खंडवा स्थित भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण और दादा दरबार से हुआ। इसके बाद यात्रा छैगांव माखन, पुनासा, भीकनगांव, खरगोन, बड़वानी और जोबट होते हुए चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) पहुंची। भावसार ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य युवाओं को धर्म, संस्कृति, राष्ट्रजागरण, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, स्वदेशी और देशभक्ति के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के सामने बेरोजगारी सहित कई चुनौतियां हैं। ऐसे समय में राष्ट्र निर्माण और सकारात्मक विचारों से युवाओं को जोड़ने के लिए इस तरह की यात्राएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि २३ जुलाई को शहीद दिवस के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा तिरंगा फहराकर उनके बलिदान को नमन किया जाएगा।



## ऑल इंडिया लीनेस क्लब खंडवा ने किया वृहद पौधरोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब खंडवा की साधारण सभा एवं वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन लीनेस क्लब की संस्थापक लीनेस मधुबाला शेलार के निज निवास ग्राम सिहाड़ा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस पुष्पा वरुण के मार्गदर्शन में किया गया। पौधरोपण अभियान के अंतर्गत फलदार एवं फूलदार प्रजातियों के कुल २१ पौधे रोपे गए। इन पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी लीनेस मधुबाला शेलार ने ली। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण और उनका पालन-पोषण करना भी हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में ऑल इंडिया लीनेस क्लब खंडवा की अध्यक्ष लीनेस पद्मा हाड़ा, सचिव लीनेस मीरा व्यास, उपाध्यक्ष लीनेस भावना महोदय, मीडिया प्रभारी लीनेस सुनीता परिहार सहित जूनियर लीनेस क्लब की अध्यक्ष यशस्वी परिहार, सचिव ऋषिका डाबर, कोषाध्यक्ष वैष्णवी उपाध्याय, प्रियंका शेलार एवं वृक्ष मित्र हमारी सखी रिंकू राठौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

## गुरु पूर्णिमा और किशोर गौरव दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**खंडवा।** श्री दादाजी धूनी वाले के गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं किशोर गौरव दिवस को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को नगर निगम सभागृह में महापौर अमृता अमर यादव की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त प्रियंका राजावत की उपस्थिति में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव और गौरव दिवस के दौरान श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।नगर निगम के प्रवक्ता एवं समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बैठक में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सफाई, कचरा प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विभागवार चर्चा की गई। महापौर अमृता यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

महापौर ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु खंडवा पहुंचते हैं। ऐसे में नगर निगम की जिम्मेदारी है।

## छात्र परिषद ने ली नेतृत्व व अनुशासन की शपथ

**खंडवा।** पोदार इंटरनेशनल स्कूल, खंडवा में छात्र शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और सेवा भावना का विकास करना था। समारोह के मुख्य अतिथि सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण आर्य रहे, जबकि विद्यालय की प्रधानाचार्या समीरा बख्त ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों की सराहना प्राप्त की। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यालय की नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर पदभार ग्रहण कराया गया। सांस्कृतिक प्रभारी सहित अन्य छात्र प्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निर्वहन करें।

## पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल की बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल की 150 सी बैठक डीआरएम अनिल कॉलरा की अध्यक्षता में एवं सीनियर डीसीएम सौरभ जैन डीसीएम किशोर पटेल एवं सभी सीनियर अधिकारियों की उपस्थिति में कोटा में संपन्न हुई बैठक में उज्जैन आलोट सांसद अनिल फिरोजिया के प्रतिनिधि के रूप में नंदन जैन ने क्षेत्र की समस्याओं एवं सुझाव रखे।

कोटा रतलाम एवं रतलाम कोटा यात्रियों की संख्या को देखते हुए शीघ्र प्रारंभ किया जावे

विक्रमगढ़ आलोट गेट नंबर 21 पर रेलवे की राशि से बनने वाले ओवर ब्रिज नवीन डिजाइन के अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति होकर टेंडर भी स्वीकृत किया जा चुका है जिसका कार्य आदेश दिनांक 15 मई 2026 को जारी हो चुका है माननीय सांसद जीके अथक प्रयासों से स्वीकृत ब्रिज का कार्य भूमि पूजन कर शीघ्र प्रारंभ किया जावेद्य

विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर निमार्णाधीन नवीन प्रवेश द्वार पर अनादि कल्पेश्वर महादेव की नगरी आलोट लिखा जावे ।

अमृत भारत योजना के अंतर्गत स्टेशन का निर्माण कार्य बंद है जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है शीघ्र प्रारंभ किया जावे प्लेटफॉर्म न एक व दो पर लिफ्ट को शीघ्र वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगों के लिए प्रारंभ किया जावे।

अंबेडकर नगर नई दिल्ली ट्रेन का स्टॉपेज विक्रमगढ़ आलोट में दिया जावे। गेट नंबर 21 से टी आर डी कॉलोनी का रोड शीघ्र बनवाया जावे विक्रमगढ़ आलोट एसजी 5 ग्रेड में आता है यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट खिड़की पर टॉकबैक सुविधा चालू की जावेद्य बैठक में धीरज गुप्ता कोटा एडीएम अरोड़ा कोटा आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## नकली शोध से समाज का भला नहीं, उद्योगों का जहरीला पानी साफ करेंगी नई तकनीकें

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के चौथे दिन शोध की गुणवत्ता, आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों और पर्यावरणीय चुनौतियों के स्थायी समाधान पर गहन मंथन हुआ। सम्मेलन में देशभर से आए वैज्ञानिकों, शोधकताओं और विद्यार्थियों ने नवीन अनुसंधान पद्धतियों और आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी हासिल की।उत्कृष्ट शोध की पहचान है मौलिकता

रिसर्च एथिक्स और गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र लेखन पर केंद्रित सत्र में एल्सवियर इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च रिलेशन्स संदीप संचेती ने कहा कि मौलिकता, पारदर्शिता और ईमानदारी ही उत्कृष्ट शोध की असली पहचान हैं।

शोध का मकसद सिर्फ पेपर छपवाना नहीं, बल्कि समाज, उद्योग और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी समाधान खोजना होना चाहिए। उन्होंने स्कोपस, साइंसडायरेक्ट और मेंडली जैसे वैश्विक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का सही इस्तेमाल करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने के टिप्स दिए।

गुरु घासीदास विश्व विद्यालय बिलासपुर की प्रोफेसर चारु अरोड़ा ने औद्योगिक अपशिष्ट जल से हानिकारक रंगों को हटाने की नई तकनीक पेश की। उन्होंने मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क आधारित कॉम्पोजिट्स की मदद से जल प्रदूषण दूर करने और पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों पर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

स्पिनको बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी तकनीक पर विशेष हैंड्स-ऑन कार्यशाला आयोजित की गई। विशेषज्ञ श्रवण तिवारी, भोलेनाथ नांदेया, कार्तिक वाजा और विशाल मोरासिया ने प्रतिभागियों को विश्लेषणात्मक उपकरणों को चलाने, नमूना विश्लेषण करने और डेटा की सटीक व्याख्या का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

## न्यूज -कॉलम

### सिलेंडर में लगी आग पर काबू

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम चांदमुख में शुक्रवार-शनिवार रात 11 बजे के लगभग एक मकान में अचानक गैस सिलेंडर भभक उठा। आग तेजी से फैली, मकान में रहने वाला परिवार जान बचाकर बाहर निकल गया। आग फैलती जा रही थी, गैस सिलेंडर की वजह से आसपास के ग्रामीण भी अंदर जाने से डर रहे थे। आगजनी का इवेंट डायल 112 पर मिलते ही थाना प्रभारी हेमराज यादव, एएसआई विक्रम वर्मा, आरक्षक अलकेश सिंह और पायलेट मुकेश, लोकेश मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने अपनी जान जोखिम में डाल एएसआई और आरक्षक के साथ मकान के 2 कमरों को पार कर रसोई घर में प्रवेश किया, इस दौरान काफी धुआ फैल गया था। थाना प्रभारी ने पानी की मोटर चालू कराकर कंबल, चादर को गीला किया और सिलेंडर से निकल रही आग पर डाल काबू पाया। इस दौरान आग से रसोई घर में रखा सामान और बर्तन झुलस गये थे। गनीमत रही कि बडी जनहानि नहीं हुई। पुलिस का साहस देख गांव वालों ने उनकी सराहना की, इस पर थाना प्रभारी ने बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने पर वह तत्काल ब्लास्ट नहीं होता है। आग पर समझदारी के साथ आसानी से काबू पाया जा सकता है।

### सावन माह की व्यवस्था को लेकर स्वयंसेवियों की बैठक

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में बाबा महाकाल सावन-भादौ माह में प्रजा का हाल जानने के लिये नगर भ्रमण पर निकलेगें। 3 अगस्त को पहली सवारी निकाली जायेगी। सवारी मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा तैयारी कर जा रही है। शुक्रवार को सवारी के दौरान पुलिस का सहयोग करने वाले स्वयंसेवी सदस्यों की बैठक पुलिस कंट्रोलरूम पर आयोजित की गई। एएसपी आलोक शर्मा द्वारा सभी सदस्यों को ड्युटी और जिम्मेदारी से अवगत कराते हुये भीड प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ कानून व्यवस्था को बनाये रखने के दिशा-निर्देश जारी किये। बैठक में नगर रक्षा समिति, क्राइम कंट्रोल एंड ब्यूरो ऑगेर्नाइजेशन सहित 50 से अधिक स्वयंसेवी सदस्य उपस्थित रहे। एएसपी शर्मा ने सभी सदस्यों को निर्धारित ड्युटी पाइंट पर समय से उपस्थित रहने के साथ सवारी के दौरान पूर्ण सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने की बात कहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के प्रारंभ होने से लेकर उसके पुनः मंदिर परिसर में प्रवेश करने तक कोई भी सदस्य बिना अनुमति अपना ड्यूटी स्थल नहीं छोडेगा। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि सभी सदस्य ड्युटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता करने वालों को चिन्हित किया जायेगा और भविष्य में आयोजित किसी भी व्यवस्थाओं में शामिल नहीं किया जायेगा। पहली सवारी से पूर्व होने वाली रिहर्सल में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। रिहर्सल के दौरान ही सभी सदस्यों को उनकी ड्यूटी से संबंधित ड्यूटी चार्ट, ड्यूटी कार्ड, परिचय पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में घायल की उचार के दौरान मौत

**उज्जैन।** सांवरे के रहने वाले मनोज पिता जुझारसिंह मीणा 42 साल को सडक दुर्घटना में घायल होने पर परिजनों ने निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया था। शुक्रवार देर शाम घायल मनोज की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस सूचना मिलने पर निजी अस्पताल से मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लेकर आई। मामले में मर्ग कायम किया गया है, शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर मर्ग डायरी जांच के लिये संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### जेल में बंद बदमाश बुंदेला को पुलिस लाई थाने

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र में कुछ माह पहले बदमाश नितेश काऊ पर चिमनगंज थाना क्षेत्र के बदमाश जितेन्द्र बुंदेला ने अपने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया था। नीलगंगा पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। जितेन्द्र बुंदेला फरार था, उसे कुछ समय पहले चिमनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि जानलेवा हमले में शामिल जितेन्द्र बुंदेला का न्यायालय से प्रोटेक्शन रिमांड जारी कराकर उसे एक दिन के लिये थाने लाया गया। जानलेवा हमले में घटना की तस्दीक कराकर उसकी गिरफ्तारी ली गई और शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पुनः जेल भेज दिया गया।

### पत्नी और पुत्र पर प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम बांदरबेला में रहने वाले राजाराम पिता बद्रीलाल चौधरी 45 साल के साथ घर से अलग रहने की बात पर पत्नी और पुत्र ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। राजाराम की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी और पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर किया है। पत्नी और पुत्र घटना के बाद घर से लापता हो गये। पुलिस दोनों की तलाश कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत करेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 334-0 | 130-4 |
| मेन बाजार | 499-2 | 239-4 |
| कल्याण नाइट | 790-6 | 147-2 |
| मिलन डे | 167-4 | 346-3 |
| मिलन नाइट | 378-8 | 566-7 |
| मधुर डे | 148-3 | 570-2 |
| मधुर नाइट | 400-4 | 247-3 |
| शुभांक | 3 5 | 8 |

## टॉवर चौक पर दिनदहा? वृद्ध पर किया था फायर...

# गोली मारकर भागे आरोपी को थाना प्रभारी ने दबोचा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

टॉवर चौक पर वृद्ध को गोली मारकर भाग रहे बदमाश को 20 मिनट में थाना प्रभारी ने दबोच लिया। बदमाश को बमुश्किल काबू में किया गया और उससे चार जिंदा कारतूत के साथ कट्टा बरामद किया गया है। गोली लगने पर घायल वृद्ध का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के टॉवर चौक पर शुक्रवार दोपहर 2 बुजुर्गो का आमना-सामना होने पर एक बुजुर्ग ने कट्टा निकालकर गोली चला दी। दूसरा बुजुर्ग गोली लगने पर खून से लथपथ हो गया। टॉवर चौक पर सिंहस्थ ट्रेनिंग की ड्युटी कर रहे पुलिसकर्मी अनमोल अहिरवार ने तत्काल घायल बुजुर्ग को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया और माधवनगर थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। गोली चलाने वाला पैदल भागा था, जिसको पकडने के लिये पीछा किया गया, करीब 20 मिनट में गोली चलाने वाले को थाना प्रभारी ने जीरो पाइंट ब्रिज रेलवे ट्रेक पर दबोच लिया। उसके पैर पटरियों में फंस गये थे, जिसके चलते चोंट लगी थी, बावजूद वह काबू में नहीं आ पा रहा था, थाना प्रभारी को काबू में करने के लिये मशक्कत करना पडी।

उसके पास से देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद कर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।



### घायल अब्दालपुरा का निवासी

थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि गोली लगने पर घायल वृद्ध आशुतोष पिता छोगालाल सोनी 52 वर्ष निवासी अब्दालपुरा हाल मुकाम देसाईनगर होना सामने आया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं गोली चलाने वाला तराना तहसील के ग्राम तोबरीखेडी का रहने वाला प्रभुलाल पिता देवा मालवीय है, जो वर्तमान में चिमनगंज थाना क्षेत्र की झुग्गी बस्ती में निवास कर रहा है। आरोपी के खिलाफ तराना में दो अपराधिक मामले दर्ज होना सामने आये है। वह अवैध हथियार (कट्टे) के मामले में पिपलोन चौकी पुलिस की गिरफ्त में भी आ चुका है। उससे पूछताछ कर कट्टे और कारतूस के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। वह मानसिक रोगी प्रतीत हो रहा है।

### पीछा करने पर मारी गोली

गोली चलाने वाले को चरक अस्पताल लाया गया तो उसका कहना था कि कुछ दिनों से आशुतोष उसका पीछा कर रहा था और धमका रहा था, इसलिये गोली मार दी। वह तीन से चार को गोली मारने वाला था। उसने कट्टे में दूसरी गाली भी लोड कर ली थी। जानकारी यह भी सामने आई है कि आरोपी 2 बच्चों का पिता है और नशा करने का आदी है। पुलिस उसके परिवार से भी पूछताछ कर सकती है।



# निर्माणाधीन मल्टी में छुपे थे दोहरे हत्याकांड के आरोपी

## पुलिस को देख 2 ने दूसरी मंजिल से लगाई छलांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार के 2 सगे भाईयों की हत्या में शामिल 3 बदमाशों के मंछामन स्थित निर्माणाधीन मल्टी में छुपे होने की खबर पर शुक्रवार दोपहर घेराबंदी की गई। 2 आरोपियों ने पुलिस को देख मल्टी की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी, उनका एक साथी भागने के प्रयास में गिर गया।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि नीलगंगा चौराहा पर 18 जुलाई की रात गोरकर परिवार पर पासी समाज के बदमाशों ने हमला कर दिया था। गोरकर परिवार के लोकेश की गोली लगाने और उसके छोटे भाई जय उर्फ जितेश की तलवार-चाकू लगने पर मौत हो गई थी। दोहरे हत्याकांड में 8 नामजद आरोपी रोशन पासी, राकेश पासी, नरेश पासी, संजय पासी, दुर्गेश पासी, रोहित पासी, मंजू उर्फ मीना और सन्नी पासी सहित अन्यों के खिलाफ दोहरे हत्याकांड का मामला दर्ज किया था। नामजद आरोपियों के साथ अन्य की पहचान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है। इसी बीच शुक्रवार दोपहर को खबर मिली कि दोहरे हत्याकांड में शामिल 3 आरोपी निर्माणाधीन मंछामन मल्टी में छुपे है। जिसकी धरपकड के लिये एसआई यादवेन्द्र परिहार, वेदप्रकाश साहू और टीम के साथ मल्टी पहुंचे। इस दौरान दूसरी मंजिल पर छुपे 2 आरोपियों ने पुलिस को देख छलांग लगाकर भागने का प्रयास किया। गिरने पर उनके पैरों में चोंट लगी और नीचे खडी टीम ने उन्हे दबोच लिया। तीसरा आरोपी पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में गिर गया, उसे भी दबोच लिया गया। तीनों को चरक अस्पताल लाया गया। जहां उनके नाम पियुष पिता विजय पासी निवासी कुमार खाडी बाणगंगा, विवेक पिता दिनेश वर्मा निवासी बडी ग्वालटोली इंदौर सामने आये। तीसरा आरोपी नाबालिग होना सामने आया, जो जबरन कालोनी का रहने वाला है। नाबालिग का प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं पियुष और विवेक का अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है। तीनों नामजद आरोपियों में शामिल नहीं है, लेकिन कैमरों से उनकी मौजूदगी घटनास्थल पर विवाद में होना सामने आई है।



### 3 आरोपियों को ओर भेजा गया जेल

शुक्रवार को नीलगंगा थाना पुलिस ने 2 सगे भाईयों की हत्या में शामिल 3 आरोपियों राकेश पासी, दुर्गेश पासी निवासी जबरन कालोनी और अर्थव गर्ग निवासी विवेकानंद की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। अब तक चार आरोपी जेल जा चुके है। वहीं 3 आरोपियों का अभिरक्षा में उपचार चल रहा है। शुक्रवार देर शाम एक महिला आरोपी मंजू उर्फ मीना भी पुलिस हिरासत में आ चुकी है। अब तक 8 को पकड़ा जा चुका है। जिसमें नामजद आरोपियों में 3 शामिल है। शेष की पहचान कैमरों से की गई है। संभावना है कि दोहरे हत्याकांड में डेढ़ दर्जन से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है। जिसमें नाबालिग भी शामिल हो सकते है।

### एक का किया गया था शार्ट एनकाउंटर

18 जुलाई की रात हुई घटना के बाद पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में लगी थी, 19 जुलाई को दोहरे हत्याकांड में शामिल एक आरोपी नरेश पासी को पुलिस ने लालपुल के पास घेर लिया था, आरोपी ने एसआई से पिस्टल छीनने का प्रयास किया था जिसको दबोचने के लिये पुलिस को गोली चलानी प? गई थी। शार्ट एनकाउंटर के बाद नरेश को हिरासत में ले लिया गया था। जिसे उपचार के बाद केन्द्रीय जेल भैरवग? भेज दिया गया था।

## महाकाल मंदिर धनुष द्वार पर हुई घटना....

# सिक्युरिटी गार्ड पर चाकू से हमला करने वाला पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



महाकाल मंदिर सिक्युरिटी गार्ड पर शुक्रवार दोपहर 3 युवको ने चाकू से हमला कर दिया। हमला करने वाले बीच-बचाव के लिये आये सिक्युरिटी गार्डो को भी मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने 4 घंटे बाद एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। जिससे पूछताछ कर उसके 2 साथियों की तलाश की जा रही है।

अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में रहने वला आकाश पिता राजेश राठौर महाकाल मंदिर क्यूआरटी कंपनी में सिक्युरिटी गार्ड है। दोपहर में वह ड्युटी खत्म होने पर घर लौटने की तैयारी में था, उसी दौरान धनुष द्वार पर बैरियर लगाने के लिये पहुंचा, तभी 3 युवक आये और चाकू से आकाश के पेट और जांघ पर वार कर दिये। चाकूबाजी देख अन्य सिक्युरिटी गार्डो ने बीच-बचाव कर चाकू मारने वालों को पकडने का प्रयास किया लेकिन हमलावर चाकू दिखाकर उन्हे भी मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल आकाश को चरक अस्पताल लाया गया। इस दौरान सामने आया कि हमलावरों में एक अकुंश शामिल था जो भूरा की दुकान पर फूलप्रसादी बेचने का काम करता है। घायल सिक्युरिटी गार्ड का मंदिर परिसर में आकर फूलप्रसादी बेचने से मना करने पर उनके बीच विवाद हुआ था। मंदिर परिसर में हुई चाकूबाजी और एक हमलावर का नाम सामने आने पर थाना प्रभारी गगन बादल ने आरोपियों की तलाश में टीम गठित की। 4 घंटे की तलाश के बाद अंकुश पिता देवीलाल परमार निवासी जैन मंदिर के पास जयसिंहपुरा को हिरासत में ले लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी से पूछताछ कर उसके 2 साथियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### कृषि उपज मंडी में दुर्घटना, बाइक सवार की मौत

**उज्जैन।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार सुबह दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाली सोयाबीन से भरी गाडी को जप्त किया है। चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। चिमनगंज थाना एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि सुबह 10.30 बजे के लगभग कृषि उपज मंडी में बाइक और सोयाबीन से भरी लोडिंग गाडी के बीच टक्कर होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पहुंचने पर सामने आया कि बाइक सवार की मौत हो चुकी है। उसकी पहचान करने पर पता चला कि पटेलनगर का रहने वाला अनुज पिता गजेन्द्र मिश्रा 45 साल है। मौके से लोडिंग गाडी को जप्त किया गया। मृतक की बॉडी चरक अस्पताल पहुंचाई गई। दुर्घटना की खबर मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। पोस्टमार्टम के दौरान उन्होने बताया कि अनुज चिमनगंज थाने के समीप आयुर्वेदिक कॉलेज के पास आयुर्वेदिक मेडिकल पर काम करता था। सुबह बाइक से मेडिकल जाने के लिये निकला था। बताया जा रहा है कि चालक लेकोडा से सोयाबीन बेचने मंडी आया था। जिसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर सोयाबीन से भरी गाडी को जप्त किया गया है।

# प्रतिबंधित मार्ग पर जाने से रोका तो आरक्षक की पकड़ी कॉलर

## हिरासत में रिक्शा चालक, शासकीय कार्य में बाधा का केस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर की ओर प्रतिबंधित मार्ग पर जाने का प्रयास कर रहे रिक्शा चालक को ड्युटी पर तैनात आरक्षक ने रोका तो चालक ने कॉलर पकड ली और झूमाझटकी करने लगा। रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया है।

महाकाल थाना एसआई के.के. मालवीय ने बताया कि सिंहस्थ ड्युटी सतना से आरक्षक शांतिलाल चरकोटा उज्जैन डीआरपी लाइन आया हुआ है। यातायात थाना पुलिस की ओर से उसकी ड्युटी गुदरी चौराहा पर लगाई गई है। शुक्रवार शाम ड्युटी के दौरान रिक्शा क्रमांक एमपी 09 डी झेड 2347 का चालक महाकाल मंदिर प्रतिबंधित मार्ग की ओर जाने का प्रयास कर रहा था। आरक्षक ने उसे रोका और वापस लौटने की बात कहीं। रिक्शा चालक ने विवाद शुरू कर दिया और आरक्षक की कॉलर पकडकर झूमाझूटकी करने लगा। आरक्षक उसे काबू में किया और लोगों की मदद से पकड लिया। मामले की जानकारी लगते ही महाकाल थाना पुलिस गुदरी चौराहा पहुंची और चालक को हिरासत में लिया गया। एसआई मालवीय के अनुसार आरक्षक की शिकायत पर चालक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया है। चालक कुशलपुरा क्षेत्र का रहने वाला आनंद पिता लालचंद चौहान है, उसकी रिक्शा जप्त की गई है। आरोपी चालक को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।



### सर्पदंश से कहार की मौत

**उज्जैन।** सावन-भादौ माह में बाबा महाकाल की पालकी उठाने वाले कहार की शुक्रवार सुबह सर्पदंश के बाद मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। नृसिंहघाट कालोनी में रहने वाला अर्जुन पिता तेजूलाल कहार 34 साल सावन-भादौ माह में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी में पालकी उठाने का काम करता था। परिवार ने हाटकेश्वर विहार कालोनी में मकान खरीदा है। जहां गुरूवार को पूजा रखी गई थी। शुक्रवार सुबह अुर्जन अपने भाईयों के साथ हाकेश्वर कालोनी स्थित मकान में हुई पूजा की सामग्री उठाने गया था, उसी दौरान घर में दीवान पेटी के नीचे से सामान उठाते समय उसे सांप ने डंस लिया। उसे भाई अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि आम दिनों में अर्जुन महाकाल मंदिर क्षेत्र में बनी होटलों पर सब्जी पहुंचाने का काम करता था। उसकी एक बेटी और एक बेटा है। परिवार का अधिकांश खर्च वहीं चलाता था।

## राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन.... प्रचंड बहुमत 1800 में से 947 रिकार्ड मत

# उज्जैन के संदीप प्रताप मेहता टॉप 10 में तीसरे नंबर पर विजय

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में उज्जैन से एक सीट तय हो गई । मंडल अभिभाषक संघ के सदस्य एवं पूर्व मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारी प्रताप मेहता के सुपुत्र अधिवक्ता संदीप मेहता ने इतिहास रच दिया है। वे टॉप 10 में तीसरे नंबर पर प्रचंड बहुमत से विजय घोषित किए गए। उन्होंने इतिहास रचते हुए उन्होंने करीब1800 में से 947 मत हासिल किए हैं। अभिभाषक सचिन नागर के अनुसार राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में संदीप प्रताप मेहता ने उज्जैन से सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार के रुप में इतिहास कायम किया है।

इन्होंने टॉप टेन में तीसरे स्थान पर पहुंचकर मंडल अभिभाषक संघ का गौरव ब?ा दिया है। इधर श्री मेहता की जीत पर संघ परीसर में खुशी का माहौल है। विजय उम्मीदवार को बधाई प्रेषित करने का क्रम शुरू हो चुका है। राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव का मतदान 12 मई को हुआ था । इसके बाद लगातार जबलपुर में निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में मतगणना जारी थी। निरंतर रूप से सामने आ रहा था कि श्री मेहता अन्य जिला तहसील अभिभाषक संघो से भी प्रथम वरियता का मत प्राप्त कर जीत की ओर आगे बड रहे थे। मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन की पेटी खुलने का इंतजार था। उनके कार्यक्षेत्र उज्जैन के स्थानीय अभिभाषक संघ से करीब 1800 से अधिक मतदाता सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसमें से सर्वाधिक 947 मत श्री मेहता के पक्ष में गए और उन्होंने राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर की चुनावी परिणाम सूची में प्रथम दस निर्वाचितों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्री मेहता ने इंदौर, जबलपुर, भोपाल ,ग्वालियर, जैसे अभिभाषक सघो से चुनाव लड रहे दिग्गज उम्मीदवारों के समकक्ष स्थान बनाकर विजय श्री प्राप्त कर रिकॉर्ड कायम किया है। उज्जैन अभिभाषक संघ से चार प्रत्याशियों ने उम्मीदवारी की थी। अब तक की मतगणना परिणाम में 23 सदस्यों की सूची में इंदौर से 7, जबलपुर से 6, भोपाल से 2 ,ग्वालियर से 3 भिंड सागर से उम्मीदवार सूची में हैं।

# हथियारों की जरूरत



हमारी संस्कृति में देवी-देवता किसलिए इतने सारे अस्त्र-शस्त्र धारण किए खड़े हैं? किसी ने मुझसे यह सवाल पूछा। दरअसल, उनकी यह शंका थी कि यह हिंसा का समर्थन करने वाली संस्कृति तो नहीं? यदि दुनिया के सभी निवासी जागरूकता के साथ जीने लग जाएं, तो हथियारों की कोई जरूरत ही नहीं होगी। दुनिया में इतनी परिपक्वता कहां आई है कि अस्त्र-शस्त्र को बिल्कुल त्याग दे। आज सारे सफल देश शस्त्रों के निर्माण में लगे हुए हैं। विश्व का सबसे बड़ा कारोबार हथियार बनाना और उनकी बिक्री है। सरकारें हथियारों के लिए बहुत बड़ी राशि का प्रावधान क्यों करती हैं? आपके पास काफी मात्रा में अस्त्र-शस्त्र होंगे, तभी पड़ोसी देश आपको शांति से रहने देगा। तो क्या हमारी संस्कृति हिंसा पर विश्वास करती है? नहीं, हमारे वही देवता अपने दूसरे हाथों में फूल और कृपा प्रदान करने वाली मुद्राएं धारण किए हुए हैं। वीडिया देश के राजा क्रोसज ने फारस (आज का ईरान) देश पर आक्रमण करने का निर्णय लिया। देवता के निकट जाकर देव-प्रश्न विधि से फल जानना चाहा। कृपा-वचन मिल गया, ह्लतुम्हारे हाथों एक बड़ा साम्राज्य मटियामेट होने वाला है ह्ल फिर क्या था, पूरे भरोसे के साथ उसने फारस पर धावा बोल दिया। करारी हार हुई। क्रोसज देवता के निकट पहुंचा और क्रोध में पूछा, ह्लकृपा-वचन झूठा क्यों हुआ?ह्ल उत्तर मिला, ह्लझूठा नहीं हुआ। जो मटियामेट हुआ है, वह तुम्हारा ही साम्राज्य थाह्ल। देवताओं के हाथ में जो कमल है, वह जीवन के अत्यंत उन्नत और महान पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। जीवन को पूर्ण रूप से समझे बिना यदि हम लांछन लगाएं कि हमारे देवता हिंसा की शिक्षा देते हैं, तो यह मूर्खता नहीं तो क्या है? आपकी नजर में जो चीजें शांतिपूर्ण दिखाई देती हैं, वे वास्तव में शांतिमय नहीं हैं। मंद पवन से झूम रहे उपवन को देखकर किसी निर्णय पर पहुंचे, तो वह गलत निकल सकता है। धरती के नीचे जाकर देखिए। जड़ों और कीड़ों के बीच, माटी और अन्य जीवों के बीच महासंग्राम चल रहा है। पल-प्रतिपल वहां लाखों जीव मर रहे हैं और लाखों पैदा हो रहे हैं। गहराई से सोचें, तो जीवन हिंसा भी नहीं है, वह शांति भी नहीं है। जीवन कई गुत्थियों का ऐसा मिश्रण है, जिसे बूझना संभव नहीं है। इस संस्कृति में शांति किसी बाहरी घटना के रूप में नहीं समझी गई है, यही मान्यता रही कि शांति अंदर है। इसीलिए खोज को अंतर्मुखी बनाया गया। बाहरी संसार का शांतिपूर्ण रहना या युद्ध में लगे रहना आपके हाथ में नहीं है। अंदर से सदा शांत रहना आपके ही हाथों में है। यहां न कोई दूसरों से ऊंचा है, न नीचा। ऐसी समझ के साथ जिंदगी जीने पर अस्त्र-शस्त्रों की जरूरत नहीं पड़ेगी।



**सम्पादकीय**

## परीक्षा सुधार जरूरी

प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ छात्रों का आंदोलन अपनी जगह है और उनकी संतुष्टि के बाद ही इसका समापन होगा। फिलहाल, समय संयम और संवाद का है। अब इस आंदोलन का जो आकार हो गया है, उसमें कई सियासी कोण बन गए हैं, तो इसके पटाक्षेप में भी कुछ वक्त लग सकता है। सियासत से अलग अगर देखें, तो गुरुवार को जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कड़ा रुख दिखाया है, उससे लगता है कि देश में परीक्षा-पारदर्शिता के एक नए दौर का आगाज हो सकता है। सरकार ने परीक्षा पत्र लीक के जिम्मेदार लोगों को दंडित करने के लिए त्वरित अदालतें या फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया है। वाकई, युवाओं का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए परीक्षाओं को निर्दोष बनाना होगा। परीक्षाओं को दोषरहित बनाने के लिए परीक्षा तंत्र को निर्दोष बनाना होगा और इसके लिए सबसे जरूरी है, इस तंत्र में शामिल भ्रष्ट लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। जब तक कड़ी सजा नहीं मिलेगी, तब तक पेपर लीक को रोकना मुश्किल है। गुरुवार को उत्तराखंड से आई पेपर लीक की खबर चिंता जताती है।

देश में पेपर लीक के खिलाफ कड़े कानून की मांग हो रही है, जबकि दो साल पहले ही बने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत दोषियों को तीन से पांच वर्ष तक की कैद और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है, जबकि अगर कोई गिरोह ऐसा करे, तो सजा बढ़कर पांच से 10 वर्ष की कैद और कम से कम एक करोड़ रुपये का जुर्माना हो जाती है। इतने कड़े कानून के बाद जरूरी है कि दोषियों को मुस्तैदी से सजा दिलवाई जाए। इसमें अब पुलिस के साथ फास्ट ट्रैक कोर्ट की भी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुछ राज्यों ने ऐसी विशेष अदालतों को गठन किया है और जिस भी राज्य को इसकी जरूरत महसूस हो रही हो, उसे ऐसा करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही घोषणा की है कि जो लोग हमारे युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस घोषणा को साकार करने की जिम्मेदारी सरकार के साथ उन तमाम लोगों को निभानी पड़ेगी, जो परीक्षा तंत्र से जुड़े हुए हैं। यह छात्र आंदोलन जब समाप्त हो जाएगा, तब छात्र संगठनों को सजग रहना पड़ेगा। इधर, आंदोलन के अप्रिय पहलू ध्यान खींच रहे हैं, पर परीक्षा सुधार के लिए जो कदम उठाए गए हैं, उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### असहमति हो पर हिंसा नहीं

# लोकतंत्र की भाषा लाठी और पत्थर नहीं, संवाद है



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान, असहमति के सम्मान और संवाद के माध्यम से समाधान खोजने की सतत प्रक्रिया है। किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की परिपक्वता का आकलन केवल निष्पक्ष चुनावों से नहीं होता, बल्कि इस बात से होता है कि वह मतभेदों और जन-असंतोष का समाधान किस प्रकार करता है। यदि असहमति का उत्तर चक्काजाम, पथराव और हिंसा से मिले तथा विरोध का प्रत्युत्तर अश्रु गैस, वाटर कैनन और लाठीचार्ज से दिया जाए, तो यह लोकतांत्रिक संस्कृति के सुदृढ़ होने का नहीं, बल्कि संवाद की परंपरा के कमजोर पड़ने का संकेत है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति बल प्रयोग में नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद में निहित होती है।

भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होकर अपनी बात रखने का मौलिक अधिकार देता है। यही अधिकार लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखते हैं। किंतु प्रत्येक अधिकार के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। जब आंदोलन हिंसक हो जाते हैं, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचता है, आम जनजीवन बाधित होता है या पुलिस तथा प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव उत्पन्न होता है, तब लोकतांत्रिक आंदोलन अपनी नैतिक ऊँचाई खोने लगते हैं। दूसरी ओर, यदि शासन-प्रशासन प्रत्येक विरोध को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर दमनात्मक दृष्टिकोण अपनाए, तो जनता और सरकार के बीच विश्वास का संकट गहराने लगता है। लोकतंत्र में दोनों ही स्थितियाँ समान रूप से चिंताजनक हैं।

हाल के वर्षों में देश के विभिन्न भागों में अनेक ऐसे घटनाक्रम सामने आए हैं, जहाँ संवाद के स्थान पर टकराव ने परिस्थितियों को और जटिल बना दिया। हिंसक झड़पें, आगजनी, पथराव और सार्वजनिक संपत्ति का विनाश केवल आर्थिक क्षति ही नहीं पहुँचाते, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक विश्वास को भी कमजोर करते हैं। यह गंभीर आत्ममंथन का विषय है कि क्या हम मतभेदों को संवाद के बजाय संघर्ष के माध्यम से व्यक्त करने लगे हैं? साथ ही यह संभावना भी नजर अंदाज नहीं की जा सकती कि कुछ असामाजिक अथवा राष्ट्रविरोधी तत्व सामाजिक तनाव और जन-असंतोष का लाभ उठाकर समाज में विभाजन और अस्थिरता पैदा करने का प्रयास करते हों।

भारत का लोकतांत्रिक इतिहास इस संदर्भ में महत्वपूर्ण प्रेरणा देता है। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से यह सिद्ध किया कि नैतिक शक्ति किसी भी हिंसक शक्ति से अधिक प्रभावशाली होती है। वहीं, डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक परिवर्तन का मार्ग संविधान, विधि और लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से प्रशस्त किया। दोनों महापुरुषों की विरासत हमें यही सिखाती है कि स्थायी परिवर्तन हिंसा से नहीं, बल्कि संवाद, तर्क और संवैधानिक प्रक्रियाओं से आता है।

यह भी स्वीकार करना होगा कि किसी भी हिंसक स्थिति के लिए प्रायः केवल एक पक्ष उत्तरदायी नहीं होता। कई बार प्रशासनिक संवेदनशीलता का अभाव, संवाद में विलंब अथवा समय रहते समाधान का प्रयास न होना जन-असंतोष को बढ़ा देता है। दूसरी ओर, अनेक अवसरों पर उपद्रवी तत्व शांतिपूर्ण आंदोलनों में घुसकर उन्हें हिंसक दिशा दे देते हैं। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, भ्रामक प्रचार तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें भी परिस्थितियों को और अधिक विस्फोटक बना सकती हैं। इसलिए किसी भी घटना का मूल्यांकन पूर्वाग्रह से नहीं, बल्कि उसके सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक सभी पक्षों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

एक स्वस्थ लोकतंत्र में पुलिस और नागरिक विरोधी नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक शांति के साझेदार होते हैं। पुलिस की भूमिका केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है; उसे संवेदनशीलता और जन-विश्वास का भी परिचय देना चाहिए। इसी प्रकार नागरिकों का दायित्व केवल अधिकारों की माँग करना नहीं, बल्कि विधि के शासन का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपनी बात रखना भी है।

राजनीतिक दलों और मीडिया की भूमिका भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। लोकतांत्रिक राजनीति का उद्देश्य जनभावनाओं को भड़काना नहीं, बल्कि उन्हें रचनात्मक दिशा देना होना चाहिए। सभी दलों को हिंसा की स्पष्ट और समान रूप से निंदा करनी चाहिए, चाहे वह किसी भी पक्ष से हुई हो। मीडिया और सोशल मीडिया मंचों पर भी तथ्यपरक, संतुलित और उत्तरदायी प्रस्तुति लोकतंत्र की आवश्यकता है। अपुष्ट सूचनाएँ, भ्रामक वीडियो और उत्तेजक टिप्पणियाँ सामाजिक तनाव को कई गुना बढ़ा सकती हैं।

असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है-बशर्ते उसे संवैधानिक मयार्दाओं के भीतर अभिव्यक्त किया जाए। यदि समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी यह समझ ले कि विचारों का उत्तर विचारों से, तर्क का उत्तर तर्क से और असहमति का समाधान संवाद से ही संभव है, तो भारत विश्व के सबसे परिपक्व लोकतंत्रों में अपना स्थान और अधिक सुदृढ़ कर सकता है।

आज भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक, तकनीकी और सामरिक दृष्टि से निरंतर सशक्त हो रहा है। ऐसे समय में देश के भीतर सामाजिक स्थिरता और लोकतांत्रिक परिपक्वता का महत्व और बढ़ जाता है। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता, लोकतांत्रिक संस्थाएँ और संवाद की परंपरा है। यदि हम अपने आंतरिक मतभेदों का समाधान संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप करेंगे, तो यही हमारी सबसे बड़ी वैश्विक पहचान बनेगी।

अंततः लोकतंत्र में विजय किसी सरकार, विपक्ष या किसी आंदोलन की नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की होनी चाहिए। ऐसा वातावरण निर्मित करना समय की आवश्यकता है जहाँ विरोध हो, पर वैमनस्य न हो; असहमति हो, पर हिंसा न हो; प्रशासन दृढ़ हो, पर संवेदनहीन न हो; और आंदोलन प्रभावी हों, पर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित रहें।

लोकतंत्र का सामर्थ्य न लाठी में है, न पत्थर में। उसकी वास्तविक शक्ति संवाद, संवैधानिक मयार्दा, पारस्परिक विश्वास और नागरिक उत्तरदायित्व में निहित है। यदि भारत को विकसित, समरस और विश्व के लिए आदर्श लोकतंत्र बनाना है, तो हर भारतीय को यह स्वीकार करना होगा कि लोकतंत्र की भाषा लाठी और पत्थर नहीं, केवल संवाद है।

## अनदेखी छुअन

बुंदेलखंड के उस सुदूर और सूखे इलाके के आखिरी कोने पर जहाँ सरकारी पानी का नल पिछले कई दशकों से केवल सूखी हवा और जंग के कतरे उगल रहा था वहाँ महुआ के गिरे हुए पत्तों के पीछे मिट्टी की एक ढहती हुई पुरानी ओवरी थी। उस ओवरी की कच्ची चौखट पर कोई किवाड़ नहीं था बस एक फटा हुआ टाट का बोरा हवा के बर्फीले थपेड़ों से इस तरह हिल रहा था मानो कोई मरणासन्न उम्मीद अपनी अंतिम साँसें रोककर किसी अपने के आने का रास्ता देख रही हो। भीतर बिजली का कोई नामोनिशान नहीं था बस फर्श पर मिट्टी का एक दीया जल रहा था जिसकी मद्धम रोशनी पूरे कमरे में एक सोंधी महक और उदासी का कोहरा फैला रही थी जो सीधे देखने वाले के अंतस को भीजने का काम करती थी। उस कोने में रखे एक पुराने पीतल के घड़े के पास एक बूढ़ा पिता बैठा था जिसके हाथों की झुर्रियों में इस रेतीले अंचल की पूरी लाचारी और गुरबत साफ दिखाई दे रही थी और वह अपनी सूनी हो चुकी पथराई आँखों से उस सूखे बर्तन को इस तरह ताक रहा था जैसे वह कोई बेजान धातु नहीं बल्कि अपनी उस संतान का खोया हुआ स्पर्श ढूंढ रहा हो जो बरसों पहले शहर के बड़े अफसरों की चमचमाती फाइलों की भेंट चढ़ चुकी थी। एक बदहवास और कीमती लिबास पहने नौजवान ने उस अंधेरे कमरे में कदम रखा जिसकी आँखों में पूरी दुनिया को जीत लेने का झूठा घमंड और भीतर का गहरा खालीपन साफ झलक रहा था। उसने अपनी भारी आवाज में बुंदेली बोली का पुट देते हुए पूछा ₹काहे दद्दा तुम अबहू इस खाली घड़े को पकड़े बैठे हो क्या तुम्हें खबर नहीं मिली कि शहर के बड़े ठेकेदार ने आज हमारी इस पूरी बस्ती को उजाड़ने का नया सरकारी फरमान जारी कर दिया है₹ बूढ़े पिता ने बिना पलक झपकाए उस बर्तन पर अपना काँपता हुआ हाथ रखा और अत्यंत शांत स्वर में बोले बेटा जब तक इस बूढ़ी माटी के सीने में पानी की उस आखिरी बूंद की तड़प बची है जो तेरी माँ अपनी छाती से निचोड़कर लाती थी तब तक इस घर की मयार्दा को कोई हमसे जुदा नहीं कर सकता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 जुलाई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:59 सूर्यास्त 19:08
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - एकादशी 11:35 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - ज्येष्ठा दिन पूर्ण उपरांत ज्येष्ठा
योग - ब्रह्म 21:09 उपरांत ऐन्द्र
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास-सावान मास 10 तारिख

**मेष-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।

**मिथुन-** कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।

**सिंह-** किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**तुला-** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक-** बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**धनु-** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे।

**मकर-** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी।

**कुंभ-** प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं।

**मीन-** व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। शत्रु पस्त होंगे।

**(व्यंग-बाण)**

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में भारतीय मूल का वैश्विक नेतृत्व



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज मानव इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी तकनीकों में गिनी जा रही है। जिस प्रकार औद्योगिक क्रांति ने उत्पादन प्रणाली को बदला, इंटरनेट ने संचार और सूचना के स्वरूप को परिवर्तित किया, उसी प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले दशकों में अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा और सामाजिक जीवन को गहराई से प्रभावित करने वाली है। इसी कारण दुनिया के विकसित देश केवल एआई तकनीक विकसित करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उसके सुरक्षित, जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए प्रभावी नीतियां भी बना रहे हैं। ऐसे समय में ब्रिटेन द्वारा भारतीय मूल के कनिष्क नारायण को देश का पहला समर्पित और कैबिनेट स्तर का कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंत्री नियुक्त करना केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला कदम माना जा रहा है। यह नियुक्ति तकनीकी नेतृत्व, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और भारतीय प्रतिभा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता का भी महत्वपूर्ण प्रतीक बन गई है।

कनिष्क नारायण का जन्म बिहार के मुजफ्फरपुर में हुआ था। जब वे लगभग बारह वर्ष के थे, तब उनका परिवार ब्रिटेन के वेल्स चला गया। प्रारंभिक जीवन आर्थिक चुनौतियों से भरा रहा, लेकिन शिक्षा के प्रति समर्पण और प्रतिभा के बल पर उन्होंने आगे बढ़ते हुए ईटन कॉलेज, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और बाद में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। यह यात्रा केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह दशार्ती है कि कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और अवसर व्यक्ति को वैश्विक नेतृत्व तक पहुंचा सकते हैं।

राजनीति में आने से पहले कनिष्क नारायण ने ब्रिटिश सरकार की सिविल सेवा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने कैबिनेट ऑफिस तथा पर्यावरण विभाग में नीतिगत कार्य किए और बाद में निजी क्षेत्र में भी रणनीतिक एवं आर्थिक विषयों पर अनुभव प्राप्त किया। इस विविध अनुभव ने उन्हें प्रशासन, सार्वजनिक नीति, तकनीकी परिवर्तन और आर्थिक विकास के बीच संबंधों को गहराई से समझने का अवसर दिया। यही कारण है कि उन्हें केवल एक राजनेता नहीं बल्कि नीति निर्माण और तकनीकी प्रशासन की समझ रखने वाले नेता के रूप में देखा जाता है।

साल 2024 के आम चुनाव में उन्होंने वेल ऑफ ग्लैमरगन निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की और वेल्स के पहले जातीय अल्पसंख्यक सांसद बने। इसके बाद उन्हें विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विभाग में एआई और ऑनलाइन सुरक्षा से संबंधित जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑनलाइन सुरक्षा, बौद्धिक संपदा, सेमीकंडक्टर, तकनीकी नवाचार तथा एआई सुरक्षा संस्थान जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य किया। यही अनुभव आगे चलकर उन्हें ब्रिटेन के पहले कैबिनेट स्तर के एआई मंत्री के रूप में स्थापित करने का आधार बना।

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने सरकार के पुनर्गठन के दौरान एआई को अलग और अधिक महत्व देते हुए इस मंत्रालय को कैबिनेट स्तर का दर्जा दिया। इसके साथ ही कनिष्क नारायण को कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंत्री नियुक्त किया गया। यह निर्णय इस बात का संकेत है कि ब्रिटेन एआई को केवल तकनीकी विषय नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सार्वजनिक सेवाओं और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से जुड़ा रणनीतिक क्षेत्र मानता है। इस नई व्यवस्था में एआई नीति का समन्वय सीधे सरकार के सर्वोच्च स्तर पर किया जाएगा। आज पूरी दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। चिकित्सा क्षेत्र में रोगों की शीघ्र पहचान, कृषि में बेहतर उत्पादन, शिक्षा में व्यक्तिगत शिक्षण, उद्योगों में स्वचालन, परिवहन में स्मार्ट सिस्टम और प्रशासन में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के कारण एआई विकास का प्रमुख आधार बन चुका है।

# प्रासंगिक विशेष : नशे से दूरी - है जरूरी



डा. घनश्याम बटवाल
(दैनिक अवन्तिका)

नशे भी कई तरह के होते हैं। यह जुनून का भी एक प्रकार है जैसे परीक्षा में अव्वल आना, खेल में विजेता होना, लक्ष्य को हासिल करना, दायित्वों को सबसे पहले पूर्ण करना या गिनीज बुक में नाम दर्ज कराने जैसे जुनून या एक तरह से नशे में डूबकर लक्ष्य प्राप्त करना कहा भी जाता है परिवारों और समाज में कि इसे तो फला का नशा है, यह एक सकारात्मक पक्ष है नशे या जुनून का, पर हम यहाँ बात कर रहे हैं आमतौर पर उस नशे की जो मादक द्रव्यों, सिंथेटिक ड्रग्स, शराब, स्मैक, हेरोइन, सिगरेट-तम्बाकू आदि की जो वर्तमान में बबार्दी के कारण बन रहे हैं। सब जानते हैं शराब, गांजा-भांग, सिगरेट, बीड़ी, तम्बाकू, गुटका और स्मैक-हेरोइन , अफीम, कोकीन आदि नशे के माध्यम हैं ही अब युवा आगे बढ़कर रासायनिक ड्रग्स की ओर आकर्षित हैं।

देश के युवा वर्ग में इन दिनों नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है तथा उसी प्रकार नशे से हो रही मौतों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। इसलिए युवाओं को नशे से बचाने के लिए पहल करनी होगी, ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें। अगर युवा शक्ति नशे की चपेट में आ रही है, तो नशा रूपी राक्षस को किस तरह समाप्त किया जा सके, इस विषय में समाज को गंभीर चिंतन करना होगा और यह सामूहिक जिम्मेदारी है ।

एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों की दर अलग-अलग है, लेकिन एक बात साफ है कि नशे का जो प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। इसके कारणों में मुख्य रूप से निष्क्रिय जीवन शैली, युवा वर्ग को उचित मार्गदर्शन का अभाव, पारिवारिक कलह, माता-पिता द्वारा बच्चों की तरफ ध्यान न देना, गलत संगत, अवसाद, तनाव, प्रेम में हताशा, गलाकाट प्रतिस्पर्धा अतिमहत्वाकांक्षी होना, हाई प्रोफाइल जीवन शैली की लालसा, नशे को शान का प्रतीक समझना, नशे की उपलब्धता तथा पहुंच आसान होना एवं अन्य मनोवैज्ञानिक कारण भी नशे की लत के कारण हैं।

नशे की आदत जघन्य अपराधों की जननी है

नशेड़ी किशोर वय बच्चे चोरियां करने के अतिरिक्त अपने माता-पिता से मारपीट तथा उनकी हत्या करने में भी नहीं हिचकते हैं। ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, इसलिए जरूरी है कि नशे रूपी राक्षस को जड़ से खत्म किया जाए।

निष्क्रिय जीवन शैली

यह सत्य है कि 20-25 साल पहले पहाड़ी प्रदेश सहित अन्य प्रांतों में स्मैक, हिरोइन, एलएसडी या अन्य सिंथेटिक ड्रग्स की उपलब्धता आसान नहीं थी लेकिन उस समय गांव के लोगों की जीवन शैली भी सक्रिय थी। उस समय की दिनचर्या में सुबह उठते ही गांव के लोग गाय-भैंसों को चराते, खेती में व्यस्त रहते, दूर-दूर से पानी एवं चूल्हे के लिए लकड़ी लाते एवं प्रकृति के नजदीक रहते। नारी और शारीरिक श्रम से व्यक्ति सुखद और शांत जीवन जीते और सैर भी करते, युवा वर्ग पर व स्कूल के कार्य के साथ मैदानी खेलों में व्यस्त रहता था। इसके विपरीत आज के युवा वर्ग को खेलों व अन्य कार्यों गतिविधियों में दिलचस्पी नहीं है। यह भी सही है कि आज चुनौती बढ़ी हुई है और इसके साथ समन्वय स्वयं का और परिवार जनों का जरूरी लगता है ।

मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग के कारण आज का नौजवान नशे की तरफ आकर्षित हो रहा है। यह भी एक कारण बन रहा है । सोशल मीडिया पर लाइक, कमेंट्स व अन्य प्रतिक्रियाओं से डोपामाइन नामक रसायन का स्राव होता है, जो हमें खुशी और संतुष्टि का अहसास कराता है।

**धर्म-आस्था**

# बेहद दिलचस्प है भगवान शिव और बरगद के वृक्ष का संबंध



बरगद के पेड़ से जुड़ी कई धार्मिक मान्यताओं के कारण इसकी पूजा की जाती है लेकिन इस पेड़ का अध्यात्म से भी गहरा संबंध है। बरगद का पेड़ का न केवल अमरता का प्रतीक है, बल्कि भगवा- शिव का निवास-स्थान भी माना जाता है। यह जन्म और मृत्यु को भी प्रतीकात्मक रूप से दर्शाता है।

बरगद का वृक्ष भारतीय संस्कृति में सबसे पवित्र वृक्षों में से एक माना जाता है। इसकी विशाल शाखाएँ, गहरी जड़ें और सैकड़ों वर्षों तक जीवित रहने की क्षमता इसे स्थिरता, चेतना और अमरत्व का प्रतीक बनाती हैं। बरगद के पेड़ को 'व्रत वृक्ष' या 'संन्यासी वृक्ष' भी कहा जाता है। अमरता का प्रतीक होने के कारण वट सावित्री व्रत में महिलायें इस वृक्ष की पूजा करती हैं। मान्यता है कि यह वृक्ष पति को दीघार्यु देता है। यह मान्यता इसलिए प्रचलित है क्योंकि एक कथा के अनुसार माता पार्वती ने शिव जी से दीघार्यु और अखंड सौभाग्य का वर बरगद के नीचे प्राप्त किया। तभी से स्त्रियाँ वट सावित्री व्रत में बरगद की पूजा करती हैं। बरगद का संबंध केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि गहरे आध्यात्मिक अर्थों से जुड़ा हुआ है। बौद्ध धर्म में इसे 'बोधि वृक्ष' कहा जाता है और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। वहीं, हिन्दू धर्म में इसे भगवान शिव से जोड़कर देखा जाता है। इस पेड़ को शिवजी से जोड़ने के पीछे क्या रहस्य है, चलिए जानते हैं...भगवान शिव और बरगद के पेड़ का संबंध

बरगद को भगवान शिव का प्रतीक कई कारणों से माना जाता है। जिस प्रकार शिव जी अनादि और अनंत हैं, ठीक उसी प्रकार बरगद भी अनेक पीढ़ियों तक जीवित रहता है और अमरता का प्रतीक बना हुआ है। भगवान शिव को केवल संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और पुनर्जन्म का देवता भी माना जाता है। वे सृष्टि के उस नियम का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहाँ हर अंत एक नई शुरूआत का संकेत होता है। बरगद की भी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसकी शाखाओं से नई जड़ें निकलती हैं, जो बाद में स्वयं तने का रूप ले लेती हैं और फिर वह विशाल पेड़ स्थिरता, अमरत्व और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक बन जाता है। बरगद के पेड़ की इसी खासियत के कारण आज भी कई प्राचीन मंदिरों और तपोस्थलों में बरगद के वृक्ष के नीचे शिवलिंग की स्थापना मिलती है। यह इस बात का प्रतीक है कि प्रकृति और परमात्मा एक-दूसरे से अलग नहीं हैं।

एक पौराणिक कथा के अनुसार, जब सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में आत्मदाह किया, तो शिव गहन वैराग्य में चले गए। उस समय उन्होंने बरगद के नीचे ही ध्यान लगाया था। तब से, बरगद की विशाल जड़ें और शाखाएँ शिव के अनंत स्वरूप का प्रतीक बनीं। बरगद के पेड़ की छाया को ईश्वर की छाया माना जाने लगा। बरगद के वृक्ष के नीचे ऋषि बैठकर तपस्या करने लगे। ऋषि और संन्यासी, इस पेड़ के नीचे शिवलिंग बनाकर विराजमान करने लगे और पूजने लगे। जिस प्रकार शिव जी एक तपस्वी, योगी और आत्माओं के स्वामी माने जाते हैं, ठीक उसी तरह बरगद के पेड़ की छाया भी तपस्वियों और योगियों के लिए पसंदीदा स्थान बन गया। वे इसी पेड़ के नीचे अपने प्राण भी त्यागने लगे और मान्यताओं के अनुसार यह पेड़ पूर्वजों की आत्माओं का पेड़ कहा जाता है। कई श्मशान घाट के पास बरगद का पेड़ लगाया जाता है, ताकि आत्माओं को एक स्थान मिल सके। यह पेड़ शिव जी के साह-साथ यम का भी प्रतीक बन गया।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,400 चांदी- टंच- 2,23,000 पाट- 2,22,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मिलावटखोरों पर प्रशासन का शिकंजा, डेयरियों पर खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई

**शाजापुर।** त्योहारों की आहट के साथ ही मुनाफे की होड़ में पनपने वाले मिलावट के काले कारोबार को कुचलने के लिए शाजापुर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कमर कस ली है। आम जनता की थाली तक पहुंचने वाले दूध और दुग्ध उत्पादों में किसी भी प्रकार की अशुद्धता को रोकने के लिए विभाग ने शहर में सघन चेकिंग अभियान छेड़ दिया है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के कड़े निर्देशों पर गुरुवार को विभागीय टीम ने शहर में कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गुणवत्ता परीक्षण के लिए शहर की दो अलग-अलग डेयरियों पर दबिश दी गई। इस दौरान टीम ने जय श्री राम डेयरी से भैंस के दूध और सांवरिया डेयरी से गाय के दूध का सैंपल जांच के लिए लिया।

## किसानों ने 2025 खरीफ फसल बीमा में विसंगति बताई, ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग

खातेगांव। खातेगांव जनपद के ग्राम बुराड़ा और रेहटी के किसानों ने गुरुवार को तहसीलदार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने वर्ष 2025 की खरीफ फसल बीमा राशि का उचित भुगतान कराने की मांग की है। किसानों ने बताया कि वर्ष 2025 के खरीफ सीजन में उन्होंने सोयाबीन की फसल बोई थी, जिसे भारी नुकसान हुआ था। इसके बावजूद, कई किसानों को केवल नाममात्र की बीमा राशि मिली है, जबकि अनेक किसानों को अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। किसानों का आरोप है कि नियमानुसार प्रीमियम जमा करने के बाद भी उन्हें नुकसान के अनुपात में मुआवजा नहीं मिला। ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें बीमा भुगतान में ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा है। उनका कहना है कि खातेगांव तहसील के अन्य क्षेत्रों के किसानों को अपेक्षाकृत अधिक बीमा राशि मिली है, जबकि बुराड़ा और रेहटी के किसानों के साथ भेदभाव किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**शाजापुर में बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश**

## एक आरोपी गिरफ्तार, चोरी की 5 बाइक बरामद, आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया



**शाजापुर।** शहर में बाइक चोरी की लगातार हो रही वारदातों के बीच कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की पांच बाइक बरामद की हैं। इस कार्रवाई का खुलासा शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुलिस ने 20 जुलाई को बेरछा थाना क्षेत्र के रुलकी स्थित कंजर डेरे में दबिश दी थी। इस दौरान पुलिस टीम ने एक युवक विकास को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस को शहर में हुई बाइक चोरी की वारदातों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। आरोपी से गहन पूछताछ के बाद उसने शहर में हुई पांच बाइक चोरी की वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि आरोपी से अभी पूछताछ जारी है और पुलिस को अन्य वारदातों के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 85/3/1/1 रकबा 0.272 हेक्टर स्थित ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को उस्मान पिता श्री न्याज मोहम्मद, जाति नायता निवासी 144 ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी।

इति दिनांक 24-07-2026 स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर : 9826534221, 8839920862**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 44/1/1 रकबा 0.610 हेक्टर स्थित ग्राम गोंदिया तहसील व जिला उज्जैन को श्रीमती गीताबाई पति स्व. नंदरामजी, निवासी ग्राम राणावड तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी।

इति दिनांक 24-07-2026 स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बरः 9826534221, 8839920862**


# 18 लाख की बजाय हितग्राहियों को थमा दिए 8 लाख कीमत के वाहन, योजना में भ्रष्टाचार की हुई शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शाजापुर जिले के ग्राम शादीपुरा में अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने की योजना में कथित गड़बड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि मत्स्य विभाग की योजना में 18 लाख रुपए कीमत के इन्सुलेटेड वाहन के स्थान पर दो सगे भाइयों को करीब 8-8 लाख रुपए कीमत के लोडिंग बोलेरो वाहन उपलब्ध करा दिए गए। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब जिला पंचायत से 16 हितग्राहियों के भौतिक सत्यापन के लिए सूची ग्राम पंचायत पहुंची। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा मौके पर पहुंचकर सत्यापन किए जाने के बाद मामले की परतें खुलने लगीं। हितग्राही विकास भिलाला और रोहित भिलाला के अनुसार, दोनों के बैंक खाते आगर में बैंक ऑफ बड़ौदा में खुलवाए गए। इसके बाद उनसे छह-छह चेक पर हस्ताक्षर करवाए गए। 10 मार्च 2026 को दोनों के खातों में मत्स्य विभाग की ओर से 18-18 लाख रुपए जमा हुए और अगले ही दिन चेक के माध्यम से राशि अलग-अलग निजी खातों में ट्रांसफर किए जाने का आरोप है।

हितग्राहियों का आरोप है कि उन्हें योजना के तहत 18 लाख रुपए के इन्सुलेटेड वाहन की जानकारी नहीं दी गई। इसके बजाय दोनों को राठी मोटर्स से लोडिंग बोलेरो वाहन दिलवा दिए गए। वाहन मिलने के बाद दोनों ने अपनी जेब से उसकी बॉडी भी बनवाई। उन्हें वास्तविक योजना का पता तब चला, जब ग्राम पंचायत सचिव भौतिक सत्यापन के लिए उनके घर पहुंचे। दोनों भाइयों का आरोप है कि उनके नाम पर 18-18 लाख रुपए की राशि स्वीकृत और खातों में जमा हुई, लेकिन उन्हें उसकी जानकारी नहीं दी गई और निर्धारित वाहन के स्थान पर कम कीमत के वाहन दे दिए गए। मामले में दोनों ने कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की है। उनका कहना है कि शिकायत के बाद उन्हें धमकियां भी दी जा रही हैं। रोहित भिलाला ने बताया कि मुझे मछली विभाग से गाड़ी मिली थी। इसमें मेरे खाते में 18 लाख डाले गए थे, जिसमें से 9 लाख की गाड़ी मिली। यह गाड़ी सिर्फ बोलेरो (पिकअप कैंपर) मिली थी, इस पर बॉडी भी बनकर नहीं आई थी। और अभी तक मुझे मछली पालन का कोई कार्य नहीं मिला है। मैं अपनी गाड़ी भाड़े-थोड़े पर ऐसे ही चला रहा हूं।



**दलालों के जरिए सीधे आवेदन लेने का आरोप**

हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि योजना के लिए आवेदन जिला पंचायत, जनपद पंचायत या ग्राम पंचायत के माध्यम से नहीं लिए गए। उनके अनुसार, मत्स्य विभाग से जुड़े दलाल सीधे उनके पास पहुंचे और दस्तावेज लेकर वाहन दिलाने की बात कही। हितग्राहियों का कहना है कि उन्हें करीब 8 लाख रुपए के वाहन की योजना बताई गई थी। बाद में ग्राम पंचायत के सत्यापन के दौरान पता चला कि योजना में 18 लाख रुपए का इन्सुलेटेड वाहन दिया जाना था।





**बाकी राशि कहां गई, जांच कराएं- सहायक संचालक**

मत्स्य विभाग की सहायक संचालक विनिता गौतम ने बताया कि 16 हितग्राहियों में से दो को राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि 18 लाख रुपए की राशि में से बाकी रकम कहां गई और निजी खातों में रुपए किसने ट्रांसफर किए? इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

**निजी खातों में ट्रांसफर हुई राशि के वास्तविक लाभार्थी कौन हैं?**

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि 18 लाख रुपए की राशि वास्तव में दो हितग्राहियों के नाम स्वीकृत थी, तो उन्हें 8 लाख रुपए के वाहन ही क्यों मिले और शेष राशि आखिर किसके पास पहुंची? इस सवाल का जवाब जांच के बाद ही सामने आएगा, लेकिन मामला सामने आने के बाद मत्स्य विभाग की पूरी योजना और करोड़ों रुपए के आवंटन की प्रक्रिया सवालों के घेरे में है।

## नाबालिग को धमकाने के आरोप में घिरे पुलिसकर्मी

**शाजापुर।** जिले में खाकी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मक्सी थाने में पदस्थ एक पुलिसकर्मी पर आरोप है कि उसने न सिर्फ एक नाबालिग के अपहरणकर्ता का साथ दिया, बल्कि सबूत मिटाने और पीड़िता को धमकाने में भी मदद की। मामले की शिकायत आला अधिकारियों तक पहुंचने के बाद शाजापुर एसपी प्रियंका शुक्ला ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। यह पूरी घटना 15 जुलाई को बताई जा रही है, जब गड़ोली निवासी अंकित उर्फ अरविंद नाम का एक युवक एक नाबालिग को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मक्सी थाने के पुलिसकर्मी शेखर जाट ने आरोपी को फोन पर निर्देश दिए और पुलिस से बचने के लिए उसकी गाड़ी की नंबर प्लेट तक हटवा दी। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मी पर यह भी आरोप है कि उसने नाबालिग को धमकाते हुए कहा कि अगर पुलिस पकड़े तो अपनी उम्र 20 साल बताना। ऐसा न करने पर उसने पीड़िता के पूरे परिवार को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी।

## बेरछा में लाखों की चोरी का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार, माल लेकर दो साथी फरार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बेरछा

जिले के बेरछा इलाके में पिछले दिनों सूने घर को निशाना बनाकर हुई लाखों रुपये की चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। रात के अंधेरे में घर में घुसकर जेवरात उड़ाने वाले गिरोह के एक मुख्य सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से आंशिक माल भी बरामद कर लिया है, जबकि वारदात में शामिल उसके दो अन्य साथियों की सरगर्मी से तलाश अभी जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जुलाई 2026 को बेरछा निवासी राधेश्याम सोलंकी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि रात के समय कोई अज्ञात बदमाश उनके घर में घुसकर करीब 1,75,000 रुपये कीमत के सोने और चांदी के जेवरात चुरा ले गया है। इस शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए बेरछा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शाजापुर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय व एसडीओपी डॉ. नागेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक भरतसिंह किरार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस विशेष पुलिस टीम ने मुखबिरों की सूचना और तकनीकी मदद से रुलकी कंजर डेरा निवासी 28 वर्षीय विकास कंजर को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए माल में से करीब 58,500 रुपये कीमत की एक सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायजेब और एक जोड़ी चांदी की बिछिया बरामद कर ली है। कड़ी पूछताछ में आरोपी विकास ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने यह वारदात अपने दो अन्य साथियों, अमीश कंजर और विशाल कंजर के साथ मिलकर अंजाम दी थी।



**साथियों की तलाश जारी**

आरोपी के मुताबिक, चोरी की शेष रकम और जेवरात उसके उन्हीं दोनों फरार साथियों के पास हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है और बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। इस पूरी कार्रवाई और मामले का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी भरतसिंह किरार सहित उप निरीक्षक सूरजभान सिंह ढिल्लन, साइबर सेल के आरक्षक राजेश दांगी व थाने की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## ट्रक की टक्कर से बहन की मौत, भाई घायल

**देवास।** जिस बहन ने पूरे परिवार के साथ अपने भाई का जन्मदिन हंसी-खुशी मनाया, गुरुवार सुबह सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। घटनाक्रम देवास का है। पढ़ाई के लिए इंदौर लौटते समय देवास के शिप्रा ब्रिज के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बहन ने दम तोड़ दिया जबकि उसका भाई घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, देवराज सिंह अपनी 19 वर्षीय बहन सुमन के साथ बाइक से पीपलरावां से इंदौर जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे शिप्रा ब्रिज के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुमन उछलकर ट्रक की बॉडी से टकराई और उसके सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर गिरने से भाई को पैर में चोट आई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर फरार हो गया।

**पत्नी से इंस्टाग्राम चैट के शक में मारपीट**

## घर में घुसकर महिला को पीटा, आरोपियों की पांच बाइकें जलाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

जिले में इंस्टाग्राम पर पत्नी को कॉल करने के आरोप में पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर कॉल करने वाले के घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि वहां पांच लोगों ने मिलकर घर में महिला से मारपीट की गई।

इस बीच घर के सदस्य पहुंचे जिसके बाद पांचों आरोपी भाग खड़े हुए। आरोपियों के भागने के बाद उनकी पांच बाइकें जला दी गईं। बरोठा पुलिस ने घटना बुधवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।

बरोठा थाना प्रभारी सविता सिंह के अनुसार नीलेश को शक था कि मनोज ने उसकी पत्नी को इंस्टाग्राम पर कॉल किया और उससे चैटिंग की। इसी बात को लेकर उसने अपने साथियों के साथ मनोज के घर पर हमला कर दिया। पूजा उर्फ टीना रावत (19), पत्नी मनोज, निवासी ग्राम धारुखेड़ी ने बरोठा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई की रात करीब 11 बजे नीलेश, अर्पित निवासी बरखेड़ी, विनोद, अनिल और एक अन्य नाबालिग उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज की और उनके साथ मारपीट की।

**5 आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने इस मामले में शिकायत मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एचएन बाथम और उप पुलिस अधीक्षक बबिता बामनिया ने थाना प्रभारी बरोठा सविता सिंह को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

**बाइक दुर्घटनाग्रस्त, युवक घायल**

## सारंगपुर-अकोदिया हाईवे पर असंतुलित होकर 50 मीटर घिसटी बाइक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अकोदिया

सारंगपुर-अकोदिया स्टेट हाईवे नंबर 41 पर गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक सड़क हादसे में युवक घायल हो गया। बाइक के अचानक बेकाबू होकर गिरने से चालक सड़क पर लगभग 50 मीटर तक घिसटता चला गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

हादसे में घायल युवक की पहचान मदाना निवासी गणेश पिता शेष नारायण पठारीया के रूप में हुई है। बाइक से नियंत्रण खो देने के कारण गणेश हादसे का शिकार हो गए, जिससे उन्हें शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं।

**डायल 112 की टीम ने पहुंचाया अस्पताल**

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक जितेन रैकवार और पायलट आदिल शेख ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल गणेश को तत्काल उपचार के लिए सारंगपुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है।

## फसल बीमा भुगतान करने की मांग

**आगर मालवा।** नगर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 की दावा राशि के भुगतान को लेकर किसानों में भ्रम और नाराजगी का माहौल है। भारतीय किसान संघ ने उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग को ज्ञापन सौंपकर भुगतान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा ने बताया कि 19 जुलाई को राज्य सरकार ने दावा राशि का भुगतान किया, लेकिन जिले के कई किसानों के खातों में राशि नहीं पहुंची है, जबकि कुछ किसानों को ही भुगतान की जानकारी मिली है।

## मुकेश की जयंती पर आयोजन मंगलवार को

**तराना।** गीतकार मुकेश की जन्म जयंती पर एक भव्य संगीतमय शाम का आयोजन किया जा रहा। श्रोताओं के लिए निशुल्क प्रवेश रहेगा। मुकेश के गीतों की प्रस्तुति की जाएगी। यह आयोजन मंगलवार को महेश्वरी भवन में शाम 5 बजे तक 10 बजे तक आयोजित होगा।

**आगर में जैन साध्वियों का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश**

## चातुर्मास आत्मशुद्धि, संयम, तप का अवसर बैंड-बाजे के साथ निकला चल समारोह

अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

चातुर्मास के लिए जैन साध्वी भगवंत सौम्यवंदना श्रीजी महाराज आदि ठाणा-5 का शुक्रवार को मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाजजन शामिल हुए। साध्वियों का चल समारोह कोटा रोड स्थित वासुपूज्य तारक धाम जैन मंदिर से सुबह 10 बजे शुरू हुआ।

बैंड-बाजे के साथ निकला यह चल समारोह विभिन्न मार्गों से होते हुए इमली गली स्थित उपाश्रय पहुंचा। जुलूस हॉस्पिटल चौराहा, रानीसती मार्ग, सरकार बाड़ा, नाना बाजार और अहीर मोहल्ला से गुजरा। इसमें पांचों साध्वी भगवंत के साथ बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे, जिनमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। मार्ग में कई स्थानों पर समाजजनों ने साध्वी भगवंत के समक्ष गऊली कर उनका स्वागत किया।





उपाश्रय में आयोजित धर्मसभा में साध्वी भगवंत सौम्यवंदना श्रीजी ने चातुर्मास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में चातुर्मास केवल चार महीने तक एक स्थान पर ठहरने की परंपरा नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि, संयम, तप, स्वाध्याय और धर्म साधना का विशेष अवसर है।

**अधिक से अधिक समय धर्म आराधना में लगाए**

साध्वी श्रीजी ने बताया कि वर्षा ऋतु में जीव-जंतुओं की उत्पत्ति अधिक होने के कारण साधु-साध्वियां विहार रोककर एक ही स्थान पर रहते हैं। इससे सूक्ष्म जीवों की हिंसा से बचाव होता है और अधिक से अधिक समय धर्म आराधना में लगाया जा सकता है।


### न्यायालय तहसीलदार तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा (म.प्र.)

**क्रमांक/रीडर/2026/1087** **दिनांक 20/05/2026**

**विज्ञप्ति**

**प्रकरण क्रमांक 294/अ-6/2026-27**

सर्व साधारण जनता ग्राम सुसनेर तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा को सूचित किया जाता है कि आवेदक वसीयतग्रहिता प्रदीप कुमार पिता रघुनाथ राव अमृतफले जाति दक्षिण ब्राहम्ण नि. पुणे महाराष्ट्र द्वारा ग्राम सुसनर के भूमि सर्वे नंबर 1395/1, 1395/3, 1396 1399, 1400 1401/1. 1402/1, 1403/2, 1407 कुल किता 9 कुल रकबा 0.8770 हे. भूमि को वसीयतकर्ता रघुनाथ राव आत्मज लक्ष्मणराव नि. सुसनेर से वसीयत मे ली गई भूमि का मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त नामांतरण में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह मेरे समक्ष 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार, तहसील सुसनेर**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमती लीला बनिहार पति श्री नगजीराम बनिहार निवासी ए-18/21, त्रिवेणी विहार, इन्दौर रोड उज्जैन (म.प्र.) 2- शिवनारायण बनिहारद पिता श्री नगजीराम बनिहार 3- ईश्वर बनिहार पिता श्री नगजीराम बनिहार निवासीगण 09, अर्पिता कॉलोनी, नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन क्रमांक ए-18/21 श्रेणी एम-2 का भाग दक्षिण दिशा का स्थित त्रिवेणी विहार आवासीय योजना, उज्जैन (म.प्र.) में है जिसका कुल क्षेत्रफल 67-50 वर्गमीटर है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त संपत्ति पर कोई व्यक्ति अपना हित व हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा। तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः-23/07/2026 उज्जैन

**अचिंतदास कुशवाह (एडव्होकेट)**
**पता सी-7, भरतपुरी शापिंग कॉपलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**कार्यालयीन समय सुबह 11-00 से 6-30 बजे तक**
**मो.नं.- 94250-92149, 90093-04444**



### जाहिर सूचना संपत्ति दस्तावेज गुम हो जाने बाबत

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, संपत्ति भवन क्रमांक 9 ए नया म्युनिसिपल भवन क्रमांक 14/9 स्थित संत बालिनाथ नगर सांवेर रोड उज्जैन (म.प्र.), उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध करार कर बयाना राशि दे दी है जिसका विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित होना अभी शेष है उक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय पत्र जिसका पंजीयन क्रमांक MP432022024A11150811 दिनांक 19/09/2024 हैं, उक्त विक्रय पत्र इंडिया शेल्टर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड ने मूल स्वामी राजेश सिंह कुशवाह पिता श्री शिशुपाल सिंह कुशवाह के हित में संपादित किया हैं, उक्त विक्रय पत्र मूल स्वामी राजेश सिंह कुशवाह पिता श्री शिशुपाल सिंह कुशवाह से कही गुम हो गया हैं तथा कई बार तलाश ने पर भी नही मिल रहा हैं जिसका आवेदन थाना नानाखेड़ा उज्जैन में पूर्व में दे दिया गया था। उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी राजेश सिंह कुशवाह पिता श्री शिशुपाल सिंह कुशवाह है यदि उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र जिसका पंजीयन क्रमांक MP432022024A11150811 दिनांक 19/09/2024 के संबंध में किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई का ऋण, भार या मतालबा हो या किसी के पास बंधक, गिरिवी या शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा अनुबंध पत्र विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र, बंधक रख ऋण आदि प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र है, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो इति दिनांक 25.07.2026

**एडव्होकेट प्रतिक उपाध्याय**
**कार्यालय - 21, दशहरा मैदान, संजीवनी हॉस्पिटल के सामने, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.) मो. न. 91111-44811**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म BABJI FIRE WORKS Address 15/2/1, Juna Somwaria, Veer Durgadas Marg, Ujjain (M.P.) Registration No. 07/33/01/0050/20 Dated 25/09/2020 जिसमें दिनांक 30/11/2020 को मुश्ताक अली नवाब अब्दुल अली नवाब, पता 131, कमरी मार्ग, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) भागीदार का इंतकाल हो गया है।

तथा जिसमे दिनांक 01/12/2020 को फर्म का पत्ता 15/2/1, Juna Somwaria, Veer Durgadas Marg, Ujjain (M.P.) के स्थान पर नवीन पता Survey No. 30, 31 and 36, Gram Ratadiya, Tehsil Ghatiya, Dist. Ujjain (M.P.) हो गया है। आज दिनांक 01/12/2020 से फर्म का नवीन पता Survey No. 30, 31 and 36, Gram Ratadiya, Tehsil Ghatiya, Dist. Ujjain (M.P.) से कार्यरत रहेगी।

तथा जिसमे दिनांक 01/12/2020 को (1) नाजीम नवाब पिता शब्बीर हुसैन नवाब, पता 40, छत्री चौक, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) और (2) हुसैन नवाब पिता शब्बीर हुसैन नवाब, पता 40. छत्री चौक, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) को नये भागीदारों के रूप में फर्म BABJI FIRE WORKS Address Survey No. 30, 31 and 36, Gram Ratadiya, Tehsil Ghatiya, Dist. Ujjain (M.P.) में प्रवेश हुआ है।

तथा जिसमे दिनांक 01/12/2020 को इब्राहिम बन्दुकवाला पिता तुराब अली बन्दुकवाला पता नई सडक, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.), अपनी स्वेच्छा से फर्म BABJI FIRE WORKS Address Survey No. 30, 31 and 36, Gram Ratadiya, Tehsil Ghatiya, Dist. Ujjain (M.P.) से पृथक हो गये है। उन्त दिनांक 01/12/2020 से इस फर्म BABJI FIRE WORKS Address Survey No. 30, 31 and 36, Gram Ratadiya, Tensil Ghatiya, Dist. Ujjain (M.P.) से पार्टनर (भागीदार) का कोई लेना देना नही है।

वर्तमान में इस फर्म BABJI FIRE WORKS में निम्न भागीदार रह गये है।

**(1) शब्बीर हुसैन नवाब**
**(2) नाजीम नवाब**
**(3) हुसैन नवाब**

**BABJI FIRE WORKS**

# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने ग्राहक अनुकूल पहल के साथ माल परिवहन सेवाओं को दी गई गति




**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने अपने नेटवर्क में माल ढुलाई राजस्व को बढ़ाने के साथ-साथ माल परिवहन सेवाओं में सुधार के लिए कई ग्राहक.केंद्रित पहलें शुरू की हैं। इन उपायों का उद्देश्य ग्राहकों के लिए कार्गो की आवाजाही को अधिक तेजए कुशल और सुविधाजनक बनाना है। पार्सल हैंडलिंग सुविधाओं का विस्तार करने के लिए लामडिंग मंडल के अधीन नारंगी स्टेशन में10 जून 2026 से आवक और जावक दोनों तरह के लीज़्ड पार्सल की बुकिंग और हैंडलिंगए एसएलआर और पार्सल वैन में पार्सल स्पेस की अग्रिम बुकिंग और इंडेंटेड पार्सल ट्रैफिक शुरू किया गया है। माल परिवहन के संचालन को सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक अन्य कदम के तहतए कटिहार मंडल के अधीन बालुरघाट . हिली सेक्शन पर नवनिर्मित ब्रॉड-गेज स्टेशनों के लिए प्रभार्य अंतर.दूरी को 23 जून 2026 से स्वीकृत कर दिया गया है। ताकि माल की सुगम आवाजाही सुनिश्चित हो। एनएफआर ने अपने मंडलों में शानदार माल लोडिंग भी दर्ज किया है। अलीपुरद्वार मंडल ने मक्का के छह रैक 252 वैगनद्ध लोड किए। जिससे माल ढुलाई राजस्व के रूप में 4.22 करोड़ रुपये की आय हुई। कटिहार मंडल ने मक्का के 39 रैक लोड किएए जिससे 23.53 करोड़ रुपये की आय हुई। लामडिंग मंडल ने भी स्टोन चिप्स के 1ए712 वैगन बुक कर, राजस्व में 6.97 करोड़ रुपये अर्जित करते हुए मजबूत स्थिति दर्ज की। इसके अलावाए सीमेंट के 2ए420 वैगन लोड किए गए और 9.89 करोड़ रुपये का राजस्व योगदान मिला जबकि पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट्स के 444 वैगन की लोडिंग से 4.08 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ। ये पहलें माल ढुलाई सुविधाओं का विस्तार करने, लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कार्गो की कुशल आवाजाही सुनिश्चित कर ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं। व्यापारों के लिएरेल परिवहन के अधिक अवसरों का सृजन करए एनएफ आरपूरे क्षेत्र में क्षेत्रीय व्यापार, आर्थिक विकास और विश्वसनीय माल परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने को प्रतिबद्ध है।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै. वै.) / रतलाम, रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य / कार्यो के लिए **IREPS निविदा निविदा संख्या: M-AMC-QWA-RTM-2026 के विरुद्ध अंतिम तिथि 22.07.2026 (खुली निविदा, सिंगल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती है। यदि किसी कारणवश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस मे नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** रतलाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म पर कोच में पानी भरने के लिए SCADA-आधारित हाई प्रेशर बूस्टर सिस्टम का सालाना रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.32,38,406.11 सभी टैक्स एवं GST सम्मेत। **निविदा फार्म की कीमत:** समस्त निविदाकार के लिए ई-निविदा फार्म निःशुल्क। **अग्रिम धन:** रु.64,800/-. **समापन अवधि:** 730 दिन एलओए जारी होने की तारीख से। **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी:** कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै. वै.), रतलाम मंडल (प.रे)। **निविदा फार्म जमा करने का अंतिम समय:** 15:00 बजे दिनांक 14.08.2026 तक जमा करने का समय। **निविदा फार्म खुलने का अंतिम समय:** 15:30 बजे दिनांक 14.08.2026 तक खुलने का समय। **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें IREPS की वेबसाईट ireps.gov.in पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै. वै.), रतलाम मंडल (प.रे) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

SPAN/3/1/171

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने उमराव पिता रतनलाल निवासी खेडा चितवालिया के स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर- 221 रकबा 0.83 हेक्टर सर्वे नंबर 222 रकबा 0.16 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 0.99 हेक्टर स्थित ग्राम कालूखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि भी अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के विकय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित में करवाने जा रहे है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 24.07.2026 उज्जैन

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन**
**समयसुबह 11.00 से 06.00 बजे तक**
**मोबाईल 98277-92292**

## सांदीपनि विद्यालय फतेहगढ़ में पर्यावरण संरक्षण और सम्मान का संदेश

**फतेहगढ़/गुना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फतेहगढ़ (सांदीपनि विद्यालय) में चल रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा - 2026 के अंतर्गत आज एक गुरु- एक वृक्ष वृक्षारोपण अभियान एवं गुरु सम्मान संदेश कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से पौधे रोपे गए। विद्यार्थियों ने प्रत्येक पौधे को अपने गुरु के नाम समर्पित करते हुए उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा का संकल्प लिया। वृक्षारोपण अभियान परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए, जिससे विद्यार्थियों को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया गया। गुरु सम्मान संदेश देते हुए छात्र-छात्राओं ने पत्र और सुंदर संदेश कार्ड तैयार कर अपने शिक्षकों के प्रति आदर एवं आभार व्यक्त किया।

## भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का हुआ भावूर्ण वर्णन

**गुना।** शहर के पवन श्री मांगलिक भवन में 20 जुलाई से 26 जुलाई तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ ले रहे हैं। कथा के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक समर्थ कृष्णदास प्रभु अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं और प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, भक्तों के प्रति उनके प्रेम, धर्म की स्थापना तथा जीवन को सदाचार, भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए और पूरा वातावरण कृष्णमय हो उठा। विजयवर्गीय समाज गुना के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय सहित आयोजकों ने अधिक से अधिक धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित होकर कथा श्रवण एवं धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की।

## अवैध मदिरा के विरूद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध जिले में विभिन्न स्थलों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सुपार्श्व रियलीटीस प्रा.लि. 34-35, आदित्य प्लाजा, कमला नेहरु मार्ग उज्जैन व्दारा डायरेक्टर 1- नरेश भण्डारी पिता श्री कल्याणमलजी भण्डारी नि0 12, मूंदरा कालोनी उज्जैन 2- विष्णू जाजू पिता श्री ब्रम्हा स्वरुप जाजू नि. 106, शिवाजी पार्क कालोनी उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का ग्राउण्ड फ्लोर प्रकोष्ट क्रमांक 4 एंव 5 जो भवन म्यु. कमांक 34-35/1, 34-35/2, 34-35/3 एंव 34-35/4 पर निर्मित बहुमंजिला भवन आदित्य प्लाजा स्थित कमला नेहरु मार्ग फ्रीगंज उज्जैन मेका भाग होकर जिसका कुल एरिया 153-00 वर्ग मीटर होकर जिसकी चर्तु:सीमा मे पूर्व रोड़। पश्चिम में गली। उत्तर में - मकान अन्य का। दक्षिण में -प्रकोष्ठ क्रमांक 03, उपरोक्त वर्णित प्रकोष्ठ पक्का आर.सी.सी. छत से निर्मित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि दे दी गई है तथा अब उक्त प्रकोष्ठस्वामी को शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एंव पंजीयन करवाया जाना है, उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, अराष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी संस्था, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो या किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, शुल्क, पेनल्टी, दण्ड, देनदारी, ब्याज आदि बकाया हो या उक्त संपत्ति मे किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7, दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वरा शेष विकयधन राशि उक्त प्रकोष्ठस्वामी को अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायगी, सो सूचित हो। दिनांक 24/07/2026

ई. स्थान - उज्जैन

**भूपेन्द्रकुमार दुगगड़ एडवोकेट**
**बी-2 भरतपूरी काम्पलेक्स ओल्ड उप-पंजीयक**
**कार्या. उज्जैन**
**समय- दोपहर 12 से शाम 5 तक**
**मो. 98270-15921**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी ताहिर तय्यब अत्तारवाला पिता स्व. तय्यब अत्तारवाला निवासी संख्या प्रेसिडेंसी सी.एच.एस. लिमिटेड फ्लेट नंबर 403, 19 ददोजी कोनदेव मार्ग रानी भोग भायकला इष्ट वीर बोसले उद्यन वी जे.बी. उद्यन मुम्बई महाराष्ट्र से उनके स्वामित्व तथा आधिपत्य का एक मकान नगर पालिका निगम वर्तमान भवन क्रमांक 49 तथा पुराना भवन क्रमांक 4/20/32 रामप्रसाद भार्गव मार्ग, उज्जैन (म.प्र) में हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 1470 वर्गफीट होकर सीएस नंबर 253 वार्ड नं. 14 उज्जैन (म.प्र) में स्थित है। उक्त वर्णित भवन वर्तमान में जी+2 बना हुआ हैं जिसके पूर्व में मकान मुनिरा का मिला है, पश्चिम में रामप्रसाद भार्गव मार्ग मिला है, उत्तर में सहसवानी मोहल्ले की जाने वाली गली मिली है व दक्षिण में मकान युसूफ भाई का मिला है उक्त भवन को उनसे मय तल, जमीन व हवाई हक़ सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया होकर बयाना राशी भी अदा कर दी है तथा शेष राशी अदा कर उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवाया जाना है। अत: इस सुचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ हो या किसी भी बैंक, प्राइवेट संस्था विभाग तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स अन्य किसी का कोई हक्क, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझ, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सुचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नही रहेगी। सो सूचित हो । दिनांक 24-07-2026

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन मो. 9993364312**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार जे. एम. फायनेंशियल होम लोन्स लिमिटेड शाखा 37 द्वितीय मंजिल घटकरपर मार्ग उज्जैन ट्रेड सेंटर बीजेपी लोकशती कार्यालय के पीछे फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 113-बी नजूल द्वारा स्वीकृत न. 105 कार्तिक नगर कॉलोनी तहसील व जिला देवास म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 69.70 वर्गमीटर अर्थात 750 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है पूर्व में - भूखण्ड क्रमांक 114, पश्चिम में - भूखण्ड क्रमांक 113ए, उत्तर में-कॉलोनी का रोड़, दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 110 स्थित है। उक्त सम्पत्ति जानीबाई पति श्री अंतरसिंह एवं श्रीमति सुशिला बाई पति श्री बहादुर सिंह ने इसके पूर्वस्वामी सुभाष पिता श्री कृपाराम से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 3192 दिनांक 05/11/2009 के माध्यम से क्रय कि। एवं जानी बाई परमार का स्वर्गवास दिनांक 03/09/2023 को हो जाने के पश्चात आधे भाग के स्वामी भादर परमार हुये तथा उक्त संपत्ति पर सुशीला बाई परमार एवं भादर परमार ने ऋण प्राप्त करने हेतु जे. एम. फायनेंशियल होम लोन्स लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैध उत्तराधिकारी के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर जे. एम. फायनेंशियल होम लोन्स लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार जे. एम. फायनेंशियल होम लोन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक ए-9/19, एम.आई. जी. वसंत विहार, उज्जैन क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर 1 विनोदकुमार बैरागी पिता श्री लक्ष्मणदासजी बैरागी 2 श्रीमती अनिता बैरागी पत्नि श्री विनोदकुमारजी बैरागी निवासीगण 06, गीता कॉलोनी, उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन से 30 वर्ष के लिये लीज पर लिया गया था जिसका पंजीयन दस्तावेज क्रमांक 1636 तारीखी 13/07/2001 हैं व उसके बाद 1 विनोदकुमार बैरागी पिता श्री लक्ष्मणदासजी बैरागी 2 श्रीमती अनिता बैरागी पत्नि श्री विनोदकुमारजी बैरागी के द्वारा भूखण्ड क्रमांक ए-9/19, एम.आई.जी. वसंत विहार, उज्जैन क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर को फ्रीहोल्ड कराया गया जिसका पंजीयन दस्तावेज क्रमांक एमपी432022021ए1247413 तारीखी 10/03/2021 यह हैं व उसके बाद श्रीमती अनिता बैरागी की मृत्यु दिनांक 03/05/2021 को हो गई हैं व उनके उत्तराधिकारी 1. श्रीमती पूर्वा शर्मा पत्नि श्री प्रियांक शर्मा पुत्री श्री विनोदकुमार बैरागी निवासी 5-बी विज्ञान नगर, इन्द्रापुरा, कोटा राजस्थान 2. श्रीमती पुजा बैरागी पत्नि श्री मयंक श्रीकान्त पानके पुत्री श्री विनोदकुमारजी बैरागी निवासी जी-40, मानवैल बाउंटी, मालेवाड़ी रोड़ सुजहलान वन अर्थ, हड़पसार, पुने महाराष्ट्रा 3. साकार बैरागी पिता श्री विनोदकुमारजी बैरागी निवासी 06, गीता कॉलोनी, बुधवारीया, अंकपात मार्ग, उज्जैन 4. विनोदकुमार बैरागी पिता श्री लक्ष्मणदासजी बैरागी निवासी 06, गीता कॉलानी, उज्जैन होना बताते हैं व उसके बाद 1. श्रीमती पुर्वा शर्मा पत्नि श्री प्रियांक शर्मा पुत्री श्री विनोदकुमार बैरागी 2. श्रीमती पुजा बैरागी पत्नि श्री मयंक श्रीकान्त पानके पुत्री श्री विनोदकुमारजी बैरागी 3. साकार बैरागी पिता श्री विनोदकुमारजी बैरागी 4. विनोदकुमार बैरागी पिता श्री लक्ष्मणदासजी बैरागी के द्वारा विक्रय पत्र का सम्पादन श्रीमती अर्चना काले पत्नि श्री दिपकजी काले निवासी ए-10/12, वसंत विहार कॉलोनी, इन्दौर रोड़, उज्जैन के हित में कर दिया गया हैं। श्रीमती अनिता बैरागी के उपरोक्त उत्तराधिकारियों के अलावा यदि अन्य कोई उत्तरधिकारी हो जो उक्त भूखण्ड मे हित रखता हो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा वर्तमान स्वामी श्रीमती अर्चना काले पत्नि श्री दिपकजी काले को मान्य किया जाकर उक्त भूखण्ड पर एल.आई.सी. हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड उज्जैन के द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक ए-9/19, एम.आई.जी. वसंत विहार, उज्जैन क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर को बंधक कर दिया जावेगा बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। दिनांक 24/07/2026, स्थान उज्जैन

**मानमल दुग्गड़ अभिभाषक**
**1. युवराज लाइब्रेरी स्ट्रीट, छत्री चौक, उज्जैन**
**मो. 94250-91829**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमती लीला बनिहार पति श्री नगजीराम बनिहार निवासी ए-18/21, त्रिवेणी विहार, इन्दौर रोड उज्जैन (म.प्र.) 2- शिवनारायण बनिहारद पिता श्री नगजीराम बनिहार 3- ईश्वर बनिहार पिता श्री नगजीराम बनिहार निवासीगण 09, अर्पिता कॉलोनी, नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन क्रमांक ए-18/21 श्रेणी एम-2 का भाग दक्षिण दिशा का स्थित त्रिवेणी विहार आवासीय योजना, उज्जैन (म.प्र.) में है जिसका कुल क्षेत्रफल 67-50 वर्गमीटर है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त संपत्ति पर कोई व्यक्ति अपना हित व हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा। तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक 23/07/2026 उज्जैन

कार्यालय समय- सुबह 11-00 से 6-30 बजे तक

**अचिंतदास कुशवाह (एडव्होकेट)**
**पता सी-7, भरतपुरी शापिंग कॉपलेक्स, उज्जैन**
**मो. 9425092149, 9009304444**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 संजय गेहलोत पिता बोंदरसिंह निवासी 83 लक्ष्मीनगर कालोनी दो इमली चौक उज्जैन 2-श्री रामसिंह गेहलोत पिता जोगेन्द्र सिंह गेहलोत निवासी 39/50 देसाई नगर उज्जैन से उनके द्वारा मूल स्वामी श्रीमती कीर्ति यादव पति राम यादव जी निवासी 47 आनंद गंज की झिरी इंदौरगेट उज्जैन से कय अनुबंधित भूखण्ड क्रमांक 44 स्थित इन्द्रपुरी सेठीनगर के पास उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 1078 वर्गफीट को उनसे क्रय करने का सौदा किया होकर भूखण्ड बाबत टोकन राशि भी अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा करने जा रहे है एंव उक्त भूखंड के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार के हित मे करवाने जा रहे है। उक्त भूखंड पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूखंड किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखंड के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 24-07-2026, उज्जैन

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन**
**समय सुबह 11 से 06. बजे तक मो. 98277-92292**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सुमित तिवारी पिता श्री जीवनचन्द्र तिवारी निवासी- सी-1203 सीना बाय एसडी कॉर्प ठाकुर व्हिलेज समता नगर कांदिवली ईस्ट मुंबई के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 59 विवेकानंद कालोनी उज्जैन में स्थित है। उक्त संपत्ति को विक्रय किये जाने के लिये सुमित तिवारी ने अपना मुख्त्यारआम अमित तिवारी पिता जीवनचंद्र तिवारी को नियुक्त किया है उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध बहैसियत मुख्त्यारआम अमित पिता जीवनचंद्र तिवारी से मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 24/07/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन मो. 8839742938**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती सजनबाई पति श्री हीरा जी निवासी ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर- 55 रकबा 0.460 हेक्टयर ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित/होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सोदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है और शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक-24.07.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 9993079516-9425094349**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मकान नम्बर 367, एल.आई.जी. सेकण्ड, इन्द्रा नगर, उज्जैन क्षेत्रफल 97.50 वर्गमीटर श्रीमती शीला निगम पत्नि श्री रमेशचंद्रजी निगम के द्वारा मकान नम्बर 367, एल.आई.जी. सेकण्ड, इन्द्रा नगर, उज्जैन को मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल उज्जैन से 30 वर्ष के लिये लीज पर लिया गया था जिसका पंजीयन दस्तावेज क्रमांक 2083 तारीखी 14/08/2001 हैं व उसके बाद श्रीमती शीला निगम पत्नि श्री रमेशचंद्रजी निगम के द्वारा मकान नम्बर 367, एल.आई.जी. सेकण्ड, इन्द्रा नगर, उज्जैन को फ्रीहोल्ड जिसका पंजीयन दस्तावेज क्रमांक एमपी432022017ए1008498 तारीखी 09/01/2017 हैं व उसके बाद श्रीमती शीला निगम पत्नि श्री रमेशचंद्रजी निगम की मृत्यु दिनांक 03/06/2017 को हो गई व उनके उत्तराधिकारी 1. रमेशचंद्र पिता श्री कन्हैयालाल निगम 2. अभिषेक पिता श्री रमेशचंद्रजी निगम निवासीगण एल.आई.जी. 367, इन्द्रा नगर, उज्जैन होना बताते हैं, यदि स्वर्गीय श्रीमती शीला निगम पत्नि श्री रमेशचंद्रजी निगम का अन्य कोई उत्तरधिकारी हो जो उक्त मकान मे हित रखता हो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि 1 के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा वर्तमान स्वामी 1. रमेशचंद्र पिता श्री कन्हैयालाल निगम 2. अभिषेक पिता श्री रमेशचंद्रजी निगम मान्य किये जावेगे तथा एल.आई.सी. हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड उज्जैन के द्वारा उक्त मकान नम्बर 367, एल.आई.जी. सेकण्ड, इन्द्रा नगर, उज्जैन क्षेत्रफल 97.50 वर्गमीटर को बंधक कर दिया जावेगा बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

दिनांक 24/07/2026, स्थान उज्जैन

**मानमल दुग्गड़ अभिभाषक**
**1. युवराज लाइब्रेरी स्ट्रीट, छत्री चौक, उज्जैन**
**मो. 9425091829**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड के समक्ष चन्द्रशेखर वर्मा पिता स्वर्गीय श्री ताराचन्द जी वर्मा निवासी-72, वररूची मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 70 का पश्चिम दिशा वाला भाग, नया म्युनिसिपल क्रमांक 72/1 जिसका कुल क्षेत्रफल 58.63 वर्गफीट स्थित वररूची मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में छोटेलाल तिवारी का मकान, पश्चिम में फुटपाथ बाद 40.00 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर में-10.00 फीट की कॉमन गली एवं दक्षिण में सुशीला चम्पालाल जैन का मकान है, को बंधक कर ऋण सुविधा की मांग की है, उक्त संपत्ति को श्रीमती सुशीला बाई पति श्री ताराचन्द जी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 2216 दिनांक 29.09.1987 के द्वारा क्रय किया गया था तत्पश्चात उनका स्वर्गवास हो जाने पर उक्त भवन उनके पुत्र एवं पुत्री श्रीमती उमा गौड़ पति श्री सुंदरलाल जी, श्रीमती आशा भाटी पति श्री अशोक भाटी, विजय पिता श्री ताराचंद जी वर्मा, चन्द्रशेखर पिता श्री ताराचन्द जी वर्मा को उनके वैध वारिस एवं उत्तराधिकारी होने के नाते उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ, श्रीमती उमा गौड़ पति श्री सुंदरलाल जी, श्रीमती आशा भाटी पति श्री अशोक भाटी, विजय पिता श्री ताराचंद जी वर्मा द्वारा उक्त भवन में निहित अंश को पंजीकृत हक त्याग लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18842025 अ 100816086 दिनांक 11.09.2025 के द्वारा चन्द्रशेखर पिता श्री ताराचन्द जी वर्मा को हक त्याग कर दिया गया उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा वाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड द्वारा बधक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो।

दिनांक- 24.07.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग,फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827228461**

न्यूज-कॉलम

## मटन दुकान के पीछे जुआ खेलते 5गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ थाना अंतर्गत ेकी प्रभारी बुढा उपनिरीक्षक विकास गेहलोत की टीम ने मुखबिर की सूचना पर झार्डा रोड स्थित सलीम की मटन दुकान के पीछे दबिश दी। कार्रवाई के दौरान ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर अवैध जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में जसवंत सिंह निवासी बांसखेड़ी, मनोहर सिंह निवासी गर्रावद, पप्पू सोलंकी निवासी खड़पालिया, विक्रम सिंह निवासी बांसखेड़ी और सलीम निवासी बुढा शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते, 11 हजार 800 रुपये नकद, 5 एंड्रॉइड मोबाइल फोन तथा 4 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना नारायणगढ़ पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## स्कार्पियों से 465 किग्रा डोडाचूरा जब्त

**मंदसौर।** जिले की अफजलपुर थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करते समय एक स्कार्पियो गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। पुलिस वाहन को देखते ही चालक और उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा स्कार्पियो की तलाशी लेने पर उसमें 21 कट्टों में भरा कुल 465 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। जब्त डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 9 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने थाना अफजलपुर पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## केशव सत्संग भवन में 29 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**मन्दसौर।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर में आगामी 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का भव्य आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का मुख्य समारोह प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक परम पूज्यपाद 1008 स्वामी श्री संनिष्ठानंद जी महाराज एवं अन्य पूज्य संतों के गरिमामय सानिध्य में संपन्न होगा। इसी श्रृंखला में शिव महापुराण के गूढ़ रहस्यों पर आधारित आध्यात्मिक चातुर्मास सत्संग की शुरूआत भी की जा रही है, जिसमें श्रद्धालु प्रतिदिन प्रातः 8.30 से 10 बजे तक महाराज श्री के मुखारविंद से प्रवचनों का लाभ उठा सकेंगे। ट्रस्टी बंसीलाल टांक ने बताया कि यह चातुर्मास सत्संग 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 26 सितंबर तक अनवरत चलेगा।

## बस की टक्कर से पति की मौत, पत्नी घायल

**मंदसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र में बस की टक्कर से बाइक चालक की मृत्यु हो गई जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में बस नं. आरजे 17 पीए 1878 के अज्ञात चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के राठौर बालाजी सुवासरा पर 23 जुलाई की शाम करीब 7.50 बजे का है। पुलिस ने रिपोर्ट पर बहादुर (52) पिता मोतीलाल गुर्जर निवासी बर्डिया गुर्जर थाना सुवासरा ने की है कि घटना दिनांक को बस के अज्ञात चालक ने बस को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक चालक शंभूसिंह पिता रामसिंह गुर्जर निवासी धानड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में शंकरसिंह की मृत्यु हो गई एवं उसकी पत्नी राजूबाई घायल हो गई।

## रैगर समाज की विशेष बैठक रविवार को

**पिपलिया मंडी।** रैगर समाज के दो संयुक्त संगठनों–अखिल भारतीय रैगर महासभा (पंजी.) म.प्र. और गंगापुत्र रैगर महासंघ (पंजी.) मध्यप्रांत–की युवा मोर्चा इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विगत 12 जुलाई (रविवार) को टाउन हॉल, दशहरा मैदान में आयोजित भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन से रैगर समाज में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इसी आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज का आभार व्यक्त करने तथा कार्यक्रम का लेखा-जोखा (आय-व्यय) समाज के बीच रखने के उद्देश्य से एक विशेष बैठक आगामी 26 जुलाई को गांधी वाटिका में आयोजित की गई है।

# मंदसौर मेडिकल कॉलेज में सफल सुप्रा मेजर सर्जरी, 47 वर्षीय महिला को मिला नया जीवन

### अब बड़े शहरों के चक्कर काटने से मिलेगी राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय, मंदसौर में जनरल सर्जरी विभाग के चिकित्सकों की टीम ने एक अत्यंत जटिल एवं जीवनरक्षक सुप्रा मेजर सर्जरी (अबोव नी एम्प्युटेशन) सफलतापूर्वक संपन्न कर 47 वर्षीय महिला मरीज की जान बचाई है। डीन डॉ. शशि गांधी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मरीज लंबे समय से अनियंत्रित मधुमेह, गंभीर पेरीफेरल आर्टरी डिजीज तथा बाएं पैर में रक्त प्रवाह पूर्णतः बंद होने की समस्या से पीड़ित थीं। निजी अस्पतालों और अन्य शहरों के विशेषज्ञों द्वारा इलाज में असमर्थता जताए जाने के बाद परिजनों ने मरीज को मंदसौर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था।

अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद जनरल सर्जरी एवं मेडिसिन विभाग की टीम ने लगभग 10 दिनों तक मरीज का गहन उपचार किया। जांच में पाया गया कि पैर के ऊतकों में अपरिवर्तनीय नेक्रोसिस हो चुका था और यदि संक्रमित पैर को शरीर से अलग नहीं किया जाता तो संक्रमण पूरे शरीर में फैलकर सेप्सिस और मृत्यु का कारण बन सकता था। घुटने के नीचे स्वस्थ ऊतक न होने के कारण विशेषज्ञों ने अबोव नी एम्प्युटेशन को ही एकमात्र सुरक्षित विकल्प चुना। सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. ईशांत चौरसिया के नेतृत्व में डॉ. रमेश यादव, डॉ. मारिया खेड़ीवाला, डॉ. राहुल बिस्वास और डॉ. आकाश कुशवाह की टीम ने यह सफल ऑपरेशन किया, जिसमें मेडिसिन, अस्थि रोग तथा एनेस्थीसिया विभाग के चिकित्सकों का भी विशेष योगदान रहा। वर्तमान में मरीज की स्थिति पूरी तरह स्थिर है और वह संक्रमण मुक्त होकर स्वस्थ हो रही हैं।

जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. ईशांत चौरसिया ने बताया कि मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की स्थापना के बाद अब मंदसौर में आधुनिक तकनीकों के साथ जटिल और जीवनरक्षक शल्यक्रियाएँ नियमित रूप से की जा रही हैं, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

## कई वर्षों का इंतजार अब होगा खत्म, पदोन्नति से बढ़ेगा कार्य करने का मनोबल –महापौर

### नगर निगम के पदोन्नत 52 अधिकारी-कर्मचारियों को मिली पदोन्नति



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

नगर पालिक निगम रतलाम के 52 अधिकारी एवं कर्मचारी जो कि 30 वर्षो से पदोन्नति की बाट जोह रहे थे पदोन्नति मिलने पर नगर निगम सभागृह में स्वागत-सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, प्रभारी मंत्री विजय शाह, सांसद श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम परिषद व निगम आयुक्त अनिल भाना का आभार व्यक्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में पदोन्नत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, दिलीप गांधी, अक्षय संघवी, विशाल शर्मा, मनोहर लाल राजू सोनी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, नव नियुक्त एल्डरमेन हेमन्त राहौरी, नारायण सांकला आदि का स्वागत कर सम्मान किया व आभार माना।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान निगम परिषद नगर विकास के साथ ही निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के हित के कार्य भी तत्परता से कर रही है शासन निदेर्शानुसार निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को तय समय-सीमा में पदोन्नति का लाभ दिया गया है। निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी 30 वर्षो से पदोन्नति की बाट जोह रहे थे। पदोन्नति का लाभ वर्तमान में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ही सेवा निवृत्त हो चुके अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मिलेगा।

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास ने भी पृथक-पृथक सम्बोधित किया।



## बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने निराकरण के दिए निर्देश

**नीमच** – जिला कलेक्टर नीमच में बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कोई पात्र हितग्राही बीमा एवं शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे : कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति (डीएलसीसी) की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले का कोई भी पात्र हितग्राही बीमा एवं शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आवेदन भरवाकर तत्काल बैंकों को उपलब्ध कराएं, ताकि सभी पात्र व्यक्तियों का समय पर बीमा किया जा सके।

## दो प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहर के दो खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 9 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए तथा परिसर में कमियां पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-32 के अंतर्गत नोटिस जारी किए गए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शिकायत में उल्लेखित रतन स्वीट्स, तिलक मार्ग, नीमच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में मानव उपभोग के लिए रसगुल्ला, विभिन्न मिठाइयों सहित अन्य खाद्य पदार्थों का निर्माण, विक्रय एवं भंडारण पाया गया। टीम ने शिकायत में उल्लेखित रसगुल्ला के साथ घी, वनस्पति, मूंगफली तेल एवं जीरा सहित कुल 5 खाद्य नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए लिए। निरीक्षण के दौरान खाद्य परिसर में निर्धारित मानकों से संबंधित कमियां पाए जाने पर प्रतिष्ठान को धारा-32 के तहत नोटिस जारी किया गया।

## निलंबित सीएमएचओ और आउटसोर्सिंग कंपनी के भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच हो – पूर्व विधायक श्री सिसोदिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंह चौहान और आउटसोर्सिंग कंपनी की मिलीभगत से हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। श्री सिसौदिया ने कहा कि कलेक्टर की रिपोर्ट पर उज्जैन कमिश्नर द्वारा सीएमएचओ को निलंबित किया जाना उचित कदम है, लेकिन केवल निलंबन और कलेक्ट्रेट में अटैचमेंट ही काफी नहीं है, बल्कि अनाधिकृत रूप से वसूली गई मोटी



रकम की वापसी और दोषियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होना आवश्यक है। अपने पत्र में पूर्व विधायक ने आरोप लगाया है कि आउटसोर्सिंग एजेंसी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मिलकर भर्ती किए गए कर्मचारियों से भारी अवैध वसूली की है। इसके अलावा टेंडर प्रक्रिया को दो वर्षों तक रोके रखकर कंपनी को अनुचित लाभ पहुँचाया गया। उन्होंने शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं से अवैध वसूली, सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही तथा पात्र कर्मचारियों को दरकिनार कर मोटी रकम लेकर शासकीय आवासों के आवंटन जैसे गंभीर मामलों का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि इन अनियमितताओं से शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हुई है, इसलिए मामले में ऐसी नजीर पेश करने वाली कठोर कार्रवाई की जाए ताकि पीड़ित कर्मचारियों को न्याय मिल सके।

## पौधा रोपण हमारे जीवन व पर्यावरण को बचाने के लिए है आवश्यक – महापौर पटेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम।

रतलाम नगर को ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम बनाने हेतु अमृत हरित अभियान के तहत इस वर्षा ऋतु में वृहद पौधा रोपण किया जा रहा है जिसके तहत महापौर प्रहलाद पटेल ने वार्ड क्रमांक 29 स्थित खाचरौद रोड़ डिवाईडर व प्रताप नगर शिव मंदिर उद्यान में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, अक्षय संघवी, रामूभाई डाबी, क्षेत्रिय पार्षद परमानन्द योगी, पार्षदगण, एल्डरमेन व नागरिकों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण कर उन्हे सहेजने का संकल्प नागरिकों को दिलाया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि पौधा रोपण हमारे जीवन व पर्यावरण को बचाने के लिए आवश्यक है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते है व प्रदुषण को घटाते है और भू-जल स्तर को बढ़ाते है। हरियाली गर्मी को कम करती है और मौसम को सुहाना रखती है।

## रोजगार मेले में 149 युवाओं का पंजीयन, 62 का प्राथमिक चयन

**मन्दसौर।** शासकीय आईटीआई मंदसौर में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला व्यापार व उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले का शुभारंभ नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला रोजगार अधिकारी मुकेश मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में उपस्थित 10 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के माध्यम से 62 युवक-युवतियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। मेले में कुल 149 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था। कार्यक्रम के दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग, तथा जिला व्यापार व उद्योग केंद्र द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर युवाओं को शासन की विभिन्न स्वरोजगार व कौशल विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## भाजपा मंडल मल्हारगढ़ की कामकाजी बैठक बरुजना एवं लिम्बावास में संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

भारतीय जनता पार्टी शिर्ष नैत्रत्व के निदेर्शानुसार आज शक्ति केन्द्र की बैठक शक्ति केन्द्र के ग्राम बरुजना एवं लिम्बावास में पार्टी के पित्र पुरुष पंडित दिनदयाल उपाध्याय, व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व सभी कार्यकर्ताओं व अतिथि को डा. मुकेश मालवीय (मंडल उपाध्यक्ष) व शक्ति केन्द्र संयोजक द्वारा सभी को भारतीय जनता पार्टी का दुप्पटा पहनाकर सम्पन्न हुई।

शक्ति केन्द्र मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बाबुलाल डाका उपस्थित रहे। उद्बोधन में सर्व प्रथम डा. मुकेश मालवीय ने स्वागत भाषण व द्वितीय उद्बोधन में शक्ति केन्द्र पालक प्रभारी प्रकाश पोरवाल नें हर माह होने वाली शक्ति केन्द्र कि बैठक कि




दिनांक स्थान व अभी निरन्तर में दिल्ली में निट पेपर लिंक मामले में छात्रों के अलावा बाहरी लोगों ने जो अराजकता फैलाने कि कोशिश कि उस पर प्रकाश डाला, तीसरे उद्बोधन में मुख्य अतिथि बाबुलाल डाका ने भाजपा क्यु जरुरी है व भाजपा के विकास कार्यों को लेकर अपने विचार रखे, चौथे उद्बोधन में राजेश कुमार कारपेन्टर ने शक्ति केन्द्र व बुथ पर होनै वाले कार्यों, कार्यक्रम, मन की बात कार्यक्रम को संगठन एप किस तरह डाउनलोड करें व सौशल मिडिया पर किस प्रकार से भेजें को संक्षिप्त में बताया,

बैठक का संचालन शक्ति केंद्र संयोजक डॉ . मुकेश मालवीय के द्वारा व आभार बरूजना बुथ अध्यक्ष विक्रम पाटीदार ने माना । इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री शिवलाल पाटीदार (बाऊ) देवीलाल प्रजापत, राकेश पाटीदार जनपद सदस्य प्रतिनिधि, बुथ अध्यक्ष विक्रम पाटीदार बरुजना, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पद्म सिंह छोटी गुड़भेली, पदमसिंह आपुखेड़ी, बुथ अध्यक्ष शिवसिंह बोराना छोटी गुड़भेली, बुथ अध्यक्ष नेपाल सिंह शक्तावत मुन्देड़ी, सत्यनारायण पाटीदार, राधेश्याम पाटीदार बरुजना सहित सरपंच मांगीलाल पोरवाल, बाबुलाल डाका, प्रवीण सिंह, प्रकाश पोरवाल, डॉ. मुकेश मालवीय, राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया, देवीलाल प्रजापत, आदि उपस्थित थे।

न्यूज कालम



## इस्कॉन द्वारा आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा निकली

**नीमच।** क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री कृष्ण भक्ति केंद्र स्कान केंद्र द्वारा निकल गई श्री जगन्नाथ रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकली। शहर के मध्य माहेश्वरी समाज भवन से समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात रथ यात्रा प्रारंभ हुई। यह रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों खर्ची सिनेमा 40 कमल चौक बारादरी, नया बाजार से पुन माहेश्वरी भवन पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया और आरती उतारी। जय जगन्नाथ के जयघोष तथा हरिनाम संकीर्तन से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। रथयात्रा में विभिन्न संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बड़ौदा से आई हरिनाम संकीर्तन मंडली ने पूरे मार्ग मेंनृत्यसे भक्ति रस बिखेरा, जबकि जबलपुर और उज्जैन इस्कॉन से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। रथयात्रा के मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक अरोरा ने सेवाभाव के साथ आयोजन में सहभागिता कर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। समापन पर महेश्वरी भवन में महाआरती एवं विशाल जगन्नाथ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कमीशन कटौती के विरोध में मंदसौर के राशन विक्रेताओं का प्रदर्शन



**मन्दसौर।** मंदसौर जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालक, राशन विक्रेता और सेल्समैन शुक्रवार को अपनी मांगों और कमीशन राशि में लगातार हो रही कटौती के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर अदिति गर्ग के नाम अपर कलेक्टर एकता जायसवाल को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि समाधान न होने पर 1 अगस्त से जिलेभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। राशन विक्रेताओं ने बताया कि वर्ष 2024 में उन्हें प्रतिमाह 10,500 रुपये कमीशन मिलता था, जिसे 2025 में घटाकर 8,500 रुपये और वर्तमान में मात्र 5,514 रुपये कर दिया गया है। इतनी कम राशि में दुकान का बिजली बिल, गोदाम किराया, मोबाइल रिचार्ज, पीओएस मशीन संचालन और तुलावटी का वेतन निकालना असंभव हो गया है। संगठन के प्रतिनिधि हिम्मत डांगी ने प्रति क्विंटल कमीशन 90 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये करने, ई-केवाईसी का अलग भुगतान तथा तौल में कमी की भरपाई जैसी प्रमुख मांगें रखीं।

## काउंसलर डॉ. सेठिया ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दिए अनुशासन के सूत्र



**मन्दसौर।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं काउंसलर के रूप में डॉ. प्रमोद कुमार सेठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में संस्था के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार शर्मा ने अतिथि का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ रहने और सकारात्मक सोच अपनाने हेतु प्रेरित किया।मुख्य वक्ता डॉ. सेठिया ने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित करते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों और अनुशासित जीवन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में एक रास्ता बंद होने पर निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि ईश्वर हमारे लिए प्रगति के कई नए मार्ग खोलता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी विकास सोलंकी ने उपस्थित अतिथियों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित




**पिपलियामंडी।** मध्यप्रदेश पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पिपलियामंडी पुलिस ने नगर के प्रमुख चौराहे परथाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। स्कूली बच्चों ने नाटक के माध्यम से दिखाया कि गलत संगत किस तरह एक छात्र को नशे और फिर अपराध की ओर धकेल देती है। बच्चों ने नशे से दूर रहने का प्रभावी संदेश दिया। इस दौरान चौकी प्रभारी रितेश डामोर, पुलिसकर्मी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## गणेश देवली पर पानी निकास की समस्या से रहवासी चिंतित

**खाचरोद।** नगर के मध्य गणेश देवली पर पहली बरसात मे पानी जमा हो गया। वर्षों पुरानी समस्या का हल अभी तक नपा और प्रशासन नहीं निकाल पाया। पिछले वर्ष भी पानी ने दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ। सिर्फ खानापूर्ति की गई । समस्या का निराकरण करने का आश्वासन देकर पूरा साल निकाल दिया। अब बरसात प्रारम्भ हो चुकी है। रहवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है। लापरवाह प्रशासन को रहवासी कोष रहे है।

## नपा द्वारा एल्डर मेन का किया स्वागत सत्कार

**खाचरौद।** शासन द्वारा नगर पालिका परिषद खाचरौद में नियुक्त एल्डरमैन का आज 22 जुलाई को नगर पालिका सभागार में अध्यक्ष गोविन्द भरावा द्वारा स्वागत सत्कार किया तथा शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा ने बताया कि शासन द्वारा नगर पालिका में एल्डरमैन के रूप में विनोद चतुर्वेदी, संतोष राठौर, अर्जुन शर्मा, रामकिशन नागर एवं कमला डाबी ,राहुल मेहता, राधेश्याम बम्बोरिया, राजेन्द्र बबलू पण्ड्या सहित बड़ी संख्या में नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## अर्जुन शर्मा के एल्डरमैन नियुक्त होने पर हर्ष

**खाचरोद।** जनसंघ के समय से पार्टी के प्रति समर्पित वरिष्ठ अर्जुन शर्मा को नगरपालिका परिषद में शासन द्वारा एल्डरमैन नियुक्त किया गया। कई वर्षों से भाजपा पार्टी के पार्टी निस्वार्थ भाव से सेवा का परिणाम प्राप्त हुआ। इतने वर्षों में कई चुनाव आये गए पर पार्टी के प्रचार करने का अपना अलग ही अंदाज गोपू माइक से भाजपा पार्टी के लिए समर्पित रहे। वार्डवासी और रहवासिजनो द्वारा अर्जुन शर्मा का पुष्प मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई।

## आगर विधानसभा के टॉपर्स विद्यार्थियों का विधानसभा भ्रमण



**बडौद।** 22 जुलाई को मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से एवं विधायक मधु गहलोत के नेतृत्व में आगर विधानसभा के टॉपर्स बच्चों को जेब विधानसभा का भ्रमण कर विधानसभा कार्रवाई को देखा एवं समझा ' मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विधायक मधु गहलोत ने आगर विधानसभा के विद्यार्थियों के साथ सभा कक्ष में बैठकर नई शिक्षा नीति एवं शिक्षा के नवाचार पर सार्थक चर्चा की ' विधानसभा क्षेत्र के 45 विद्यार्थी एवं 10 शिक्षक का स्टाफ भ्रमण पर रहा।

## मंगल वरदाय चातुर्मास का मंगल प्रवेश 24 को

**महिदपुर।** सकल जैन श्री संघ में मंगल वरदाय चातुर्मास को लेकर हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। चातुर्मास के मंगल प्रवेश अवसर पर 24 जुलाई को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सकल जैन श्री संघ की नवकारसी से होगी। इसके पश्चात प्रातः 9.15 बजे श्री लाल मंदिर से भव्य प्रवेश जुलूस प्रारंभ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्री त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला पहुंचेगा।

श्रावण मास की तैयारियों में जुटा मनकामनेश्वर सेवा मंडल, चारों सोमवार होंगे विशेष आयोजन

# मंदिर परिसर में होंगे विकास कार्य, आकर्षक सजावट, विद्युत रोशनी व भगवान शिव का श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

आगामी 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाले पवित्र श्रावण मास को लेकर नगर के सिंचाई विभाग परिसर स्थित प्राचीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार देर रात श्री मनकामनेश्वर सेवा मंडल समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में श्रावण मास के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों, मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मनकामनेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष धनश्याम पुष्पद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस



वर्ष श्रावण मास को विशेष एवं भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। सावन के चारों सोमवार को भगवान मनकामनेश्वर महादेव का आकर्षक एवं मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी, फूलों की सजावट और साउंड सिस्टम से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण का अनुभव हो सके। सदस्य लखन भावसार, संजय चौहान व मनोज सोनी बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का निर्णय लिया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### विकास कार्यों में बढ़चढ़ भाग लेने की अपील

समिति अध्यक्ष घनश्याम पुष्पद ने नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों, समाजसेवियों एवं शिवभक्तों से मंदिर के विकास कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही मंदिर को और अधिक भव्य एवं सुविधायुक्त बनाया जा सकेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचेंगे और सभी के सहयोग से धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। बैठक में समिति के सदस्यों ने आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियों का भी विभाजन किया तथा श्रावण मास के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर भगवान मनकामनेश्वर महादेव के दर्शन एवं पूजन का लाभ लेने का आग्रह भी किया।

बैठक में मंदिर परिसर में जल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जनसहयोग से बोरवेल (नलकूप) खनन कराने की योजना बनाई गई। इसके अलावा मंदिर परिसर में अन्य आवश्यक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी जनसहयोग से कराए जाएंगे, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# म.प्र. बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन ने 2 अगस्त के महाआंदोलन की तैयारी की

### जनसंपर्क अभियान के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों को किया जा रहा संगठित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) द्वारा आगामी 2 अगस्त 2026 को भोपाल के अंबेडकर मैदान में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय महाआंदोलन की तैयारियां पूरे प्रदेश में तेजी से चल रही हैं। इसी को लेकर बड़नगर में भी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक, जनसंपर्क कर रहे हैं तथा पोस्टर, बैनर एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से आंदोलन को सफल बनाने का अभियान चला रहे हैं।

तहसील अध्यक्ष राम राठौड़ ने बताया कि संगठन द्वारा 2 अगस्त को अंबेडकर मैदान में विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी। इसके उपरांत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी अंबेडकर मैदान से



वल्लभ भवन तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी एवं उत्पादन कंपनी में वर्षों से कार्यरत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी बिजली व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें पर्याप्त वेतन, सेवा सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां उपलब्ध नहीं हैं। कर्मचारियों का वर्षों का अनुभव होने के बावजूद वे ठेकेदारी व्यवस्था के कारण असुरक्षा और शोषण का सामना कर रहे हैं। संगठन की प्रमुख मांग है कि मध्यप्रदेश सरकार हरियाणा की तर्ज पर 'मध्य प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी निगम/ मंडल/ आयोग' का गठन करे, जिसके माध्यम से समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती, सेवा प्रबंधन एवं निगरानी की व्यवस्था हो तथा निजी ठेकेदारों की मनमानी पर प्रभावी रोक लगे।

11 बीघा कृषि भूमि धोखाधड़ी कांड

# सवा माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ी आरोपी मानीबाई और एक अन्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल

नवादा क्षेत्र की करीब 11 बीघा विवादित कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री और धोखाधड़ी के बहुचर्चित मामले में उन्हेल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले में लंबे समय से फरार चल रही मुख्य आरोपीय मानीबाई पति मांगीलाल सहित राकेश निवासी उज्जैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुख्य आरोपीय मानीबाई को उज्जैन की छोटी मायापुरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया । जबकि दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया । आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब फर्जी दस्तावेज तैयार कराने से लेकर भूमि की रजिस्ट्री करने तक पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुड़ गई। पुलिस के अनुसार नवादा क्षेत्र में सर्वे नंबर 318 की करीब 11 बीघा पुश्तैनी कृषि भूमि को लेकर विवाद सामने आया था। किसान कैलाश पिता लक्ष्मण और अर्जुन पिता रामलाल ने 19 अप्रैल को पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि पर कुछ दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों ने आशंका जताई थी कि उनकी भूमि की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई जा सकती है शिकायत मिलने के बाद उन्हेल पुलिस ने मामले की जांच शुरू की मामले में 11 जून को प्रकरण दर्ज किया था।

क्षेत्रवासियों और अभिभावकों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि साप्ताहिक हाट बाजार के दिन यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए विशेष पुलिस बल या सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं। सर्विस रोड से फुटकर दुकानों को हटाकर उन्हें किसी निर्धारित खुले स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।



## साध्वी अमृतरसा श्री जी म.सा का हुआ मंगल प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

**महिदपुर रोड।** प पू साध्वी श्री अमृतरसा श्री जी मसा आदि ठाणा 3 का मंगल प्रवेश हुआ बैंड ढोल नगाड़े ताशा पार्टी के साथ रथ में नेमिनाथ गुरुदेव राजेंद्र सूरी जी व अन्य के चित्र प्रतिमाएं रथ में विराजित कर शोभायात्रा में शामिल किया गया जावरा महिला परिषद का मधुर बैंड सहित इंदौर खाचरौद जावरा महिदपुर आलोट महिदपुर रोड की महिलाएं एक समान वेशभूषा में शामिल हुई समाज जनों सहित पोरवाल, सिख, माहेश्वरी,ब्राह्मण , राजपूत, विश्वकर्मा व अन्य समाजों द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया कार्यक्रम स्थल पहुंचकर धर्म सभा हुई अतिथि के रूप में विधायक दिनेश जैन बोस , परिषद एवं श्री संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने गुरुदेव के चित्र पर दीप प्रजलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथि स्वागत चातुर्मास समिति ने किया।

वीडियो वायरल, कांग्रेस नेता सहित तीन लोगों द्वारा युवक से मारपीट

# गाली-गलौज और चप्पलों से मारपीट का आरोप, तीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर के मोड़ी जोड़ क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुसनेर पुलिस ने कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री निजामुद्दीन मंसूरी सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित युवक ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, हेमराज पिता कनीराम मालवीय (19 वर्ष) ने बताया कि 15 जुलाई को दोपहर करीब 4 बजे आरोपित उसके घर पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर घुस गए। वहां उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की गई और विरोध करने पर मारपीट की गई। शिकायत में जातिसूचक गालियां देने का आरोप भी लगाया गया है।

घटना के बाद जब हेमराज अपने पिता के कार्यस्थल पर पहुंचा तो वहां भी उसके साथ मारपीट किए जाने और दोबारा वहां आने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में पहले युवक के साथ गाली-गलौज होती दिखाई देती है। इसके बाद एक व्यक्ति, जिसे शिकायत में निजामुद्दीन मंसूरी बताया गया है, युवक के साथ लात-घूंसों और चप्पलों से मारपीट करता नजर आता है। हालांकि, वीडियो की प्रामाणिकता और उसमें दिखाई दे रहे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि पुलिस द्वारा अभी नहीं की गई है और इसकी जांच जारी है।

### इनका कहना

शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

अक्षय सिंह बेस
थाना प्रभारी सुसनेर

## बरूखेडी के निर्माणाधीन कार्यों का जनपद पंचायत सीईओ ने किया अवलोकन

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

जनपद सीईओ उपायुक्त डॉ.मारीषा शिंदे के ग्राम पंचायत बरुखेड़ी में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरक्षण किया गया तथा ग्राम पंचायत द्वारा कराये जा रहे कार्य की प्रशंसा की एवं आवश्यक निर्देश दिये डॉक्टर शिंदे ने माध्यमिक विद्यालय व मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री अंकिता चौहान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी कमल पाटीदार, उपयंत्री संदीप आंजना सरपंच प्रतिनिधि भरत जाट, रामलाल सांकला, जगन्नाथ सांकला, कैलाश चन्द्र चौहान, पप्पूलाल सेन, आशा कार्यकर्ता रामकन्या राठौर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुसुम सांखला, आदि उपस्थित थे सरपंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने डॉक्टर शिंदे का प्रथम ग्राम पंचायत आगमन पर स्वागत किया जानकारी पंचायत सचिव नौशाद नूर मंसूरी द्वारा दी गई।

## सारंगपुर के कैलाश सोलंकी बने देवदूतः

**सारंगपुर।** मानवता और निस्वार्थ सेवा की एक मिसाल बुधवार को देखने को मिली, जहाँ एक जरूरतमंद मासूम बच्ची वंदना भिलाला की जान बचाने के लिए सारंगपुर एक युवक ने मिसाल कायम कर दी। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल शाजापुर में भर्ती एक बच्ची को गंभीर रूप से खून की कमी (एनेमिया) हो गई थी। परिजनों ने जब ब्लड बैंक से खून की व्यवस्था करने की कोशिश की, तो वहां खून उपलब्ध नहीं हो सका।

## भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। जिला अध्यक्ष तूफान शर्मा ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का 72 वां स्थापना दिवस कृषि मंडी में भारतीय मजदूर संघ तराना इकाई के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन कर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। भारतीय मजदूर संघ के संबंधित संगठन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ,अतिथि शिक्षक संघ, तुलावटी हम्माल संघ, मध्याह्न भोजन स्व-सहायता समूह, आशा उषा संघ के सभी कार्यकर्ता को भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जिवन पर प्रकाश डालकर उन्होंने किस उद्देश्य से संगठन का गठन किया गया था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश चन्द रावल भारतीय किसान संघ द्वारा बताया गया जब श्रमिक क्षेत्र में सशक्त नैतृत्व की आवश्यकता थी तब भारतीय मजदूर संघ की स्थापना एक विशेष विचार के साथ भोपाल मध्यप्रदेश में 1955 में की गई।

# पं. चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपा व भाजयुमो ने प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मां भारती के वीर सपूत, अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बड़नगर (नगर) एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उज्जैन (ग्रामीण) के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय आजाद चौक स्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर आजाद जी के बलिदान को याद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता राजेश शोभावत ने पंडित चंद्रशेखर आजाद के जीवन चरित्र, संघर्षों और देश की आजादी में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आजाद जी के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, वरिष्ठ पार्षदगण मधुसूदन गुर्जर, महेश सेन, राजकुमारी निम्बोला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऊषा सोनी,



अंकित दवे, मांगीलाल हारोड़, विजय मेहता, आनंद अनावड़िया, अंकित पटीदी, आदित्य सिंह राणावत, राहुल शर्मा स्वतंत्र, कमल सिरवी, गौरव राठौड़, दीपक बरनासिया, नमन छाजेड़, विनीता वर्मा, नवीन यादव, लाला सरसोदिया, विकास यादव, सुजल भाटी, धीरज सरसोदिया, शुभम ओसतवाल एवं दीपक सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा व भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन नगर महामंत्री अंकित त्रिवेदी ने किया एवं अंत में आभार भाजयुमो जिला महामंत्री विनायक कोठारी द्वारा माना गया।

जब आधी आबादी को हक देने और सत्ता-संगठन में बराबर की भागीदारी की बात आती है, तो क्या महिलाओं की भूमिका सिर्फ कागजी वादों और आरक्षित वार्डों तक ही सीमित होकर रह जाएगी।

चार महिलाओं एवं निकायो की बात करें तो ब्यावरा नपा में सुनिता विश्वकर्मा, नरसिंहगढ़ नपा में शीला खत्री को एल्डमैन बनाया है जबकि सारंगपुर एवं राजगढ़ नपा में एक भी महिला को मौका नहीं मिला है। इसके अलावा नगर पंचायतों की बात करें तो सुठालिया में माधवी परमार और माचलपुर में रेखा बंसल को नियुक्त किया है। जबकि अन्य आठ नगर पंचायत पचोर, तलेन, बोड़ा, कुरावर, खुजनेर,



## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया विभिन्न विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बुधवार को विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध, अनुशासित एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। कार्यालयीन व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने आवश्यक प्रशासनिक निर्देश प्रदान किए। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूपेंद्र सिंह सांकला, ललित विश्वकर्मा एवं सतीश शर्मा अनुपस्थित पाए गए। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही स्थापना शाखा के लिपिक को कार्यालयीन कार्यप्रणाली में सुधार लाने एवं अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए कथित अत्याचार के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**महिदपुर।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुए कथित अत्याचार के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने छात्रों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया। यह प्रदर्शन उज्जैन जिला कांग्रेस कमेटी महेश परमार के निर्देशानुसार क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के मार्गदर्शन में एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश बगाना एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग के नेतृत्व में निकाला गया । प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा छात्रों के समर्थन में धरना देने तथा उन्हें हिरासत में लिए जाने के विरोध में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। इसी क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालकर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर कार्यकर्ताओं ने छात्रों के समर्थन में तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाना चाहिए।

## नगर परिषद के सफाई कर्मियों को वितरित किए गए रेनकोट



**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर में कार्यरत स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मियों को बारिश के मौसम में कार्य के दौरान सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेनकोट वितरित किए गए। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने सफाई कर्मियों को रेनकोट प्रदान करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर मौसम में शहर की स्वच्छता बनाए रखने वाले सफाई कर्मियों की सुरक्षा और सुविधा नगर परिषद की प्राथमिकता है। रेनकोट वितरण कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, एल्डरमैन अंशुल जैन, दूल्हे सिंह गुर्जर, बबलू लोहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सफाई कर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## सामाजिक संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सरपंच पाटीदार का किया सम्मान



**महिदपुर रोड।** ग्राम पंचायत की सरपंच ऋतु पाटीदार द्वारा गाँव हित में विभिन्न जन हितैषी देसी कल्याणकारी कार्य किए जाने पर उनका बुधवार को पाटीदार निवास पर पहुंच कर विभिन्न संस्थाओं समाजों के प्रमुखों पत्रकारों तथा जन प्रतिनिधियों ने सम्मान किया। अपने सम्मान के अवसर पर सरपंच ऋतु सत्यनारायण पाटीदार ने कहा गांव के प्रथम नागरिक होने के नाते आप सभी की सेवा करना आपको अधिक सदैव शासकीय योजनाओं को लाभ दिलाना मेरा प्रथम दायित्व है नगर के विकास में आप सभी की समान भागीदारी है आप सभी का मार्गदर्शन और सहयोग मुझे हमेशा प्राप्त हुआ है।

## नपा कर्मचारियों के खाते में राशि जमा

**खाचरौद।** नगर पालिका कर्मचारियों के खाते में 1 करोड़ 35 लाख रुपये EPS एवं NPS के जमा। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि कर्मचारियों के EPS एवं NPS के पैसे कर्मचारियों के खाते में जमा नहीं हुए हैं, इस बाबत कर्मचारी संघ अध्यक्ष शिवसिंह रघुवंशी द्वारा उक्त मामला मेरे संज्ञान में लाया था। जैसे ही हमे पता चला कि कर्मचारियों की राशि जमा की जाना हैं। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, मुख्य नपा अधिकारी रवि गुप्ता, पार्षद दशरथ वाकतारिया, राकेश राठौर, जय जायसवाल, सूर्यप्रकाश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, राहुल मेहता, राधेश्याम बम्बोरिया, संजय नंदेड़ा, बाबू नगर, राजेन्द्र बबलू पण्ड्या सहित बड़ी संख्या में नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में आभार कर्मचारी संघ अध्यक्ष शिवसिंह रघुवंशी ने माना।

## न.पा. सीमा क्षेत्र में रिषद उद्यान लगावें

**महिदपुर।** नगरपालिका सीमा क्षेत्र के अंतर्गत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले महिलाएं, पुरुष व बच्चों के स्वस्थ जीवन व आमोद प्रमोद व टहलने हेतु तथा पर्यावरण हेतु शासन व नगरपालिका को आम नागरिकों को राहत व सुख सुविधा देने हेतु नगर की सीमाओं के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में उद्यान व बच्चों के लिये विभिन्न मनोरंजन व खेलकूद के सामान लगाने हेतु दृढ़ इच्छाशक्ति से कार्य कर आम जनता की भावना को समझना नितांत जरूरी है। उक्त मांग प्रदेश अशोक नवलखा ने म.प्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कलेक्टर उज्जैन से आम जनता के स्वास्थ्य व जनहित में कारगर कदम उठाने की अपील कर मांग की है।








# क्या बच्चों को जरूरत से ज्यादा सुरक्षा देना उन्हें कमजोर बना सकता है...?

आज के समय में माता-पिता अपने बच्चों को लेकर पहले से कहीं ज्यादा सतर्क और चिंतित नजर आते हैं। बदलती दुनिया, बढ़ते क्राइम, सोशल मीडिया का असर और पढ़ाई का दबाव, इन सबके बीच पैरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा हर खतरे से दूर रहे। इसी सोच में कई माता-पिता बच्चों के हर कदम पर नजर रखने लगते हैं। क्या पहनना है, किससे दोस्ती करनी है, कौन सा खेल खेलना है, यहां तक कि क्या सोचना है, हर फैसले में पैरेंट्स का कंट्रोल बढ़ता चला जाता है। शुरूआत में यह सब प्यार और सुरक्षा जैसा लगता है, लेकिन क्या यह जरूरत से ज्यादा सुरक्षा बच्चों के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है?



## ओवरप्रोटेक्टिव पैरेंटिंग में बच्चे को गलती करने या असफल होने का अनुभव नहीं मिलता

जब माता-पिता बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से जरूरी आजादी नहीं देते, हर फैसले में हस्तक्षेप करते हैं और गलती करने का मौका नहीं देते, तो इसे ओवरप्रोटेक्टिव पैरेंटिंग कहा जाता है। इसमें बच्चे की सुरक्षा के नाम पर उसकी फ्रीडम, आत्मनिर्भरता और अनुभव लेने की क्षमता सीमित हो जाती है। जरूरत से ज्यादा सुरक्षा बच्चों के आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है।

जब बच्चा खुद फैसले नहीं ले पाता, तो उसे अपने ऊपर भरोसा करना नहीं आता। धीरे-धीरे उसे लगने लगता है कि वह कुछ भी अकेले नहीं कर सकता। डॉक्टर बताते हैं कि ऐसे बच्चे बड़े होकर भी दूसरों की मंजूरी पर निर्भर रहते हैं और नए चैलेंज लेने से डरते हैं। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ओवरप्रोटेक्टिव माहौल बच्चों में एंग्जायटी और डर को बढ़ा सकता है। जब माता-पिता हर समय खतरे की चेतावनी देते रहते हैं, जैसे गिर जाओगे, फेल हो जाओगे, बीमार पड़ जाओगे, तो बच्चा दुनिया को असुरक्षित मानने लगता है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



## झटपट बॉलीवुड

- रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर आज रिलीज होने वाला था, लेकिन छात्र आंदोलनों के बीच इसे टाल दिया गया है। अब इसे पहली झलक के रूप में हॉलीवुड फिल्म स्पाइडर-मैन 4 के साथ30 जुलाई को दिखाए जाने की योजना है। रणबीर ने कहा कि भगवान राम का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा और इसके लिए उन्होंने काफी लंबे समय तक तैयारी की। यश ने भी उनकी कास्टिंग का समर्थन किया है।
- मानुषी छिल्लर ने बताया कि उन्हें पेपर लीक के कारण ठएएळ दोबारा देना पड़ा था, और वे भी छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन कर रही हैं।
- राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार', जो सरकारी वकील उज्ज्वल निकम के जीवन पर आधारित बताई जा रही है, उसकी रिलीज आगे बढ़ा दी गई है।
- संगीतकार अमाल मालिक ने संगीत इंडस्ट्री में गीतों के क्रेडिट और रीमेक को लेकर तनीष्क बागची पर सार्वजनिक रूप से गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसकी काफी चर्चा हो रही है।



# बच्चों को बनाना है स्मार्ट और कॉन्फीडेंट, तो अपनाएं ये टिप्स

कॉन्फिडेंट बच्चे खुद के लिए निर्णय लेने में जरा भी देर नहीं लगाते। बच्चों के डेवलपमेंट में उनके पेरेंट्स का पूरा हाथ होता है। अपने बच्चों के लिए खुद को अच्छा रोल मॉडल बनाकर उनका कॉन्फिडेंस बढ़ाने में मदद करना हम पेरेंट्स का ही तो काम है।

### हमेशा पॉजिटिव रहें

किसी भी तरह की सफलता के पीछे हमारी पॉजिटिविटी का ही हाथ होता है। ऐसे में अपने बच्चों को हमेशा सकारात्मक बने रहने की प्रेरणा दें और उनके सकारात्मक कार्यों के असफल होने पर भी उन्हें प्रोत्साहित करें और बताएं कि हार और जीत जिंदगी का ही हिस्सा है और इससे सीख लेना चाहिए।

### उनके विचारों को समझने में मदद करें

बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके अंदर आत्म-निरीक्षण की भावना पैदा करनी चाहिए। इसके लिए हमें उनके विचारों और शक्तियों को समझने में मदद करनी होगी। इसके लिए आप उन्हें ॐ मंत्र का जाप करना सिखाएं और साथ में मेडिटेशन भी।

### ईश्वर क्या है ये बताएं

बच्चों को अपने जीवन मूल्यों को समझने और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाने के लिए सबसे पहले ईश्वर क्या है ये जरूर बताएं। ईश्वर की शक्ति और उन पर विश्वास की भावना को जगाएं।

### आध्यात्म से परिचय कराएं

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को और भी अधिक लचीला बनाए रखने के लिए उनका आध्यात्मिक विकास जरूरी है। इससे बच्चों में विचार शक्ति का विकास होता है, जो उन्हें सही-गलत में अंतर को समझने में मदद करता है, जिससे उनमें निर्णय लेने की शक्ति का विकास होता है।

### बच्चों तुम अपना बेस्ट दो

बच्चों में अपना बेस्ट करने की भावना को प्रोत्साहित करें। उन्हें बताएं कि वह जो कर रहे हैं, उसमें अपना सर्वोच्च दें। सफलता मिलेगी या नहीं इसकी चिंता न करें। जीवन में हर चीज के लिए तैयार रहे और जो भी कर रहे हो उसे सफलता में बदलकर ही दम लो।




# पैरा पावरलिफ्टिंग में भारत को नहीं मिला मेडल: अशोक चौथे स्थान पर रहे

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो



ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के दूसरे दिन पैरा पावरलिफ्टिंग के पहले मेडल इवेंट में भारत पदक से चूक गया। पुरुष लाइटवेट वर्ग में नौ बार के राष्ट्रीय चैंपियन अशोक कुमार मलिक चौथे, जबकि परमजीत कुमार सातवें स्थान पर रहे।

पैरा स्विमिंग के पुरुष 100 मीटर फ्रीस्टाइल र13 वर्ग में कार्तिक (आरवीवीबीके) बुडिगिना और अली इमाम ने फाइनल में जगह बनाई। स्टार तैराक श्रीहरि नटराज भी पुरुष 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंच गए। महिला लाइटवेट वर्ग में जसप्रीत कौर ने पहले प्रयास में 98 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की सबसे बड़ी सफल लिफ्ट रही। इस लिफ्ट के साथ उन्होंने 91.6 अंक हासिल किए और ग्रुप-बी में शुरूआती बढ़त बना ली। इसके बाद सुमन देवी ग्रुप-ए में चुनौती पेश करेंगी।।

पुरुष लाइटवेट फाइनल में अशोक कुमार मलिक ने पहली कोशिश में 195 किलोग्राम वजन उठाया। दूसरी कोशिश में उन्होंने 200 किलोग्राम की पर्सनल बेस्ट लिफ्ट सफलतापूर्वक पूरी और 143.8 अंक हासिल किए। तीसरी कोशिश में 205 किलोग्राम उठाने में असफल रहे और चौथे स्थान पर रहे।

परमजीत कुमार ने पहली कोशिश में 176 किलोग्राम वजन उठाकर 135.6 अंक हासिल किए। इसके बाद दूसरी और तीसरी दोनों कोशिशों में 179 किलोग्राम उठाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों बार असफल रहे। वह सातवें स्थान पर रहे।

पुरुष लाइटवेट वर्ग में इंग्लैंड के मार्क स्वान और नाइजीरिया के रोलैंड एज़ुरुइके ने 153.9 अंक हासिल किए, जबकि मलेशिया के बॉनी गस्टिन 153.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अशोक 143.8 अंक के साथ चौथे स्थान पर रह गए। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स में पैरेलल बार के बाद योगेश्वर सिंह दूसरे और तपन मोहंती चौथे स्थान पर चल रहे हैं। दूसरी ओर, लॉन बॉल्स महिला पेयर्स मुकाबले में रूपा रानी तिर्की और पिंकी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एंड के बाद 3-0 की बढ़त बना ली।

# एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट इवेंट का शेड्यूल जारी



एजेंसी ▸▸ नागोया

एशियन गेम्स 2026 के लिए क्रिकेट टूनामेंट के ड्रॉ और ग्रुप गुरुवार को घोषित कर दिए गए। भारतीय मेंस और विमेंस टीमों ने सीधे नॉकआउट (क्वार्टर फाइनल) में जगह बना ली है। इस बार क्रिकेट टूनामेंट के सभी मुकाबले जापान के नागोया में टी-20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे।

विमेंस क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन 17 से 22 सितंबर तक किया जाएगा। इसके बाद मेंस क्रिकेट टूनामेंट 24 सितंबर से शुरू होगा और 1 अक्टूबर तक चलेगा। 2026 एशियन गेम्स के मेंस क्रिकेट टूनामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है। वहीं, अफगानिस्तान, हॉन्गकॉन्ग, जापान, मलेशिया, नेपाल और ओमान की टीमें प्रीलिमिनरी राउंड में खेलेंगी।

## क्रिकेटर आकाशदीप, मुकेश कुमार बने डीएसपी

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लेवल पर मेडल जीतने वाले 19 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी का जॉइनिंग लेटर दिया। इनमें भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप और मुकेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक और एथलेटिक्स खिलाड़ी पीयूष राज को पुलिस अवर निरीक्षक पद पर नियुक्ति दी गई। वहीं आकाशदीप और मुकेश कुमार ने पैर छूकर मुख्यमंत्री से आशीर्वाद लिया। ऊर्जा ऑडिटोरियम में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टेस्ट मैच भारत में कराने पर विचार

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के CEO टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा है कि भविष्य में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच भारत में टेस्ट मैच कराने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में क्रिकेट के लिए बड़े मौके हैं, हालांकि फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है। ग्रीनबर्ग ने कहा, हमें सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ECB और BCCI दोनों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं। भारत में क्रिकेट का नया कंटेंट ले जाने के मौके हैं। अभी ऐसी कोई योजना नहीं है, लेकिन भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट क्रिकेट मजबूत स्थिति में है और इसे आगे बढ़ाना जरूरी है।

# वैभव ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▸▸ पटना



भारत ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हरा दिया। जिम्बाब्वे के हरारे ग्राउंड में खेले गए मैच में वैभव सूर्यवंशी इंटरनेशनल में फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

मुकाबले में इंटरेस्टिंग मोमेंट्स भी आए। सूर्यवंशी ने फिफ्टी लगाने के बाद अपनी मां के नाम का पहला लेटर अ का साइन बनाया। उनकी मां का नाम आरती सूर्यवंशी है। सूर्यवंशी इंटरनेशनल में फिफ्टी लगाने वाले दुनिया के यंगेस्ट प्लेयर बन गए। उन्होंने 15 साल 118 दिन की उम्र में फिफ्टी लगाई। वे फुल मेंबर देशों में ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन ने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ 16 साल 213 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था।

सूर्यवंशी ने ओवरऑल इंटरनेशनल क्रिकेट में नेपाल के कुशल मल्ला का रिकॉर्ड तोड़ा। मल्ला ने 2020 में अमेरिका के खिलाफ वनडे में 15 साल 340 दिन की उम्र में फिफ्टी लगाई थी। सूर्यवंशी 15 साल 118 दिन की उम्र में टी-20 में फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने जिब्राल्टर के लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ा। लुई ने माल्टा के खिलाफ 16 साल 56 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था। विदेश में सबसे ज्यादा भारतीयों ने टी-20 डेब्यू जिम्बाब्वे में किया है। अशोक शर्मा जिम्बाब्वे में टी-20 डेब्यू करने वाले 23वें भारतीय बने। ओवरऑल भारत में ही सबसे ज्यादा इंडियंस ने टी-20 डेब्यू किया है। देश में 31 भारतीय टी-20 डेब्यू कर चुके हैं।

भारत ने 40 गेंद रहते 126 रन का टारगेट हासिल कर लिया। 120 से ज्यादा के टारगेट में भारत का यह चौथा सबसे तेज रनचेज है। टीम ने इसी साल न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे तेज रनचेज किया था। तब भारत ने 154 रन का टारगेट 60 गेंद बाकी रहते हासिल किया था।

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए। नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### सूने मकान का ताला तोड़कर मंदिर में रखा चांदी का सामान भी ले गए चोर

**इंदौर।** इंदौर के तिलकनगर थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात सामने आई है। बदमाश घर से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और सिक्के चुराकर फरार हो गए। घटना का पता तब चला, जब परिवार गुरुवार को वापस लौटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्राइड पैलेस अपार्टमेंट, गोयल नगर निवासी अमरेश कुमार मिश्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ निजी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान 10 जुलाई से 24 जुलाई के बीच अज्ञात चोरों ने घर में वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर की अलमारी में रखे चांदी का इत्रदान, चांदी की प्लेट, तीन चांदी की अंगूठियां, दो जोड़ी चांदी की पायल, चांदी की सिंदूरदानी, दो जोड़ी सोने की बालियां और नकदी चोरी कर ली। बच्चों के गुल्लक में रखे खुले पैसे भी बदमाश अपने साथ ले गए। परिवार के मुताबिक, बदमाशों ने घर के मंदिर में रखा चांदी का सामान भी चोरी कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### शेयर मार्केट में 30 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर कारोबारी से 33.50 लाख ठग लिए

**इंदौर।** शेयर मार्केट में निवेश पर 30 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से 33.50 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने कारोबारी को वॉट्सएप मैसेज के जरिए संपर्क किया और उसे एक ग्रुप में जोड़कर अलग-अलग खातों में निवेश करवाया। कई महीने तक मुनाफा नहीं मिलने पर जब कारोबारी ने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे ग्रुप से बाहर कर मोबाइल बंद कर लिए। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक, कारोबारी वीरेन्द्र वर्मा ने शिकायत में बताया कि मई 2025 में उसके पास व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया था। इसमें शेयर मार्केट में निवेश करने पर 30 प्रतिशत तक मुनाफा देने का दावा किया गया था। इसके बाद उसे मार्गन एंजल नाम के ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में गोकुल नाम का व्यक्ति एडमिन था।

### इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन ने पकड़ी गति, सिग्नलिंग कार्य लगभग हुआ पूरा

**इंदौर।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के तहत निर्माणाधीन इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना पर कार्य तेज गति से जारी है। परियोजना के तहत रेल परिचालन की संरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे सिग्नलिंग कार्य का 95 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूरे किए जा चुके हैं। शेष कार्य भी निर्धारित समयसीमा के अनुसार तेजी से पूरा किया जा रहा है। इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन के पीथमपुर टनल, पीथमपुर-सागौर, सागौर-गुणावद एवं गुणावद-धार रेल खंडों में सिग्नलिंग सिस्टम स्थापित करने का कार्य अंतिम चरण में है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार पीथमपुर, सागौर, गुणावद एवं धार स्टेशनों पर सिग्नलिंग व्यवस्था से जुड़े रिले कक्ष, आइपीएस कक्ष, केबल हट, बैटरी कक्ष सहित अन्य आवश्यक संरचनाओं का निर्माण एवं स्थापना कार्य लगभग पूरा होने की ओर है।

### इंदौर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एनेस्थीसिया इंजेक्शन खत्म

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत संचालित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में आवश्यक एनेस्थीसिया दवाओं की कमी के कारण हार्ट, न्यूरो, कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों के ऑपरेशन प्रभावित हो रहे हैं। अस्पताल में एनेस्थीसिया के लिए उपयोग होने वाले प्रमुख इंजेक्शन खत्म होने से कई मरीजों की सर्जरी टालनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार अस्पताल में बुपिवाकेन हेवी, ग्लाइकोपाइरोलेट और मायोपाइरोलेट इंजेक्शन का स्टॉक समाप्त हो गया है। इन दवाओं के अभाव में डॉक्टरों को कई निर्धारित ऑपरेशन स्थगित करने पड़ रहे हैं। इसका सबसे अधिक असर उन मरीजों पर पड़ रहा है, जो लंबे समय से सर्जरी की तारीख का इंतजार कर रहे थे। दूर-दराज के जिलों से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भी अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यक दवाओं की मांग लगातार सेंट्रल स्टोर को भेजी जा रही है, लेकिन जरूरत के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो रही है। आवश्यक दवाओं की मांग लगातार सेंट्रल स्टोर को भेजी जा रही है, लेकिन जरूरत के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो रही है।

### अस्पताल परिसर में 108 एंबुलेंस में लगी आग अंदर खाना खा रहे तीन कर्मचारी सुरक्षित

**झाबुआ।** आलीराजपुर के महाराजा स्व. सुरेंद्र सिंह जिला अस्पताल परिसर में खड़ी 108 आपातकालीन सेवा की एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। घटना में वाहन के भीतर खाना खा रहे तीन कर्मचारी बाल-बाल बच गए। आग से एंबुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एंबुलेंस में आग लगने के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए हलचल मच गई। वाहन के अंदर मौजूद तीनों कर्मचारियों ने तुरंत दरवाजा खोलकर सुरक्षित बाहर निकल गए। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और एंबुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना तत्काल नगर पालिका को दी गई। नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, दमकल के पहुंचने से पहले ही एंबुलेंस पूरी तरह जल चुकी थी। 108 एंबुलेंस मैनेजर ने बताया कि वाहन में आग लगने के कारणों की तकनीकी और उच्च स्तर पर जांच की जाएगी।

### पटवारी से मिलीभगत कर 60 बीघा जमीन हड़पी, कलेक्टर से की शिकायत

**झाबुआ।** झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील स्थित कसारबर्डी गांव में करोड़ों रुपए की पुश्तैनी जमीन के फर्जी बंटवारे और क्रय-विक्रय का मामला सामने आया है। रतलाम जिले के मउ की बारी निवासी पीड़ित परिवारों ने झाबुआ कलेक्टर को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों के अनुसार, वर्ष 2019 में परिवार के सदस्यों ने ही स्थानीय पटवारी और अधिकारियों से मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए और संयुक्त स्वामित्व वाली पुश्तैनी जमीन अपने नाम करा ली। प्रार्थीगण के गांव से बाहर रहने के कारण उन्हें इसका पता नहीं चला। जब जमीन पर तार फेंसिंग का कार्य शुरू हुआ, तब धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। शिकायत के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम में कुल 60 बीघा भूमि प्रभावित हुई है। इसमें से मुख्य रूप से सर्वे नंबर 145 की करीब 10 बीघा बेशकीमती जमीन अन्य लोगों को करोड़ों रुपये में बेची जा चुकी है। पीड़ितों ने मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की गुहार लगाई है।

### नाना देवी मंदिर के ताले तोड़ डेढ़ किलो से ज्यादा चांदी के आभूषण चुरा लिए

**धार।** धार जिले के अमझेरा नगर में स्थित प्राचीन नाना देवी मंदिर में गुरुवार-शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से चांदी का मुकुट, कुंडल, छत्र, नाग-नागिन का चांदी का जोड़ा, पीतल की मूर्तियां और एक एलईडी टीवी सहित लाखों रुपये का सामान चुरा ले गए। घटना का पता शुक्रवार सुबह तब चला जब मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश पाठक नियमित पूजा के लिए पहुंचे। उन्होंने मंदिर के ताले टूटे और सामान गायब देखकर तत्काल समाज के पदाधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। खबर फैलते ही कुमरावत तंबोली समाज के बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंच गए और घटना पर नाराजगी व्यक्त की। समाजजनों के अनुसार, चोरी हुए चांदी के आभूषणों का वजन लगभग डेढ़ किलो से अधिक है। बदमाशों ने मंदिर के बाहर लगे दो दरवाजों और गर्भगृह के दो दरवाजों के ताले तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया। फरियादी कांतिलाल मोदी ने अमझेरा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी राजू मकवाना तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा भी नाना देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को जल्द खुलासे के निर्देश दिए। डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

---

ट्रैफिक जाम से मिली राहत, सीएम बोले- सिंहस्थ-2028 की यातायात व्यवस्था होगी आसान

# इंदौर में डबल लेयर फ्लाईओवर की पहली लेन शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश को गुरुवार को अपना पहला डबल लेयर फ्लाईओवर मिल गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के लवकुश चौराहा स्थित 175 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित डबल लेयर फ्लाईओवर की पहली भुजा का लोकार्पण किया। इसके साथ ही अरविंदो क्षेत्र से बाणगंगा की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन शुरू हो गया।

मुख्यमंत्री ने इसे आधुनिक इंजीनियरिंग और विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह परियोजना सिंहस्थ-2028 के दौरान इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर और विकास एक-दूसरे के पर्याय हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश और देश में तेजी से अधोसंरचना का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर से यात्रा का समय कम होगा, ईंधन की बचत होगी, ट्रैफिक जाम से राहत



मिलेगी और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था है। पहले स्तर पर लवकुश चौराहे का सामान्य यातायात संचालित होगा, दूसरे स्तर पर वर्तमान फ्लाईओवर और मेट्रो रेल कॉरिडोर रहेगा, जबकि तीसरे स्तर पर नया डबल लेयर फ्लाईओवर तैयार किया गया है। इससे चौराहे पर वाहनों का दबाव काफी कम होगा और निर्बाध यातायात संभव हो सकेगा।

### 1450 मीटर लंबा, 800 टन स्टील से तैयार

इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित यह फ्लाईओवर लगभग 1450 मीटर लंबा है। इसके निर्माण में 22 मीटर की ऊंचाई पर 65 मीटर लंबे और 24 मीटर चौड़े स्पान पर दो-दो 400 टन वजनी स्टील बो-स्ट्रिंग गर्डर लगाए गए हैं। कुल 800 टन स्टील संरचना का उपयोग इस परियोजना को प्रदेश की प्रमुख इंजीनियरिंग उपलब्धियों में शामिल करता है।

### दूसरी भुजा का काम अंतिम चरण में

फिलहाल फ्लाईओवर की एक भुजा आम यातायात के लिए खोल दी गई है, जिससे अरविंदो से बाणगंगा की ओर वाहन चलना शुरू हो गए हैं। दूसरी भुजा का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है और इसके पूरा होते ही दोनों दिशाओं में यातायात पूरी तरह सुचारु हो जाएगा।

**सिंहस्थ और शहर के भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार परियोजना-** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाईओवर केवल वर्तमान ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सिंहस्थ-2028 के दौरान इंदौर और उज्जैन के बीच श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ेगी, ऐसे में यह परियोजना यातायात प्रबंधन में महत्वपूर्ण साबित होगी। साथ ही यह इंदौर के आधुनिक शहरी विकास की नई पहचान बनेगी।

**यूसीसी में सभी के लिए समान कानूनी व्यवस्था होगी-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समान नागरिक संहिता को लेकर कहा कि इसके लागू होने के बाद विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और पारिवारिक मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य संविधान की मूल भावना के अनुरूप सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना है।

---

प्रतियोगी परीक्षा में पेपर लीक के खिलाफ प्रदेश कई शहरों में प्रदर्शन

## इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर दिल्ली जैसे हालात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और दिल्ली में स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज के विरोध में मध्य प्रदेश के कई शहरों में प्रदर्शन जारी हैं। इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर युवा धरने पर बैठे हैं। बारिश भी इनका जोश ठंडा नहीं कर पा रही है। इनका कहना है कि परीक्षा में पारदर्शिता और पेपर लीक के जिम्मेदारों पर कार्रवाई होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

बड़वानी में प्रदर्शनकारी प्लास्टिक शीट से अस्थायी शेड बनाकर उसके नीचे बैठे हैं। वे मंच पर संविधान की कॉपी और महापुरुषों की तस्वीरों को रखकर विरोध जता रहे हैं। इनकी तीन प्रमुख मांगों में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराना और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शामिल हैं।




- श्योपुर में समस्त छात्र शक्ति के बैनर तले बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने पीजी कॉलेज से रैली निकाली। वे चार किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां करीब दो घंटे तक धरना देकर नारेबाजी की। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा।
- बैतूल के अंबेडकर चौक पर युवाओं ने प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। ऑडिटोरियम में छात्रों की क्रमिक भूख हड़ताल भी जारी है।
- सिंगरौली जिले के बैढ़न में अंबेडकर चौराहे पर सर्व समाज के लोगों ने धरना दिया। इसमें कांग्रेस नेता भी शामिल रहे। आयोजक बबलू सिंह ने कहा- दिल्ली में जिस तरह से निहत्थे छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज किया गया, ये पुलिस की बर्बरता है। उन्होंने अपनी पहचान छिपाकर निहत्थे छात्रों को लाठियां मारीं।
- भिंड जिले के लहार में छात्रों और युवाओं ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। एसडीएम महेंद्र सिंह सौजन्या को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।
- टीकमगढ़ के पलेरा में युवाओं ने निकाली रैली, प्रधान का इस्तीफा मांगा।
- इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर धरना दे रहे युवा ढोलक और मंजीरा के साथ नारेबाजी कर रहे हैं।
- शाजापुर में रैली निकालकर जताया विरोध, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।
- सतना में पुलिस से भिड़े कांग्रेस- एनएसयूआई कार्यकर्ता, गाड़ियों में तोड़फोड़ की।
- सीधी के चुरहट में युवा कांग्रेस ने निकाली रैली, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।
- रतलाम में एनएसयूआई का धरना, केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा।
- रीवा में बीजेपी दफ्तर घेरने निकले एनएसयूआई कार्यकर्ता, पुलिस ने हिरासत में लिया।
- बैतूल में अंबेडकर चौक पर धरना, ऑडिटोरियम में क्रमिक भूख हड़ताल।
- उमरिया में कांग्रेस का प्रदर्शन, धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफे की मांग।

---

खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 208 किलो संदिग्ध घी जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों के साथ ही स्कूलों की मेस और कैंटीनों में अमानक खाद्य सामग्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 17 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए, जबकि लगभग 1.35 लाख रुपये मूल्य का 208 किलोग्राम संदिग्ध घी जब्त किया गया।

संयुक्त जांच दल ने हिम्मतनगर पालदा स्थित श्रीनाथ एजेंसी का निरीक्षण किया। यहां लस्सी और छाछ निर्माण इकाई से दोनों उत्पादों के नमूने जांच के लिए लिए गए।

अभिषेक नगर, मूसाखेड़ी स्थित नानकसर डेयरी फार्म से



पनीर, मावा, दही और घी के नमूने लिए गए। जांच के दौरान 208 किलोग्राम संदिग्ध घी जब्त किया गया। संबंधित फर्म को सुधार सूचना पत्र जारी किया जाएगा।

राऊ स्थित श्री भोले कृपा डेयरी से भी दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने लिए गए। वहीं फूड सेफ्टी आन व्हील्स के माध्यम से राऊ क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की स्पाट टेस्टिंग कर व्यापारियों और आमजन को मिलावट की पहचान, स्वच्छता और सुरक्षित भंडारण के संबंध में जागरूक किया गया।

---

अनोखी बारात का वीडियो हो रहा वायरल

## बारिश के दौरान निकली बारात दूल्हे के साथ केवल चार लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक अनोखी बारात का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो कब का है यह अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। मगर ये वीडियो चर्चा का विषय बन गया है। इस बारात का ये वीडियो राजमोहल्ला चौराहे के समीप का बताया जा रहा है। बारात राजमोहल्ला चौराहे से मालगंज की तरफ जा रही है। बारिश के दौरान निकली इस बारात में दूल्हे के साथ केवल चार लोग नजर आ रहे हैं, जिसमें दो ढोलक वाले, तीसरा घोड़ी वाला और चौथा बारिश में दूल्हे के ऊपर छाता लेकर चलने वाला। इस बारात का वीडियो सोशल मीडिया पर वारयल हो रहा है। राजमोहल्ला इलाके में निकली बारात में डीजे की गाड़ी पर पल पल ना माने टिंकू जीया गाना बज रहा है। डीजे की गाड़ी के पीछे दो ढोलक वाले सहित चार लोग मौजूद हैं और दूल्हा घोड़ी पर बैठा हुआ है। बाकी पूरी बारात में कोई भी नहीं है। ना ही यार-दोस्त ना ही कोई रिश्तेदार इस बारात में नजर आ रहा है।

---

## मंत्री विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों को जेल

### जांच में सामने आया स्टूडेंट्स के प्रदर्शन में की थी अपील, सोशल मीडिया से पुलिस को मिली जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में दंपती ने अपनी गलती भी मानी। साथ ही ये बात भी सामने आई है कि इन्होंने टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के प्रदर्शन में भी मंत्री के यहां प्रदर्शन में चलने की अपील की थी।

बुधवार दोपहर को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के



बाहर प्रहलाद पाण्डेय और उनकी पत्नी संगीता प्रदर्शन करने पहुंचे थे। हाथों में संविधान लेकर वे यहां पहुंचे। हालांकि उनके प्रदर्शन की जानकारी पुलिस को एक घंटे पहले मिली। जिसके बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आई और उनके घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया।

### दोनों ही पहुंचे, कोई साथ नहीं आया

इधर, परदेशीपुरा पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि दोनों दंपती ही यहां प्रदर्शन करने आए। उन्होंने कुछ लोगों से मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील भी की थी। सोशल मीडिया पर मैसेज भी चलाए थे, इसके अलावा पुलिस पूछताछ में ये बात भी सामने आई कि इन्होंने टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के धरना प्रदर्शन में भी उनके साथ मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी। मगर उनका साथ देने कोई भी नहीं आया।

---

## भोजशाला के पास नमाज की जगह पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमपी के धार भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। प्रशासन और मुस्लिम याचिकाकर्ताओं की ओर से नमाज की जगह को लेकर पक्ष रखा गया।

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, सरकारी तंत्र और दोनों समुदायों के प्रतिनिधि आपस में बातचीत कर रहे हैं। वे मिलकर एक उपयुक्त स्थान तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इस मामले की सुनवाई मंगलवार या बुधवार को सूचीबद्ध की जाए। मुस्लिम पक्षकारों की ओर से सीनियर एडवोकेट हुजैफा अहमदी ने कहा- मैंने इस मामले का सबसे पहले बुधवार को उल्लेख किया था और अदालत को बताया था कि हम पहले ही लगातार दो जुमे की नमाज से वंचित रह चुके हैं। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आवेदन के लिए मंगलवार (29 जुलाई) की तारीख तय की है। बता दें, कोर्ट ने 22 जुलाई को प्रशासन से भोजशाला परिसर के पास ही नमाज के लिए जमीन देने को कहा था। सीनियर एडवोकेट हुजैफा अहमदी ने कहा हम पहले ही लगातार दो जुमे की नमाज से वंचित रह चुके हैं। आपकी लॉर्डशिप के आदेश के बावजूद प्रशासन न तो परिसर से सटी हुई और न ही आसपास कोई वैकल्पिक जगह उपलब्ध करा रहा है।

---

## कैमरों की पकड़ से बचने की कोशिश बाइक की नंबर प्लेट मोड़ रहे चालक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ट्रैफिक नियमों का पालन करने के बजाय इंदौर में कई वाहन चालक अब ई-चालान से बचने के नए तरीके अपना रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के बीच बाइक की पिछली नंबर प्लेट को जानबूझकर नीचे या पीछे की ओर मोड़ने का चलन बढ़ गया है। इसका मकसद चौराहों पर लगे हाई-रिजोल्यूशन कैमरों से वाहन का नंबर छिपाना है, ताकि नियम तोड़ने पर भी ई-चालान जारी न हो सके।

शहर के कई प्रमुख चौराहों पर ऐसे वाहन बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं, जिनकी पिछली नंबर प्लेट मुड़ी हुई है। इससे नंबर का एक या अधिक अंक कैमरे की नजर से छिप जाता है। कैमरे में वाहन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन नंबर प्लेट पूरी तरह पढ़ी नहीं जा पाती। ऐसे में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) वाहन की सही पहचान नहीं कर पाता और ई-चालान जनरेट होने में दिक्कत आती है। जानकारी के मुताबिक यह तरीका सबसे ज्यादा रेड सिग्नल जंप करने, बिना हेलमेट वाहन चलाने और ओवरस्पीडिंग करने वाले चालक अपना रहे हैं। नंबर प्लेट को इस तरह मोड़ा जाता है कि सामान्य रूप से देखने पर ज्यादा अंतर नजर नहीं आता, लेकिन कैमरे के एंगल से नंबर पढ़ना मुश्किल हो जाता है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नंबर प्लेट के साथ इस तरह की छेड़छाड़ भी नियमों का उल्लंघन है। यदि जांच के दौरान वाहन की नंबर प्लेट जानबूझकर मुड़ी हुई या अस्पष्ट पाई जाती है तो संबंधित वाहन चालक के खिलाफ अलग से कार्रवाई की जा सकती है।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com